नई दिल्ली

**सोमवार, 10 नवंबर 2025**

मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी+षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 207
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 24
न्यून. 09

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


### 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों के लिए 45339 मतदान केंद्र बनाएं गए

# बिहार: चुनाव प्रचार थमा, दूसरे चरण के लिए कल 122 सीटों पर होगा मतदान

4109 बूथों संवेदनशील और 4003 अतिसंविदनशील बूथ घोषित

14 नवंबर को आएंगे चुनावी नतीजे, एनडीए और महागठबंधन में मुकाबला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए रविवार शाम को चुनाव प्रचार थम गया। मतदान मंगलवार 11 नवंबर को होगा। दूसरे और अंतिम चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। इसके लिए 45339 मतदान केंद्र बनाएं गए हैं। इनमें से 4109 बूथों को संवेदनशील बनाया गया है। इसमें 4003 अतिसंविदनशील बूथ घोषित हैं।


मतदान की तैयारियों का जायजा लेते प्रशासनिक अधिकारी


रंगोली में उकेरा मतदान का चिन्ह

यहां पर चार बजे तक मतदान होगा। ज्ञात हो कि पहले चरण के लिए 6 नवंबर को वोटिंग हुई थी, जिसमें रिकॉर्ड 65 फीसदी मतदान हुआ था। दूसरे चरण के लिए वोटिंग 11 नवंबर को होगी, जिसमें 1302 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद होगी और 14 नवंबर को चुनावी परिणाम सामने आएगा। दूसरे चरण में पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, गया, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कहा, पूरे बिहार में एक ही मूड, 14 तारीख को ठगबंधन का सफाया होने वाला है

## जरा से चूके तो बिहार में जंगलराज फिर लौट आएगा, लालटेन वालों को आने मत देना: शाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बिहार के अरवल में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और राजद के 'महागठबंधन' को गठबंधन को 'ठगबंधन' बताया। अमित शाह ने बिहार चुनाव के बाद 'ठगबंधन' के सफाया करने का दावा किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने पूरे बिहार में एक ही मूड देखा है कि 14 तारीख को ठगबंधन का सफाया होने वाला है। पहले चरण के चुनाव में 'लालू की पार्टी का सूपड़ा साफ' होने का दावा करते हुए शाह ने मतदाताओं को चेतावनी दी, 'जरा सी भी गलती हुई तो जंगलराज फिर लौट आएगा। लालटेन वालों को बिहार में आने मत देना, वरना आगे बढ़ रहा बिहार फिर से जंगलराज से तहस-नहस हो जाएगा।' उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर घुसपैठियों के तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। शाह ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी को बिहार से ज्यादा बांग्लादेश से आए घुसपैठियों की चिंता है। शाह ने कहा कि एक जमाने में बिहार नक्सलवाद से ग्रस्त था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार को इससे मुक्त किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और नीतीश कुमार ने अब यहां से ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### 12 सीटों पर उपचुनाव के लिए भाजपा ने सूची जारी की उम्मीदवारों की



■ प्रदेश भाजपा ने दिल्ली नगर निगम चुनाव पर किया मंथन

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** दिल्ली नगर निगम उपचुनाव को लेकर दिल्ली भाजपा ने भी रविवार रात को अपने 12 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सूची जारी करते हुए कहा कि पार्टी ने ऐसे कार्यकर्ताओं को मौका दिया है, जो लंबे समय से संगठन और जनता के बीच सक्रिय रहे हैं। जारी सूची के अनुसार, भाजपा ने मुण्डका वार्ड (संख्या 35) से जयपाल सिंह दराल (चीनी प्रधान) को प्रत्याशी बनाया है। वहीं अनीता जैन को शालीमार बाग-बी (वार्ड 56) से मैदान में उतारा गया है। अशोक विहार (वार्ड 65) से वीना असीजा, चांदनी चौक (वार्ड 74) से सुमन कुमार गुप्ता और चांदनी महल (वार्ड 76) से सुनील शर्मा को उम्मीदवार घोषित किया गया है। द्वारका-बी (वार्ड 120) से मनीषा राजपाल सहरावत, विचाऊ कलां (वार्ड 128) से रेखा रानी, नारायणा (वार्ड 139) से डॉ. चन्द्रकान्ता शिवानी, दक्षिणपुरी (वार्ड 164) से रोहिणी राज, संगम विहार-ए (वार्ड 163) से शुभ्रजीत गौतम, ग्रेटर कैलाश (वार्ड 173) से अंजुम मंडल, और विनोद नगर (वार्ड 198) से सरला चौधरी को टिकट दिया गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि ये सभी उम्मीदवार अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर जनहित के कार्यों में सक्रिय रहे हैं। पार्टी को उम्मीद है कि इन उम्मीदवारों के माध्यम से जनता का भरोसा एक बार फिर भाजपा के पक्ष में जाएगा।

### 'संघ यात्रा के 100 साल: नए क्षितिज' नाम की दो दिन की व्याख्यानमाला का शुभारंभ

### संघ पर उठे सवालों का संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने दिया एक-एक करके जवाब

# आरएसएस 'बॉडी ऑफ इंडिविजुअल्स' इसलिए, हमें पंजीकरण की जरूरत नहीं


डॉ. मोहन भागवत

*डॉ. भागवत ने कहा मुस्लिम हों, ईसाई हों या किसी भी पंथ के लोग हों, सबका स्वागत है, लेकिन शाखा में आने के बाद सब 'भारत माता के बेटे' माने जाते हैं*

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को कांग्रेस नेताओं के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि संघ को व्यक्तियों के समूह के रूप में मान्यता प्राप्त है और इसका पंजीकरण कराना जरूरी नहीं है।

भागवत ने एक सवाल-जवाब सत्र में कहा आरएसएस की स्थापना 1925 में हुई थी। क्या आप उम्मीद करते हैं कि हम ब्रिटिश सरकार के साथ पंजीकृत होते? उन्होंने बताया कि आजादी के बाद भारत सरकार ने ऐसे संगठनों के लिए पंजीकरण को अनिवार्य नहीं बनाया है। भागवत ने कहा हम 'बॉडी ▶▶ शेष पेज 5 पर

**डॉ. भागवत कांग्रेस की आलोचना पर बोले- हम तिरंगे का सदैव सम्मान करते हैं**


संघ प्रमुख ने बेंगलुरु में दो दिवसीय व्याख्यानमाला को संबोधित किया

***हम पर तीन बार प्रतिबंध लगाया गया। अगर हम होते ही नहीं, तो सरकार ने किस पर प्रतिबंध लगाया था?***

***कई चीजें हैं जो पंजीकृत नहीं होतीं, यहां तक कि हिंदू धर्म भी पंजीकृत नहीं है***

### संघ में आने वालों की जाति या धर्म नहीं पूछा जाता

डॉ. भागवत से पूछा गया कि क्या मुसलमानों को संघ में शामिल होने की अनुमति है, तो उन्होंने कहा संघ में किसी ब्राह्मण, किसी दूसरी जाति, किसी मुस्लिम या ईसाई को अलग से नहीं लिया जाता। संघ में केवल हिंदू समाज के सदस्य आते हैं। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि संघ में आने वाले व्यक्ति अपनी अलग पहचान घर पर छोड़कर आते हैं। डॉ. भागवत ने कहा मुस्लिम हों, ईसाई हों या किसी भी पंथ के लोग सबका स्वागत है। लेकिन शाखा में आने के बाद सब भारत माता के बेटे माने जाते हैं। भागवत ने बताया कि शाखा में आने वाले लोगों से उनकी जाति या धर्म नहीं पूछा जाता। उन्होंने जोड़ा हम यह नहीं गिनते कि कौन किस जाति या धर्म से है। हमारे लिए सब भारत माता के सपूत हैं। यही संघ की कार्यप्रणाली है।

#### पाकिस्तान को तब तक समझाना होगा जब तक वह न बदले

पाकिस्तान के बारे में पूछे जाने पर डॉ. भागवत ने कहा कि वे मानते हैं कि कभी-कभी पाकिस्तान को वह भाषा समझानी पड़ती है जो वह समझे। उनका मानना है कि बार-बार कोशिशों का जवाब देना चाहिए ताकि उसे समझ आए और वह शांतिप्रिय पड़ोसी बने। उन्होंने कहा कि असल इच्छा यही है कि दोनों देशों की प्रगति हो और क्षेत्र में शांति कायम रहे। भारत लड़ाई शुरू नहीं करेगा, लेकिन शांति भंग करने वालों को बिना सजा के नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ शांति का रास्ता यह है कि हम अपनी तरफ से शांति भंग न करें, लेकिन अगर पाकिस्तान उस शांति को भंग करना चाहता है, तो वह कभी सफल नहीं होगा। वह जितनी ज़्यादा कोशिश करेगा, उतना ही अधिक नुकसान उसे होगा। उन्होंने याद दिलाया कि पाकिस्तान ने 1971 में हमला किया था और भारत के हाथों अपनी 90,000 सैनिकों की पूरी सेना खो दी थी।

### हरियाणा के मुख्यमंत्री ने बगाह में किया रोड शो बड़ी जीत का किया दावा

## बिहार में कायम रहेगा सुशासन का दौर, एनडीए के पक्ष में जबरदस्त उत्साह: नायब सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को बिहार के बगाह विधानसभा क्षेत्र में एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में भव्य चुनावी रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार की जनता में एनडीए के प्रति जबरदस्त उत्साह है और जनता आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर एनडीए की सरकार चुनने जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार जनकल्याण और विकास के नए आयाम गढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने, युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने और विकास को नई दिशा देने के लिए एनडीए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शासन, पारदर्शिता और जवाबदेही प्रशासन की नीति को ध्यान में रखते हुए बिहार की जनता इस बार भी एनडीए को चुनाव में कामयाबी दिलाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार ने हमेशा सुशासन को प्राथमिकता दी है। एनडीए सरकार ने प्रदेश में विकास की गति तेज की, कानून का राज कायम किया और बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए पर भरोसा जताकर उसे शासन का अवसर दिया और आज उसके परिणाम सबके सामने हैं। विकास हो रहा है, सुरक्षा और स्थिरता का माहौल है। उन्होंने कहा कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने से राज्य को ट्रिपल इंजन की ताकत मिलेगी, जिससे विकास और तेजी से होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे एनडीए गठबंधन को सफल बनाएं और सुशासन की इस यात्रा को निरंतर बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि जनता अपने आशीर्वाद से एनडीए को फिर से जनादेश देगी और बिहार को विकास के नए पथ पर आगे बढ़ाएगी।

### ईपीएफओ ने खत्म कर दिया झंझट

## नौकरी बदलते ही नए अकाउंट में ट्रांसफर हो जाएगा पीएफ का पैसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




नौकरी बदलते ही पीएफ ट्रांसफर का झंझट अब खत्म होने जा रहा है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने नया ऑटोमैटिक ट्रांसफर सिस्टम शुरू किया है, जो 2025 से पूरी तरह लागू हो जाएगा। इसका मतलब यह है कि जब भी कोई कर्मचारी नई नौकरी जॉइन करेगा, उसका पुराना पीएफ बैलेंस अपने आप नए एम्प्लॉयर के अकाउंट में ट्रांसफर हो जाएगा। अब न तो किसी फॉर्म की जरूरत होगी, न पुराने ऑफिस के चक्कर लगाने पड़ेंगे। पहले सिस्टम में कर्मचारियों को फॉर्म-13 भरना होता था। पुराने और नए दोनों एम्प्लॉयर से वेरिफिकेशन की प्रक्रिया के बाद ही पैसा ट्रांसफर होता था। इस पूरे काम में 1 से 2 महीने लग जाते थे, और कई बार क्लेम रिजेक्ट भी हो जाता था। ईपीएफओ ▶▶ शेष पेज 5 पर

## कपिल के कैफे पर फायरिंग तीन को कनाडा से निकाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कनाडा में मशहूर कमेडियन कपिल शर्मा के कैफे कैप्स कैफे पर फायरिंग करने वाले तीन आरोपियों को कनाडा सरकार ने डिपार्ट करने के आदेश जारी कर दिए हैं। अभी इनकी शिनाख्त नहीं बताई गई है, लेकिन तीनों के तार पंजाब से जुड़े हैं। यह कार्रवाई द कनाडा बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी (सीबीएसए) की तरफ से की गई है। एजेंसी ने ब्रिटिश कोलंबिया में पंजाबी मूल के व्यवसाय मालिकों को निशाना बनाकर चल रहे जबरन वसूली नेटवर्क से जुड़े एक जांच के बाद तीन भारतीय नागरिकों को निर्वासित कर दिया है। 7 नवंबर को घोषित ये निर्वासन, बीसी एक्सटॉर्शन टास्क फोर्स के तहत किया गया पहला निर्वासन है, जो सीबीएसए, आरसीएमपी और स्थानीय पुलिस एजेंसियों का एक संयुक्त अभियान है। 40 सदस्यीय टास्क फोर्स ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधान न्यायाधीश

## सीजेआई बोले-कानूनी सहायता केवल दान नहीं, नैतिक कर्तव्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने रविवार को कहा कि कानूनी सहायता महज परोपकार का कार्य नहीं है, बल्कि एक नैतिक कर्तव्य है और कानूनी सहायता अभियान में लगे लोगों को प्रशासनिक कल्पना के साथ अपनी भूमिका निभानी चाहिए। राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह और 'कानूनी सेवा दिवस' के मौके पर सीजेआई गवई ने नीति नियोजन में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए क्रमशः नालसा और एसएलएसए में एक सलाहकार समिति के गठन का सुझाव दिया। जिसमें वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष और दो या तीन भावी कार्यकारी प्रमुख शामिल हों। उन्होंने कहा, साथ ही, कानूनी सहायता अभियान में शामिल सभी लोगों को, चाहे वे अधिकारी हों, प्रशासक हों या स्वयंसेवक, अपनी भूमिका को प्रशासनिक कल्पना के साथ निभाना चाहिए। कानूनी सहायता केवल परोपकार का कार्य नहीं, बल्कि एक नैतिक कर्तव्य है। यह शासन की एक कवायद है, यह सुनिश्चित करने की कि कानून का शासन हमारे देश के हर कोने तक फैले। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें न्याय के प्रशासकों की तरह सोचना चाहिए, योजना बनानी चाहिए, समन्वय करना चाहिए और नवाचार करना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि खर्च किया गया प्रत्येक रुपया, किया गया ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पंजाब में शुरु हुई कड़ाके के ठंड

## हरियाणा में शिमला जैसी ठंड, ऊटी में जमी ओस,कई राज्यों में दिखने लगा सर्दी का सितम

■ बिहार में भी दिखा ठंड का असर, कई राज्यों में सर्दी बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



हिमालय की घाटियों पर हुई ताजा बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में नजर आने लगा है। पहाड़ों से आने वाली ठंडी हवा सीधे मैदानी इलाकों में पहुंच रही है, जिससे ठंड का एहसास होने लगा है। हरियाणा की अगर बात करें तो यहां पर शिमला जैसी ठंड पड़ रही है। शनिवार को हिसार और महेंद्रगढ़ में न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का सबसे कम तापमान है। रात का तापमान 7 से 10 डिग्री तक रहने की संभावना जताई गई है और हल्के बादल भी छाए रह सकते हैं। पंजाब में भी कड़ाके की ठंड शुरु हो गई हैं। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रिया के बाद नवंबर की शुरुआत से तापमान में लगातार गिरावट आ रही है, जिसकी वजह से रात और सुबह की ठंड में इजाफा हुआ है। वहीं, इस साल ला नीना का प्रभाव भी ठंड बढ़ने का कारण रहा है। पंजाब में तापमान गिरने के पीछे इसे एक कारण माना जा रहा है। इसका असर दिसंबर में उत्तर भारत में दिखाई देता है। बिहार में तेज पछुआ हवाओं से सुबह और शाम की ठंड बढ़ गई है। पछुआ हवा के सीजन से पहले आने की वजह से इस साल अधिक ठंड पड़ने की ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों को पढ़ाया संघर्ष और एकजुटता का पाठ

देरी से पहुंचे पर राहुल ने सजा स्वरूप लगाए 10 पुशअप

*राहुल ने जिलाध्यक्षों के साथ मार्शल आर्ट की पोशाक पहनकर उनको फिटनेस और फोकस पर आधारित 30 मिनट का अभ्यास कराया*

## जो जिलाध्यक्ष बैठक में देरी से पहुंचा, राहुल ने उससे 10 पुशअप लगवाए, राव बोले- हमारे यहां यही सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल से दिल्ली रवाना होने से पहले राहुल गांधी ने पचमढ़ी में कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' के तहत जिलाध्यक्षों के साथ विशेष सत्र किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी ने संगठन को मजबूती देने का स्पष्ट रोडमैप दिया है।

उन्होंने हर जिलाध्यक्ष को जमीन पर उतरकर जनता के साथ जुड़ने का मंत्र दिया है। जिलाध्यक्षों के बैठक में देरी से आने पर सजा के ▶▶ शेष पेज 5 पर

**जीतू पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी ने संगठन को मजबूती देने का स्पष्ट रोडमैप दिया**



राहुल गांधी पचमढ़ी में। सुबह उन्होंने जंगल सफारी का आनंद लिया।

#### 2028 का लक्ष्य, हर जिले में हो मजबूती

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस कई जगह बेहद मामूली अंतर से चुनाव हारी है और इसे बदलने के लिए संगठन को एकजुट होकर हर घर तक पहुंचना होगा। उन्होंने कहा निराश होने की जरूरत नहीं है, मेहनत की जरूरत है। खुद के लिए नहीं, संगठन के लिए काम कीजिए। 2028 में कांग्रेस सरकार बनाना हमारा साझा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उसी सोच को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**गिरोगे, लेकिन फिर उठकर लड़ना ही जीत की कुंजी**

*पचमढ़ी में राहुल गांधी ने एक बार फिर वोट चोरी का मुद्दा उठाया। राहुल ने कहा कि हरियाणा में 25 लाख वोटों की चोरी हुई। हर आठ में से एक वोट चोरी किया गया। मध्य प्रदेश में भी ऐसा हुआ है। हमारे पास सबूत हैं, जो हम आहिस्ते-आहिस्ते दिखाएंगे। राहुल ने कहा कि मुख्य मुद्दा वोट चोरी है, जिसे अब एसआईआर से कवर किया जा रहा है।* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कई मुख्य मार्गों पर आम से खास लोग जाम में घंटों फंसे रहे

# शादी के सीजन में कई इलाकों में लगा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में शादियों का सीजन शुरू होते ही यातायात व्यवस्था फिर चरमरा जाती है और ऐसा ही समस्या दिल्ली देहात के अलीपुर इलाके में नजर आती रहती है। शनिवार ।और रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर स्थित अलीपुर और उसके आसपास के इलाकों में दोपहर बाद भारी जाम देखने को मिला। बकौली, अलीपुर, शनि मंदिर और जिंदपुर मोड़ के पास सैकड़ों वाहन घंटों फंसे रहे। नीजि नौकरीपेशा वर्ग और लोगों को अपने घरों और दफ्तरों तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हर साल नवंबर-दिसंबर के दौरान शादियों के मौसम में यही स्थिति बनती है, लेकिन इस बार स्थिति और बदतर हो गई है। लोगों ने अपील करते हुए कहा कि संबंधित प्रशासन को इस तरफ विशेष ध्यान दिया। इसके अलावा शालीमार बाग, पीरागढ़ी इलाकें में भी यही हालात बताए गए।

वहीं, आसपास के लोगों ने बताया कि अलीपुर क्षेत्र में दर्जनों फॉर्म हाउस, होटल और मोटल स्थित हैं, जहां एक ही दिन में कई शादियां आयोजित होती हैं। शादी समारोहों में आने-जाने वाले वाहनों की भीड़ और सड़क किनारे पार्किंग के कारण राजमार्ग का ट्रैफिक पूरी तरह ठप हो जाता है। हालांकि शनिवार को दिल्ली यातायात पुलिस के कुछ जवान मौके पर तैनात नजर आए, लेकिन सीमित संसाधनों और अनियोजित यातायात प्रबंधन के कारण स्थिति पर काबू नहीं पाया जा सका। जाम में फंसे लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया और सख्त कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि फॉर्म हाउसों में कार्यक्रमों की अनुमति देते समय प्रशासन को ट्रैफिक योजना सुनिश्चित करनी चाहिए। लोगों ने कहा कि हर शादी सीजन में यह जाम न केवल लोगों की परेशानी बढ़ाता है बल्कि प्रदूषण और ईंधन की बर्बादी को भी बढ़ावा देता है।

#### ये हैं दिल्ली में यातायात जाम के कारण

बताया जाता है कि शादी के सीजन में व्यक्तिगत और समारोह की गाड़ियाँ, दोनों की संख्या बढ़ जाती है, जिससे यातायात बाधित होता है। इसके साथ ही फुटपाथों और सड़क के कुछ हिस्सों पर अतिक्रमण होने से भी सड़क पर अधिक दबाव पड़ता है, जिससे यातायात जाम होता है। वहीं, दिल्ली के प्रमुख बाजारों जैसे चांदनी चौक, रोहिणी, नेता जी सुभाष प्लेस और कनॉट प्लेस में शादी की खरीददारी के लिए भारी भीड़ होती है, जिससे वहाँ पहले से ही जाम की स्थिति रहती है और शादी के सीजन में यह और बढ़ जाती है। इसके अलावा शहर के कुछ हिस्सों में चल रहे निर्माण कार्य भी यातायात को प्रभावित कर सकते हैं।

# चोरी के आरोप में घरेलू सहायिका और जौहरी धरे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के अशोक विहार इलाके में एक घर में चोरी के आरोप में घरेलू सहायिका सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान घरेलू सहायिका नूर बानो (36) और जौहरी हसन अली के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि शिकायतकर्ता निपुण नरूला ने बताया कि दिवाली के दौरान अशोक विहार स्थित उनके घर से सिक्के, हार, चेन और चूड़ियों समेत सोने के कई आभूषण गायब हो गए। अधिकारी ने कहा, ''उसकी मां ने अक्टूबर की शुरुआत में दो चूड़ियां गायब देखी थीं, लेकिन उन्हें लगा कि वे कहीं खो गई हैं। 25 अक्टूबर को घरेलू सहायकों के जाने के बाद जब परिवार ने अपने कीमती सामान की जांच की, तो उन्हें सोने का और भी सामान गायब मिला।'' पुलिस ने बताया कि संदेह परिवार की एक घरेलू सहायिका रानी (नूर बानो) पर गया, जिसने 31 अक्टूबर से काम पर आना बंद कर दिया था और अपना फोन भी बंद कर दिया था। शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया और आरोपियों का पता लगाने के लिए क्षेत्र की सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल की गई। पुलिस के अनुसार, सूचना के आधार पर बानो को गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने चोरी की बात कबूल की और बताया कि उसने चोरी के कुछ गहने हसन अली नाम के एक जौहरी को बेचे थे। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने सोने के गहने बरामद कर लिए। इसने बताया कि बाद में हसन अली को चोरी का सामान प्राप्त करने और उसे छिपाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, बानो ने आसानी से पैसा कमाने और शानदार जीवनशैली जीने के लिए अपने पति के साथ मिलकर यह अपराध किया। बानो का पति फरार है। उसे पकड़ने और चोरी का बाकी सामान बरामद करने के प्रयास जारी हैं।

# चाकूबाजी की दोहरी वारदात का मामला सुलझा, चार नाबालिग सहित सात पकड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने पूर्वी दिल्ली के मंडावली और मधु विहार इलाकों में चाकूबाजी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए चार नाबालिग समेत सात लोगों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये घटनाएं मुख्य साजिशकर्ता सुहैल और उसके साथियों द्वारा अपने प्रतिद्वंद्वी समूह के खिलाफ बदले की भावना से की गई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी उत्तर प्रदेश के बिजनौर भागने वाले थे। पुलिस के अनुसार, चाकूबाजी की पहली घटना आठ नवंबर की रात 10.56 बजे मंडावली के तालाब चौक पर हुई, जहां पांच-छह लोगों ने कथित तौर पर कृष्णा उर्फ किस्सू और उसके दोस्त मोहित पर हमला किया था। कृष्णा की बाईं जांघ पर चाकू से वार किया गया और उसे अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने कहा, ₹इसके तुरंत बाद, लगभग 11.15 बजे चाकू मारने की एक और घटना की सूचना एलबीएस अस्पताल से मधु विहार थाने को मिली, जहां छाती के दाहिने हिस्से में चाकू के कई वार के साथ घायल यश उर्फ पम्मा नामक व्यक्ति को भर्ती कराया गया।₹ पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि दोनों हमले एक ही समूह के हमलावरों द्वारा किए गए थे। उन्होंने कहा कि इसके बाद दो मामले दर्ज किए गए और जांच शुरू कर दी गई। मामले की जांच के लिए तीन पुलिस टीम गठित की गईं। अधिकारी ने बताया कि टीम ने सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय खुफिया जानकारी और तकनीकी निगरानी के ज़रिये आरोपियों का पता लगाना शुरू किया। मंडावली के मजबूर कैंप में कई छापे मारे गए, लेकिन शुरुआत में संदिग्ध फरार पाए गए। विशिष्ट सूचना के आधार पर, टीम ने नौ नवंबर को गाजियाबाद के अर्थला में एक घर पर छापा मारा और नाबालिगों सहित सभी सात आरोपियों को उस समय पकड़ लिया, जब वे बिजनौर जाने वाली बस में सवार होने की तैयारी कर रहे थे। अधिकारी ने कहा, ₹आरोपियों की पहचान सुहैल (19), यूसुफ (19) और रिजवान (20) के रूप में हुई और ये सभी मंडावली इलाके के रहने वाले हैं। पकड़े गए अन्य आरोपी नाबालिग हैं। जांच से पता चला है कि हमलों के पीछे का मकसद बदला लेना था। आरोपियों ने अपने प्रतिद्वंद्वी मोहित के साथियों को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि मामले में जांच की जा रही है।

# आपसी रंजिश में छह साल के बच्चे का अपहरण कर उससे मारपीट, गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर-पश्चिम दिल्ली के सुभाष प्लेस इलाके में आपसी दुश्मनी की वजह से छह साल के बच्चे का कथित तौर पर अपहरण करने और उससे मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आरोपी 23 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी शकूरबस्ती निवासी मोहम्मद समीम को घटना के कुछ ही घंटों के भीतर पकड़ लिया गया और गहन तलाश अभियान के बाद बच्चे को बचा लिया गया। उसने बताया कि चार नवंबर तड़के 3.18 बजे पीसीआर कॉल आई, जिसमें सुभाष प्लेस इलाके से छह साल के बच्चे के अपहरण की सूचना दी गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बच्चे की मां ने बताया कि उसका बेटा तीन नवंबर की शाम करीब सात बजे पास की एक दुकान पर गया था, लेकिन वापस घर नहीं लौटा। उसे शक हुआ कि किसी ने उसका अपहरण कर लिया है, इसलिए उसने पुलिस से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की और एक टीम ने तलाश अभियान शुरू किया तथा आस-पास की गलियों और दुकानों के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। अधिकारी ने बताया कि इसी के साथ लापता बच्ची की तस्वीरें स्थानीय पुलिसकर्मियों और पड़ोसी थानों में भी प्रसारित की गईं। उन्होंने बताया कि तलाश के दौरान लड़का रेलवे लाइन के पास झाड़ियों में घायल अवस्था में मिला और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि बाद में टीम ने आरोपी को शकूरबस्ती से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान समीम ने कबूल किया कि उसने निजी रंजिश के कारण बच्चे का अपहरण किया और उस पर हमला किया। उसने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि पता लगाया जा सके कि क्या इसमें कोई और भी संलिप्त था। पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच की जा रही है।

## विधायक ने किया विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के नरेला क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति को लेकर रविवार को नरेला से भाजपा विधायक राजकरण खत्री ने पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान विजय चौक (जुलाहा वाली गली) और रविदास नगर के आसपास हो रहे निर्माण और सुधार कार्यों की स्थिति का विस्तार से जायज़ा लिया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यों की गुणवत्ता, गति और जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों से चर्चा की गई। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए और क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों के अनुसार आवश्यक संशोधन या समायोजन किए जाएं। विधायक ने कहा कि विकास तभी सार्थक है जब वह जनता की आवश्यकताओं से जुड़ा हो। हर स्तर पर पारदर्शिता और जनसंपर्क बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अमरोही, मंडल अध्यक्ष सुरेश खत्री, महामंत्री राकेश अमरोही और सुरेन्द्र अमरोही भी उपस्थित रहे। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। विधायक राजकरण खत्री ने पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से जनता के बीच जाकर कार्यों की स्थिति पर नज़र रखें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी विकास परियोजना में लापरवाही न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि नरेला के सर्वांगीण विकास में सबका सहयोग और सहभागिता जरूरी है, ताकि क्षेत्र को बेहतर आधारभूत सुविधाएं और स्वच्छ, सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# अहिल्याबाई के जीवन से सीख सकते हैं प्रशासनिक व्यवस्था : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय के स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के संदर्भ में द्वितीय दिवस के वैचारिक सत्रों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अतिथि वक्ताओं के रूप में प्रो. धर्म चंद चौबे, प्रो.शिवकुमार मिश्र, प्रो.सच्चिदानंद मिश्र, प्रो. सुष्मिता पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्राचार्य प्रो. प्रवीण गर्ग ने स्वागत वक्तव्य में अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि अहिल्याबाई की प्रशासनिक व्यवस्था को एक आदर्श के तौर पर विचार के केंद्र में लाए जाने की आवश्यकता है। प्रो. सच्चिदानंद मिश्र ने कहा कि अहिल्याबाई के जीवन से यह सीख सकते हैं कि विषम परिस्थितियों में हम किस प्रकार अपने अस्तित्व को स्थापित कर सकते हैं। तुलसीदास को कोट करते हुए यह बताया कि राजा का राज्य के प्रति क्या दायित्व है। अहिल्याबाई ने ईश्वरीय विधान के अनुसार राज्य का संचालन किया इसलिए एक राजा के रूप में नहीं अपितु लोकमाता के रूप में प्रतिष्ठित हुईं। अहिल्याबाई के जीवन में धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आदर्शों को चरितार्थ होते हुए देखते हैं।

# सिंघु बॉर्डर बस स्टैंड पर अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



राजधानी के नरेला विधानसभा क्षेत्र स्थित सिंघु बॉर्डर बस स्टैंड इन दिनों बदइंतजामी का प्रतीक बन चुका है। यहां ग्रामीण सेवा वाहनों और यात्रियों को जहांगीर तक भरकर ढ़ोने के रूप में चलने वाले निजी इको वाहनों का बेतरतीब खड़ा होना आम बात हो गई है। इसके चलते बस यात्रियों को चढ़ने और उतरने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह और शाम के व्यस्त समय में स्थिति और भी विकट हो जाती है जब दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों और क्लस्टर बसों के साथ-साथ निजी टैक्सियाँ, ऑटो और ग्रामीण सेवा वाहन स्टैंड पर अवैध रूप से कतार बनाकर खड़े हो जाते हैं। परिणामस्वरूप बसों को यात्रियों के लिए रुकने तक की जगह नहीं मिल पाती। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई बार महिलाएं, बुजुर्ग और छात्र बस से उतरते समय गिरने या चोटिल होने से बाल-बाल बचे हैं। क्षेत्र में जाम की स्थिति भी आम हो गई है, जिससे सड़क सुरक्षा और यातायात दोनों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यहां वाहनों के बेतरतीब तरीके से खड़े होने के चलते जेबकतरे भी सक्रिय हो गए है।

स्थानीय यात्रियों ने बताया कि सिंघु बॉर्डर बस स्टैंड पर न तो दिल्ली सरकार का परिवहन विभाग कोई प्रभावी निगरानी करता है, न ही दिल्ली यातायात पुलिस की मौजूदगी दिखाई देती है। इस वजह से अव्यवस्था लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय यात्रियों का कहना है कि प्रशासन को तत्काल यहां ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती, ग्रामीण सेवा वाहनों के लिए अलग पार्किंग ज़ोन और बसों के लिए स्पष्ट लेन सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि यात्रियों की सुरक्षा और यातायात की सुगमता दोनों बनी रहे।

### विविधता में एकता की भावना को प्रदान कर रहा है नई ऊर्जा

# स्थापना दिवस और त्योहारों का अब दिल्ली में हो रहा भव्य आयोजन : रविन्द्र इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में अब विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस और प्रमुख त्योहारों का भव्य आयोजन हो रहा है, जो देश की विविधता में एकता की भावना को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है। समाज कल्याण, एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण, सहकारिता एवं चुनाव मंत्री रविंद्र इन्द्राज ने रविवार को रोहिणी सेक्टर-24 स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में आयोजित उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर यह संबोधन दिया। मंत्री इन्द्राज सिंह ने कहा कि यह परंपरा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को साकार करती है और दिल्ली को एक सांस्कृतिक संगम के रूप में स्थापित कर रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिल्ली और उत्तराखंड मूल के नागरिक, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने सभी उपस्थित जनों को उत्तराखंड स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार आगे भी ऐसे आयोजनों को पूर्ण सहयोग और प्रोत्साहन देती रहेगी।

#### लोकगीतों का शानदार प्रदर्शन किया


इस अवसर पर उत्तरांचल धार्मिक, सामाजिक विकास संस्था द्वारा आयोजित देवभूमि परिवार खेल दिवस में उत्तराखंड की संस्कृति, पारंपरिक लोक नृत्य, खेलकूद और लोकगीतों का शानदार प्रदर्शन किया गया। मंत्री ने कहा कि दिल्ली सभी राज्यों की संस्कृति, भाषा और परंपरा को समान रूप से अपनाने वाला प्रदेश है। यही दिल्ली की पहचान और भारत की असली ताकत है। दिल्ली सरकार ने तय किया है कि हर राज्य के स्थापना दिवस पर उसकी महान संस्कृति और योगदान का भव्य आयोजन यहां किया जाएगा, ताकि देश की एकता की भावना और भी प्रबल हो।

#### 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना हो रही सशक्त

मंत्री रविंद्र ने आगे कहा कि हाल ही में दिल्ली में छठ महापर्व का अभूतपूर्व आयोजन किया गया, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में पहली बार इतने भव्य आयोजन देखने को मिल रहे हैं। इन आयोजनों से देश में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना और भी सशक्त हो रही है। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति, परंपरा और भाईचारे की यह झलक दिल्लीवासियों के लिए प्रेरणादायक है।

# वोटचोरी के खिलाफ चला हस्ताक्षर अभियान लोकतंत्र बचाने में अहम कदमः कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



लोकतंत्र की रक्षा के लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान आज दिल्ली में एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। इसी अभियान को को लेकर डीपीसीसी अध्यक्षयादव के नेतृत्व में चलाए गए हस्ताक्षर अभियान ने भी अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। देवेंद्र यादव के अनुसार दिल्ली में 4,27,000 से अधिक वोटरों के हस्ताक्षर एकत्र हो चुके हैं। कल इस अभियान के सफल समापन पर करावल नगर जिला कांग्रेस कार्यालय पर एक धन्यवाद बैठक आयोजित की गई। 15 सितंबर से चलाए गए इस अभियान में पूरे देश में 5 करोड़ से अधिक हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य रखा गया था। जो उससे भी आगे निकल गया। बैठक की अध्यक्षता एआईसीसी सचिव मनोज यादव ने की, जिसमें जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, विधानसभा प्रत्याशी पी के मिश्रा, ईश्वर बागड़ी, एस पी सिंह, जिला ऑब्जर्वर फरीद साहा विधानसभा ऑब्जर्वर संजय प्रधान एडवोकेट सतवीर सिंह, डॉ वी आर चौधरी, जैसे वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा, ₹यह केवल हस्ताक्षर नहीं, बल्कि लोकतंत्र बचाने की जनता की आवाज है। भाजपा और चुनाव आयोग के कथित गठजोड़ से वोट चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जैसा कि हरियाणा और कर्नाटक में देखा गया। आज दिल्ली के लोग इस धोखे के खिलाफ खड़े हो रहे हैं। उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनावों में 25 लाख अवैध वोटों के आरोपों का हवाला देते हुए कहा कि यह संविधान पर सीधा हमला है। उन्होंने वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई लोकतंत्र बचाने की लड़ाई बताते हुए कहा कि नेता विपक्ष राहुल गांधी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बड़े स्तर पर चुनाव आयोग और भाजपा की मिलीभगत का खुलासा करते रहे हैं। बड़े स्तर पर हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लेकर जनता ने वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाई है। यह अभियान भाजपा की 'वोट डकैती' को उजागर करेगा और लोकतंत्र की इस लड़ाई में दिल्ली सबसे आगे रहेगी। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष रामविलास शर्मा, डॉ अकरम, , नेत्रपाल आर्य कैलाश प्रधान रवि शंकर कालीचरण पवार सुजीत सिंह, श्रीमति रेखा, मुनि त्यागी, देवेंद्र कुमार, दीवान सिंह ,संजीव भारद्वाज, एडवोकेट आदित्य भारद्वाज, प्रदीप शर्मा, नरेश पाल, नेत्रपाल आर्य, अंकित प्रधान, राकेश ठाकुर, उमा शर्मा, सुशीला दीक्षित, नीतू तोमर, सुरेंद्र कोच, प्रवीण भड़ाना, ओंकार कुशवाहा, ओंकार सूद, नानवा प्रधान, राज ठाकुर, पी एस रावत, श्याम सिसोदिया, मनोज धीमान, विजय जॉर्ज वीर सिंह राजेश खन्ना और बिंदल जी सहित अन्य कई लोगों ने हिस्सा लिया।

## खबर संक्षेप

### मशरूम उत्पादन पर व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नई दिल्ली।** कृषि विज्ञान केन्द्र, दिल्ली ने मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर दस दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत दिल्ली व आसपास के 35 से ज्यादा प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। केंद्र के अध्यक्ष डॉ डी. के. राणा ने बताया कि हाल ही में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। उन्होंने बताया कि सभी प्रशिक्षकों को बताया कि मशरूम उत्पादन एक लाभदायक स्वरोजगार आधारित उद्यम स्थापित कर सकते है। मशरूम की विभिन्न प्रजातियां, कम्पोस्ट बनाने की विधियां आदि विषय पर जानकारी दी। मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर व्यावसायिक प्रशिक्षण का संचालन कर रहे डॉ. बाबु लाल फगोडिया ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि पहले के मुकाबले खेती करने के तरीके में काफी बदलाव आया है। नई-नई पैदावार के लिए प्रयोगों के माध्यम से न सिर्फ शरीर में पोषक तत्व की आपूर्ति पूरी हो, साथ ही उससे किसानों की आय में भी बढ़ोतरी हो रही है। यहां कृषि विशेषक्ष डॉ. रितु सिंह, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. समरपाल सिंह ने विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला।

### छात्रों को कार्यशाला में दी करियर गाइडेंस की जानकारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री अरबिंदो कॉलेज के तत्वावधान में स्नातक डिग्री करने के बाद विद्यार्थियों को अपने करियर चुनाव करने के लिए कॉलेज की संस्था करियर परामर्श और मार्गदर्शन प्रकोष्ठ व ड्रामेटिक सोसायटी मोक्ष के सहयोग से एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अरुण चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता के रूप में करियर विशेषज्ञ व निदेशक प्रांगण डॉ. निकिता सभरवाल, वक्ता लीविना कौर आनंद के अलावा कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मिन्नी नारंग, प्रो. हंसराज सुमन, डॉ. अनिल मावी, डॉ. विनय भारद्वाज, डॉ. मौसमी, डॉ. अंकिता सैनी, डॉ. पारुल जैन के अलावा सैंकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

### 168 आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यरत, 187 अगले माह तक होंगे शुरू

# पूरी दिल्ली में स्थापित किए जा रहे हैं आयुष्मान आरोग्य मंदिर : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में सुलभ, किफायती और सर्वांगीण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार की ऐतिहासिक पहल जारी है। इसी प्रतिबद्धता के तहत पूरी दिल्ली में 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' स्थापित किए जा रहे हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन 'आयुष्मान आरोग्य मंदिरों' का उद्देश्य दिल्लीवासियों को उनके घर के निकट प्राथमिक और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

यह पहल 'टाइम टू केयर' के सिद्धांत और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के लक्ष्य के अनुरूप है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार अब अपने स्वास्थ्य केंद्र किराए के स्थलों पर नहीं चलाएगी, क्योंकि सरकार के पास आरोग्य मंदिरों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में दिल्ली में 168 आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यरत हैं, जबकि 187 अतिरिक्त केंद्रों का उद्घाटन दिसंबर तक प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल स्वास्थ्य सेवाएं देना नहीं, बल्कि नागरिकों में भरोसा जगाना और स्वस्थ समाज की दिशा में नई संस्कृति विकसित करना है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर दिल्ली की स्वास्थ्य प्रणाली को नई पहचान और नई दिशा दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री रेखा ने बताया कि इन आरोग्य मंदिरों की स्थापना आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत की जा रही है, जिसके अंतर्गत उप-स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत कर एक समग्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

इन केंद्रों का उद्देश्य केवल सामान्य बीमारियों का उपचार और आवश्यक रेफरल तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय स्वास्थ्य आवश्यकताओं के अनुसार मानकीकृत, सम्मानजनक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना भी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पूर्ववर्ती मोहल्ला क्लीनिकों में सीमित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध थीं। इनमें बुनियादी ढांचे के अभाव और जर्जर स्थिति के कारण चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार संभव नहीं था। जबकि आयुष्मान आरोग्य मंदिर आधुनिक तकनीक और विस्तृत सेवाओं के साथ अधिक प्रभावी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं।

#### स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को प्रयासरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार ठोस और गंभीर प्रयास कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि लोगों को अपने घर के पास ही समुचित चिकित्सा सुविधाएँ मिलें, ताकि उन्हें बार-बार अस्पतालों के चक्कर न लगाने पड़ें।

#### 'चिकित्सा मानकों के अनुरूप है दिल्ली का नया स्वास्थ्य मॉडल'

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड्स (आईपीएचएस) के अनुरूप बुनियादी ढांचा, मानव संसाधन, दवाइयां, जांच सुविधाएं, उपकरण और सुशासन प्रणाली लागू की है ताकि सभी नागरिकों को एक समान और सतत स्वास्थ्य सेवा मिल सके। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों के संचालन से पहले यह सुनिश्चित किया गया है कि जिन क्षेत्रों में पहले मोहल्ला क्लिनिक संचालित थे, वहाँ स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता बनी रहे। उन क्षेत्रों के नागरिकों को अब निकटतम आयुष्मान आरोग्य मंदिर या अन्य सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों से सेवाएं प्राप्त हो रही हैं।

#### इन केंद्रों में ये सेवाएं हैं शामिल

मुख्यमंत्री ने बताया कि इन केंद्रों में ओपीडी सेवा, बाहरी प्रयोगशाला जांच, मुफ्त दवाइयां, गर्भावस्था और प्रसवकालीन देखभाल, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा, बाल एवं किशोर स्वास्थ्य देखभाल, परिवार नियोजन, गर्भनिरोधक और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं, संचारी रोगों का प्रबंधन, असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग व नियंत्रण, नेत्र एवं ई.एन.टी. (कान, नाक और गला) देखभाल, प्राथमिक दंत चिकित्सा सेवा, वृद्धों की देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य रोगों की प्रारंभिक जांच व उपचार, तथा आपातकालीन चिकित्सा सेवाएँ शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन केंद्रों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का यह नया ढांचा समग्र और समावेशी प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणाली की दिशा में एक ठोस कदम है।

## 'अनेकता में एकता' की सजीव मिसाल रहा 'सरदार 150 यूनिटी मार्च': प्रवीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यह 'सरदार 150 यूनिटी मार्च' 'अनेकता में एकता' की सजीव मिसाल रहा, जिसने यह संदेश दिया कि जब देश के लोग एक सूत्र में बंधते हैं, तब ही भारत विश्व में विकसित, सशक्त और स्वाभिमानी राष्ट्र के रूप में स्थापित होता है। चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने रविवार को 'सरदार 150 यूनिटी मार्च' के भव्य आयोजन के दौरान यह संबोधन दिया।

उन्होंने बताया कि मार्च कन्हैया नगर मेट्रो स्टेशन से आजादपुर चौक तक निकाला गया, जिसमें एक भारत - श्रेष्ठ भारत की अद्भुत झलक देखने को मिली। सांसद खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सरदार पटेल को वह सम्मान और गरिमा दी है, जिसे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने दशकों तक उनसे वंचित रखा था। इस अवसर पर विधायक पूनम शर्मा, राजकुमार भाटिया और तिलकराम गुप्ता आदि सहित सामाजिक संगठनों, व्यापारिक वर्ग, आरडब्ल्यूए, महिला समूहों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

#### बड़ी संख्या में शामिल हुए बच्चे

मार्च में स्कूल के बच्चे, युवा, एनसीसी कैडेट्स और रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। पूरे मार्ग में गूँजते रहे जयघोष - 'वंदे मातरम', 'भारत माता की जय', 'सबसे अच्छा हिन्दुस्तान', 'सरदार पटेल अमर रहें' जिसने दिल्ली की गलियों को देशभक्ति के भाव से भर दिया।

कार्यक्रम के दौरान सांसद खंडेलवाल ने स्वदेशी अपनाने और नशामुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल स्वतंत्र भारत के पहले दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने न केवल एक भारत का सपना देखा बल्कि 562 रियासतों को एक राष्ट्र में जोड़कर उस सपने को साकार किया।

### फूलवालों की सैर का आयोजन एक बार फिर शुरू

## एलजी ने किया हस्तक्षेप, डीडीए ने कमेटी को आयोजन की दी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली


दिल्ली में आयोजित होने वाले उत्सव फूलवालों की सैर का आयोजन एक बार फिर शुरू होगा। इस मामले में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने हस्तक्षेप करते हुए सभी बाधाओं को दूर किया और इस पारंपरिक त्योहार को मनाने की अनुमति दी है। इस संबंध में राजनिवास सचिवालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार फूल वालों की सैर का आयोजन 2 नवंबर 2025 को होना था। राजनिवास की माने तो पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार के 28 नवंबर 2023 को जारी एक आदेश के चलते दक्षिणी रिज क्षेत्र में ऐसे किसी भी त्योहार या आयोजन की अनुमति रोक दी गई थी। उसी क्षेत्र में फूलवालों की सैर का आयोजन भी आता है, इसलिए इस बार कार्यक्रम की फाइल लंबित पड़ी रही। लेकिन मामला संज्ञान में आने के बाद उपराज्यपाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और देरी पर नाराजगी जताई।

उन्होंने चेतावनी दी कि जनता से जुड़े मामलों में अधिकारियों की उदासीनता और अनुत्तरदायी रवैया किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजनिवास का कहना है कि एलजी के हस्तक्षेप के बाद अनुमति दे दी गई। बकायदा डीडीए ने संबंधित आयोजन कमेटी को आयोजन को अनुमति देने की जानकारी भी दे दी है।

## 'आप' ने निगम उपचुनाव के लिए मैदान में उतारे उम्मीदवार

### नामांकन भरने की अंतिम तिथि आज, तीन दिसंबर को होगी मतों की गिनती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली नगर निगम के 12 वार्डों में 30 नवंबर को होने वाले उपचुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा रविवार को कर दी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने नामांकन जमा करने की आखिरी तारीख यानी 10 नवम्बर से एक दिन पहले यह सूची जारी की है। सूची के अनुसार दक्षिण पुरी से राम स्वरूप कनौजिया, संगम विहार-ए से अनुज शर्मा, ग्रेटर कैलाश से ईशना गुप्ता, विनोद नगर से गीता रावत, शालीमार बाग से बबीता अहलावत, अशोक विहार से सीमा विकास गोयल, चांदनी चौक से हर्ष शर्मा, चांदनी महल से मुद्दसिर उस्मान कुरैसी, द्वारका-बी से राजबाला सहरावत, मुंडका से अनिल लाकड़ा, नारायणा से राजन अरोड़ा और दिचांउ कलां से केशव चौहान चुनावी मैदान में हैं।


जानकारी के अनुसार इन उप चुनावों में आप और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर होने की उम्मीद है। यह आप के लिए दिल्ली नगर निगम में अपनी खोई हुई ज़मीन वापस पाने का मौका है, जबकि भाजपा 250 सदस्यों वाली इस नगर निगम में अपनी सीटों की संख्या और बढ़ाना चाहेगी। भाजपा की कमलजीत सहरावत ने पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से सांसद चुने जाने के बाद द्वारका-बी वार्ड खाली कर दिया था। बाकी वार्ड इस साल फरवरी में विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा और आप के मौजूदा पार्षदों के विधायक बनने के बाद खाली हुए थे। पहले 12 में से 9 वार्डों पर भाजपा का कब्ज़ा था, और बाकी तीन पर आप के पार्षद थे। रेखा गुप्ता शालीमार बाग-बी वार्ड का प्रतिनिधित्व करती थीं, जिसे उन्होंने इस साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद छोड़ दिया था, और वह दिल्ली की मुख्यमंत्री बन गई थीं। वहीं, कांग्रेस इन चुनाव में जी जान लगा देगी तो हो सकता है उनका भी खाता खुल जाए।

#### निगम उपचुनाव की प्रमुख तिथियां

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार नामांकन भरने की अंतिम तिथि - 10 नवंबर 2025 (सोमवार), नामांकन पत्रों की जांच - 12 नवंबर 2025 (बुधवार), नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि - 15 नवंबर 2025 (शनिवार), मतदान की तिथि एवं समय - 30 नवंबर 2025 (रविवार), सुबह 7:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक, मतगणना की तिथि - 3 दिसंबर 2025 (बुधवार) और चुनाव प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि - 10 दिसंबर 2025 (बुधवार) है।

## 'सिंघु-ताजपुर मार्ग पर धंसी सड़क, जलभराव बना जी का जंजाल'

दया राम ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग (फ्लड) की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। करीब दो साल पहले बनाई गई 'सिंघु गांव से ताजपुर मार्ग जोड़ने वाली सड़क' अब जगह-जगह से धंस चुकी है।

सड़क के धंसने से 'दिल्ली नगर निगम के नाले की निकासी पूरी तरह अवरुद्ध हो गई', जिसके चलते आसपास की गलियों में पानी भर गया है और लोग परेशान हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, जलभराव वाले हिस्से के आमने सामने कई घर हैं और पास में ही आंगनबाड़ी केंद्र होने के चलते छोटे -छोटे बच्चे यहां आते हैं। इसके चलते ग्रामीण और कई परिजनों ने बताया कि यह जलभराव की समस्या उनके लिए जी का जंजाल बनी हुई है। यदि जल्द से जल्द इस समस्या का हल नहीं किया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बच्चों के परिजनों ने बताया कि यहां आने-जाने में लगातार खतरा बना हुआ है। कई बार छोटे बच्चे गलियों में पानी भरे हिस्से में फिसल चुके हैं, जिससे लोगों में दहशत है।

#### निगम सफाई कर्मियों का प्रयास भी रहा असफल

दिल्ली नगर निगम के सफाईकर्मी अपने स्तर पर 'रुके हुए नाले को खोलने का प्रयास' कर चुके हैं, लेकिन सड़क धंसने के कारण पानी की निकासी बहाल नहीं हो पा रही। बाढ़ एवं सिंचाई विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी बी.डी. शर्मा ने बताया कि मामला संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

निवासियों ने मांग की है कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम 'संयुक्त रूप से इस सड़क और नाले की मरम्मत तत्काल कराएं', ताकि बारिश या रिसाव के दौरान कोई बड़ा हादसा न हो और आम नागरिकों को राहत मिल सके।

■ फ्लड विभाग की लापरवाही से निगम की रूकी नाली

#### सुविधा के बजाय परेशानी का कारण बन रहा है मार्ग

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क 'आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल में बनी थी' और उसी समय इसके निर्माण में 'भ्रष्टाचार व अनियमितताओं के आरोप' लगे थे। प्रदेश भाजपा के नेताओं ने भी इस परियोजना की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। जनता का कहना है कि 'दो साल में ही सड़क का धंस जाना', प्रशासनिक कार्यशैली और सरकारी ठेकेदारी की वास्तविकता को उजागर करता है। अब यह मार्ग जनता की सुविधा के बजाय परेशानी का कारण बन गया है।

## पूर्व निगम पार्षद सुरेश चौधरी ने पकड़ा कांग्रेस का हाथ, काजी ने दिलाई सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



देवली विधानसभा के संगम विहार-ए वार्ड से पूर्व निगम पार्षद सुरेश चौधरी ने रविवार को कांग्रेस में विश्वास जताते हुए हाथ थाम लिया। सुरेश चौधरी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित सादे समारोह में पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन व कमेटी सचिव अभिषेक दत, प्रदेश कांग्रेस कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज और जिला अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने सुरेश चौधरी का पटका पहनाकर स्वागत करते हुए कांग्रेस में शामिल किया। इस अवसर पर काजी ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस की विचारधारा, आदर्शों और नीतियों सहित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, दिल्ली अध्यक्ष यादव के नेतृत्व में विश्वास जताते हुए सुरेश चौधरी ने कांग्रेस का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के हालात किसी से छिपे नही है और आज हमें एकजुट होकर लोगों का वोट लेकर उनके साथ धोखा करने वाले लोगों के साथ सीधी लड़ाई लड़नी है।

### संजय वन में लाइसेंस शुल्क आधारित बिजनेस का अवसर, 17 नवम्बर तक रजिस्ट्रेशन खुला

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) महरौली के निकट प्रसिद्ध संजय वन परिसर में व्यावसायिक गतिविधियों के लिए लाइसेंस प्राप्त करने का सुनहरा मौका दे रहा है। डीडीए अधिकारी के अनुसार संजय झील महरौली के निकट एल.जी. रॉक कैफे, संजय वन में व्यावसायिक गतिविधियों के लिए लाइसेंस दिए जाएगें। इसमें शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन करना होगा और ऑनलाइन बोली के तहत सफल बोलीदाता को लाइसेंस दिया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि बोली में शामिल होने के लिए डीडीए ने रजिस्ट्रेशन खोल रखा है। जिसकी अंतिम तिथि 17 नवम्बर 2025 रखी है। डीडीए का कहना है कि प्रकृति की गोद में बने इस सुंदर व प्रसिद्ध वन में हजारों की संख्या में पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है। इसलिए यहां व्यवसाय करने की अपार संभावनाएं है। उन्होंने कहा कि इच्छुक फर्म, संगठन अथवा व्यक्ति अगर चाहे तो गेट न. 3 के पास, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, एल.जी. रॉक कैफे,संजय वन महरौली के निकट स्वयं आकर मौके पर खुद निरीक्षण कर सकते है। अधिकारी ने बताया कि सफल आवेदक को कियोस्क लाइसेंस दिया जाएगा, और सभी तय नियम व शर्तों को मानना अनिवार्य होगा।

### न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

# दिल्ली के कई क्षेत्रों में वायु प्रदूषण एक्यूआई 400 पार, इंडिया गेट पर विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



लगातार दिल्ली में वायु प्रदूषण लोगों के लिए परेशानी का सबब बन हुआ है। वीकेंड यानी रविवार को राजधानी दिल्ली में सुबह सात बजे वायु प्रदूषण सूचकांक (एक्यूआई) 391 दर्ज किया गया। जबकि विभिन्न इलाकों में हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी यानी 400 एक्यूआई के पार दर्ज की गई।

वहीं दूसरी तरफ दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ इंडिया गेट पर लोगो ने विरोध प्रदर्शन किया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक दिल्ली में रविवार को हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई है। विभिन्न इलाकों का एक्यूआई 400 पार कर गया। रविवार 9 नवंबर को सुबह सात बजे दिल्ली का औसत एक्यूआई 391 दर्ज किया गया जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। वहीं सीपीसीबी ने कहा है कि जहांगीरपुरी में गंभीर श्रेणी में दर्ज प्रदूषण का एक्यूआई 433 रिकॉर्ड किया गया जो सबसे ज्यादा रहा। वहीं एम्स के पास 421, आईटीओ में 420, अशोक विहार में 416, अलीपुर में 415, आनंद विहार 412, चांदनी चौक 409, द्वारका में 383, दिल्ली एयरपोर्ट के आसपास 358 और लोधी रोड में 377 एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया है। इससे पहले, शनिवार को दिल्ली देश का दूसरा सर्वाधिक प्रदूषित शहर रहा और रोहतक की हवा सबसे 'खराब' रिकॉर्ड की गई। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार शाम चार बजे दिल्ली का औसत एक्यूआई 361 दर्ज किया गया। वहीं दूसरी तरफ भारतीय मौसम विभाग दिल्ली (आईएमडी) ने बताया कि रविवार को न्यूनतम तापमान में बेहद मामूली बढ़त देखने को मिली है, ठंडक बनी हुई है। आईएमडी ने बताया कि न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य तापमान से 2.7 डिग्री सेल्सियस नीचे है। वहीं अधिकतम तापमान 28.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य तापमान से 1.4 डिग्री सेल्सियस कम है।

आईएमडी ने अनुमान जताया है कि आने वाले तीन चार अभी मौसम ऐसे ही बना रह सकता है। तापमान में बहुत ज्यादा उलट फेर होता नजर नहीं आ रहा है। आसमान भी साफ रहेगा और बारिश की कोई संभावना न के बराबर है। इस दौरान हल्का कोहरा सुबह शाम दिखाई देता रहेगा।

## शालीमार बाग का सरकारी अस्पताल बंद क्यों?: भारद्वाज

### भाजपा निजी अस्पतालों को देना चाहती फायदा : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शालीमार बाग स्थित 1470 बिस्तरों का सरकारी अस्पताल चालू नहीं किया जा रहा है ताकि निजी अस्पतालों को लाभ पहुंचाया जा सके।

आप के प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए पूछा कि क्या भाजपा नेता रेखा गुप्ता इस अस्पताल को निजी हाथों में देने की तैयारी कर रही हैं? भारद्वाज ने कहा कि यह अस्पताल यदि शुरू हो गया तो आसपास के निजी अस्पतालों को भारी नुकसान होगा, इसलिए जानबूझकर इसे बंद रखा जा रहा है। भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता या फिर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह को इस पर स्पष्टीकरण देना चाहिए।

■ मुख्यमंत्री या फिर स्वास्थ्य मंत्री को देना चाहिए स्पष्टीकरण

प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान करीब 24 नए सरकारी अस्पतालों का निर्माण शुरू किया गया था। इन अस्पतालों में हजारों बिस्तरों की सुविधा देने की योजना थी। शालीमार बाग में 1470 बिस्तरों वाला अस्पताल लगभग तैयार है, लेकिन भाजपा सरकार ने इसे चालू करने में देरी कर रही है। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि भाजपा सरकार इन अस्पतालों को निजी हाथों में देने की योजना बना रही हैं।

## खबर संक्षेप

### गुर्जर संगम मेला 25 से 28 दिसंबर तक



**फरीदाबाद।** गुर्जर समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहर तथा विविध परंपराओं को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करने हेतु गुर्जर संगम मेला का आयोजन 25 से 28 दिसम्बर 2025 तक फरीदाबाद के सूरजकुंड मेला ग्राउंड में किया जाएगा तथा पहली बार गुर्जर संस्कृति को एक नए रूप और नई सोच के साथ प्रदर्शित किया जाएगा जो कभी पहले नही दिखाई गई। यह चार दिवसीय आयोजन समाज के अतीत, वर्तमान और भावी सांस्कृतिक आयामों को अभिव्यक्त करने के साथ-साथ शैक्षिक, कला, क्रीड़ा तथा सामुदायिक उन्नयन से संबंधित विविध विषयों पर प्रकाश डालेगा ताकि हमारी युवा पीढ़ी प्रेरणा ले सके। देश-विदेश से गुर्जर समाज की प्रतिष्ठित हस्तियां इस आयोजन में सहभागिता करेंगी। गुर्जर संगम में हिंदू, मुस्लिम, सिख और जैन गुर्जर एकता को दर्शाते हुए उनकी संस्कृति और जीवन शैलियों को भी राष्ट्रीय पटल पर दर्शाया जाएगा।

### विधायक ने किया फैंसी लाइट का शुभारंभ किया

**गुरुग्राम।** विधायक मुकेश शर्मा ने रविवार को अपने संकल्प विकसित गुरुग्राम-जगमग गुरुग्राम को आगे बढ़ाते हुए शहर में फैंसी लाइट लगाने के कार्य का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत ओल्ड दिल्ली रोड और बस स्टैंड से सीआरपीएफ चौक तक बाबा खाटू श्याम के तीन बाण समर्पित फैंसी लाइटें लगाई जाएंगी। विधायक ने कहा कि ये फैंसी लाइटें हमारी आस्था, प्रेरणा और प्रकाश के मार्ग का प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि इस पहल से न केवल सड़कों और चौकों की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि शहर की रातें और अधिक प्रकाशमय, सुरक्षित और सुगम बनेंगी। विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि जगमग गुरुग्राम अभियान का उद्देश्य हर नागरिक को बेहतर बुनियादी सुविधाएं और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। गुरुग्राम को आधुनिक और विकसित दिशा में ले जाने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं।



### हजारों परिवारों के लिए आशा की नई किरण

# मनीषा कोईराला ने किया एमओसी के पहले नेबरहुड कैंसर उपचार केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

उत्तर भारत में उन्नत कैंसर उपचार की पहुंच बढ़ाने की दिशा में एमओसी कैंसर केयर एंड रिसर्च सेंटर ने गुरुग्राम में अपने पहले नेबरहुड कैंसर उपचार केंद्र की शुरुआत की। इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेत्री और कैंसर सर्वाइवर मनीषा कोईराला ने केंद्र का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के कैंसर विशेषज्ञ, स्वास्थ्यकर्मी और समुदाय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अभिनेत्री और कैंसर सर्वाइवर मनीषा कोईराला ने कहा कि वे कैंसर सर्वाइवर होने के नाते जानती हैं कि विशेषज्ञता और संवेदनशील देखभाल तक समय पर पहुंचना कितना आवश्यक है। एमओसी जैसे सेंटर्स यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि उपचार न केवल सुलभ हो, बल्कि मानवीय संवेदना के साथ उपलब्ध हो। यह सचमुच हज़ारों परिवारों के लिए आशा की नई किरण है।



गुरुग्राम में एमओसी के नेबरहुड कैंसर उपचार केंद्र का शुभारंभ करती अभिनेत्री मनीषा कोईराला।

### हमारा उद्देश्य अच्छा मॉडल तैयार करना

एमओसी कैंसर केयर एंड रिसर्च सेंटर के मुख्य परिचालन अधिकारी आदित्य बहादुर ने कहा कि हमारा उद्देश्य हमेशा से एक ऐसा मॉडल तैयार करना रहा है, जो उच्च गुणवत्ता वाली कैंसर देखभाल को मरीजों के निकट ला सके। छोटे, तकनीक-सक्षम डे-केयर आधारित सेंटर्स के माध्यम से हम उपचार शुरू करने में लगने वाला समय घटा रहे हैं, अस्पतालों पर दबाव कम कर रहे हैं और मरीजों के लिए पूरी उपचार प्रक्रिया को सहज और सरल बना रहे हैं। हमारे सभी सेंटर्स में कैशलेस इंश्योरेंस, सुगम एडमिशन और डिस्चार्ज की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। गुरुग्राम सेंटर हमारे स्केलेबल और टिकाऊ ऑन्कोलॉजी केयर मॉडल का प्रतीक है।

### भारत में कई नए केंद्र खोलने की योजना

उन्होंने बताया कि एमओसी का मॉडल अत्याधुनिक चिकित्सा विशेषज्ञता को रोगी के निकट उपलब्ध कराकर उपचार को अधिक सुलभ, किफ़ायती और व्यक्तिगत बनाने पर आधारित है। गुरुग्राम के सेक्टर 29 में शुरू हुआ यह नया केंद्र न केवल उत्तर भारत में संगठन के विस्तार की शुरुआत है, बल्कि ऐसे समय में एक महत्वपूर्ण कदम भी है, जब भारत में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इससे पहले एमओसी ने पश्चिम भारत में 24 कैंसर उपचार केंद्र स्थापित किए हैं और आने वाले वर्ष में उत्तर भारत में कई नए केंद्र खोलने की योजना है।

### अनिरुद्धाचार्य महाराज ने लहराया भगवाध्वज

# दीन दुखियों, बिछड़ों-पिछड़ों को गले लगाते चल रहे बागेश्वर महाराज

जो मिला, वह अवाक रह गया, सब कुछ भूल कर महाराज के चरणों में लग गए सनातनी, विधायक मूलचंद शर्मा, पं. टिपरचंद शर्मा, मार्केट के प्रधान प्रेम खट्टर, ईश्वर दयाल व बल्लभगढ़ क्षेत्र के पार्षदों, कैली गांव में खाटू श्याम मंदिर व बालाजी मंदिर समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

दिल्ली से वृंदावन के लिए बागेश्वर धाम सरकार की तीसरे दिन की पदयात्रा दशहरा मैदान से सुबह आठ बजे रवाना हुई जोकि एन.एच.एक-दो का चौक, हार्डवेयर चौक, सैक्टर-22-23 का चौक, सोहना रोड़ टी-प्वाईंट, सोहना पुल होते हुए बल्लभगढ़ अनाज मणंडी में दोपहर का भोजन लेकर आगे फरीदाबाद-पलवल सीमा के सीकरी स्थित मैदान में रात्रि विश्राम के लिए रुके।

यात्रा का महाकाली मंदिर के प्रधान राकेश कुमार उर्फ रक्कू, हार्डवेयर चौक पर विधायक धनेश अदलक्खा व बड़खल क्षेत्र के पार्षदगणों, सैक्टर-22-23 क्षेत्र में विधायक सतीश फागना, कविन्द्र चौधरी व एनआईटी क्षेत्र के पार्षदों ने 40 जेसीबी मशीनों से पुष्प वर्षा करवाई, बल्लभगढ़ मार्किट कमेटी के अध्यक्ष संजीव बैंसला, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष सोहनपाल छौकर, प्रवक्ता लक्ष्य शर्मा, बल्लभगढ़ बस स्टैण्ड के समीप विधायक मूलचंद शर्मा, पं. टिपरचंद शर्मा, मार्किट के प्रधान प्रेम खट्टर, ईश्वर दयाल व बल्लभगढ़ क्षेत्र के पार्षदों, कैली गांव में खाटू श्याम मंदिर व बालाजी मंदिर समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। पूरे यात्रा मार्ग में गर्म दूध, फल, लड्डू व कई प्रकार के खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।



सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा के तीसरे दिन श्री बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री, प्रसिद्ध कथा वाचक अनिरूद्धाचार्य जी महाराज सडक पर बैठकर भोजन प्रसाद का आनन्द लेते हुए।

### 51 बुलडोजर से पदयात्रा में हुई पुष्प वर्षा

जैसे ही तीसरे दिन की यात्रा आगे बढ़ी वैसे ही कुछ दूर बाद 51 जेसीबी से सनातनियों के ऊपर पुष्प वर्षा की गई। करीब 500 मीटर तक सिर्फ जेसीबी रखी दिखाई दे रही थी। भारी भीड़ का बुलडोजर से अभूतपूर्व स्वागत किया गया। आधा घंटे से अधिक समय तक लगातार पुष्प वर्षा होती रही। रावण की पोशाक पहनकर यात्रा में शामिल हुआ एक युवक जय श्री राम के नारे लगाता देखा गया। युवक ने महाराज श्री का आशीर्वाद लिया और कहा बिना राम राज्य के लोगों का कल्याण नहीं होगा। हिंदू राष्ट्र बनाने से ही देश विश्व गुरु बन सकता है। युवक काफी देर तक यात्रा में चला रहा महाराज श्री ने भी चुटकी लेते हुए कहा कि जब रावण जय श्री राम बोलने लगे तो समझ लीजिए अब हिंदू राष्ट्र बनने में ज्यादा देरी नहीं होगी।

### छेना रसगुल्ला और खोया जलेबी के साथ खीर हलुआ की रही भरमार

बागेश्वर महाराज सनातन एकता पदयात्रा में चल रहे लोगों के भोजन का विशेष ध्यान दे रहे हैं। दाल-चावल, रोटी-सब्जी जैसा आहार रोज देने के साथ-साथ समय-समय पर छेना रसगुल्ला, जलेबी भी सनातनियों को खिला रहे हैं। दूसरे दिन के दोपहर भोजन में छेना रसगुल्ला वितरित किए गए तो शाम के भोजन में खोए से बनी जलेबी लोगों को खाने को उपलब्ध कराई गई।

### सीमा पर जवान और खेत पर किसान ही असली हीरो


सैन्य शक्ति बढ़ाने के लिए सेना के सहयोग की अपील की बागेश्वर महाराज ने रविवार को फिर दोहराया कि सीमा पर जवान और खेत पर किसान ही दो असली हीरो है, बाकी अन्य हीरो सिर्फ दिखावटी है। उन्होंने कहा कि अन्य हीरो भले ही लोगों को प्रेरित करते हो लेकिन किसान और जवान न हो तो न देश की रक्षा हो सकेगी और न ही घर परिवार का भरण पोषण हो सकेगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह सेना का सम्मान करते हुए सेना के लिए सहयोग दें, ताकि आधुनिक हथियार खरीद कर सेना की शक्ति और मजबूत हो सके।

### एक झलक पाने पेड़ में चढ़ा युवक महाराज श्री ने बुलाकर की भेंट

एक युवक आगरा का रहने वाला है। महाराज श्री की एक झलक पाने के लिए वह करीब 20 फीट ऊंचे पेड़ पर चढ़ गया था। महाराज न केवल वहां रुके बल्कि उसको पेड़ से नीचे उतरवाकर उससे भेंट की और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्होंने सभी लोगों को हिदायत दी कि कोई भी व्यक्ति इस तरह का खतरा बोल न ले क्योंकि हादसे में कुछ भी हो सकता है।

### कंधे की गंभीर चोट से मरीजों को नई उम्मीद मिली

# भारत में पहली बार मानव त्वचा से बनी जैविक इंप्लांट से कंधे की सफल सर्जरी



ऑर्थोस्कोपी एवं स्पोर्ट्स मेडिसीन के विशेषज्ञ डॉ. दीपक चौधरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भारत में पहली बार इंसान की स्किन से बनी जैविक इंप्लांट (ह्यूमन डर्मल एलोग्राफ्ट-आर्थ्रोफ्लेक्स) की मदद से आर्थ्रोस्कोपिक सुपीरियर कैप्सुलर रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी सफलतापूर्वक की गई है। यह कारनामा ऑर्थोस्कोपी एवं स्पोर्ट्स मेडिसीन के विशेषज्ञ डॉ. दीपक चौधरी के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने किया है। यह एक आधुनिक और बेहद बारीक की-होल तकनीक यानी छोटे चीरे वाली सर्जरी है, जिससे कंधे की गंभीर चोट यानी रोटेटर कफ टियर वाले मरीजों को नई उम्मीद मिली है। इस तकनीक से कंधे की मजबूती और स्टेबिलिटी वापस आती है, दर्द कम होता है और मरीज को जॉइंट रिप्लेसमेंट जैसी बड़ी सर्जरी से भी बचाया जा सकता है। इस बारे में डॉ. दीपक चौधरी ने बताया कि रोटेटर कफ टियर तब होता है जब कंधे को सहारा देने वाली मांसपेशियां या उम्र बढ़ने से भी हो सकता है। जब टेंडन पूरी तरह फट जाता है, तो कंधे की हड्डी अपनी जगह से खिसकने लगती है, जिससे दर्द और कमजोरी बढ़ जाती है।

ऐसे मामलों में आर्थोस्कोपिक एससीआर तकनीक बहुत प्रभावी साबित होती है। इस प्रोसेस में मानव त्वचा से बनी एक पतली परत कंधे के ऊपर लगाई जाती है, जो नई छत की तरह काम करती है। यह कंधे के जोड़ को स्थिर रखती है, हड्डियों का संतुलन बनाए रखती है और हाथ की गति को नॉर्मल बनाती है। चूंकि यह सर्जरी छोटे चीरे से की जाती है इसलिए मरीज को जल्दी आराम मिलता है, दर्द कम होता है और शरीर पर निशान भी बहुत हल्के रहते हैं। इस बारे में सर्जरी टीम में शामिल डॉ. शिव चौकसे ने बताया कि यह सर्जरी भारत में पहली बार की गई है।

### क्या था मामला

जांच में पता चला कि 37 वर्षीय मरीज का रोटेटर कफ इतनी गंभीर रूप से फट गया था कि उसे दोबारा सिलना संभव नहीं था। आम तौर पर ऐसे मामलों में कंधे की सफाई, आंशिक मरम्मत या फिर शोल्डर रिप्लेसमेंट जैसी सर्जरी की जाती है। लेकिन मरीज की कम उम्र और एक्टिव लाइफस्टाइल को ध्यान में रखते हुए डॉक्टरों ने मानव त्वचा ग्राफ्ट की मदद से आर्थोस्कोपिक एससीआर सर्जरी करने का फैसला लिया।

### समाजसेवियों ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया

# अचानक हरियाणा के सबसे बड़े सराय ख्वाजा के सरकारी स्कूल पहुंचे केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

केन्द्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल बीती देर शाम को अचानक सराय ख्वाजा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अपनी पुरानी यादें ताजा करने पहुंचे।

बहुत से लोगों को शायद ही पता होगा कि मनोहर लाल जी जब 1978-80 में फरीदाबाद के प्रचारक थे तो इसी स्कूल में लगने वाली राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की शाखाओं में वह प्रचार के लिए आते थे, उन्होनें लोगों को भी इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया था।

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल का स्कूल में पहुंचने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोल्डी अरोड़ा, जिला शिकायत निवारण समिति, फरीदाबाद के सदस्य देवेन्द्र अग्रवाल देबू, सचिन मंगला, बुद्वप्रकाश तायल, देवेन्द्र यादव, सागर गर्ग, जुगल अग्रवाल, विनोद मंगला, नरेन्द्र शर्मा एवं इलाके के कई समाजसेवियों ने उनको फूल का गुलदस्ता भेंट कर व पौधा देकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर मनोहर लाल ने अपने कुछ पुराने मिलने वालों जिसमें पंडित वीरेन्द्र के बारे में पूछा जिनके यहां वह अक्सर रूका करते थे। देवेन्द्र अग्रवाल ने मनोहर लाल से फोन पर उनकी बात कराई। मनोहर लाल ने पुरूषोत्तम शर्मा और लाला महेश गर्ग के बारे में पूछा तो देवेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि महेश गर्ग जी तो स्वर्गवासी हो गए। मनोहर लाल ने इसके अलावा भी कई पुरानी यादें मौजूद लोगों को बताई और वे भावुक हो गए।



### बैंड-बाजों, डीजे और फूलों की बारिश के बीच शहर ने किया स्वागत

# 80 जोड़ों की निकली भव्य बारात पदाधिकारियों ने किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

महाराजा अग्रसेन विवाह समिति द्वारा आयोजित 25वें सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह के तहत रविवार को 80 जोड़ों की भव्य बारात निकाली गई। यह बारात महाराजा अग्रसेन भवन सेक्टर-19 से शुरू होकर सेक्टर-16ए स्थित दशहरा मैदान तक बड़े ही उत्साह और धार्मिक माहौल में पहुंची। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी कौशल बाठला ने परंपरागत रीति से नारियल फोडक़र बारात को रवाना किया। दोपहर लगभग 3 बजे महाराजा अग्रसेन भवन परिसर से शुरू हुई इस विशाल बारात में बैंड-बाजों की मधुर धुन, डीजे की धुनों पर थिरकते बाराती और फूलों से सजी घोडिय़ां आकर्षण का केंद्र रहीं।

वरमाला और विवाह संस्कारों से पहले इस शोभायात्रा ने पूरे शहर का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। बारात के गुजरने पर राहगीरों और स्थानीय निवासियों ने जगह-जगह फूलों की वर्षा कर बारातियों का स्वागत किया। बारात में दूल्हों ने पारंपरिक पोशाक और पगड़ी धारण की हुई थी, जबकि दूल्हों के साथ चल रही महिलाएं और बाराती पारंपरिक लोकगीतों पर झूमती नजर आई। डीजे और बैंड के साथ-साथ नगर की विभिन्न संस्थाओं ने भी पुष्पवर्षा और शीतल पेय वितरित कर अतिथियों का स्वागत किया।

बारात अग्रसेन भवन से निकलकर ओल्ड फरीदाबाद के मुख्य बाजारों से होती हुई सेक्टर-16ए स्थित दशहरा मैदान पहुंची। रास्ते में सैकड़ों नागरिकों ने इस दृश्य को कैमरे में कैद किया। बारात में शामिल दर्जनों घोडिय़ां और बग्घियां सजी-धजी दिखाई दीं, जिन पर बैठे दूल्हे काफी आकर्षक लग रहे थे। जगह-जगह आतिशबाजी और रंग-बिरंगी रोशनियों ने आयोजन को उत्सव का रूप दे दिया। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के पीए कौशल बाठला ने इस अवसर पर कहा कि महाराजा अग्रसेन विवाह समिति समाज में समानता और एकता का प्रतीक है। हर वर्ग के लोगों के सहयोग से यह सामूहिक विवाह समारोह एक सामाजिक मिसाल बन गया है।

### 50 गुना से अधिक बढ़ोत्तरी देखने को मिली

# दो दशकों में बीएफएसआई सेक्टर के मार्केट कैप में आया बड़ा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

पिछले दो दशकों के दौरान भारत के बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस सेक्टर में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला है। बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, भारतीय बीएफएसआई सेक्टर के मार्केट कैप में 50 गुना से अधिक की बढ़ोतरी देखने को मिली है, जो 2005 में 1.8 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 2025 में 91 लाख करोड़ रुपए हो गया है, इसने लगभग 22 प्रतिशत की सीएजीआर से वृद्धि की है।

अध्ययन में यह भी पता चला है कि जीडीपी के सापेक्ष मार्केट कैप का प्रतिशत काफी बढ़ा है, जो 2005 में 6 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 27 प्रतिशत हो गया है। यह वृद्धि मजबूत वित्तीयकरण, नियामक सुधारों और भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश से संचालित हुई है। अध्ययन में यह भी दिखाया गया है कि बीएफएसआई सेक्टर ने पिछले दो दशकों में व्यापक बाजार को लगातार बेहतर प्रदर्शन दिया है, जैसा कि निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज (एनएफएस) इंडेक्स बनाम निफ्टी50 में परिलक्षित होता है। वैश्विक वित्तीय संकट की रिकवरी के ठीक बाद 2009 में, एनएफएस ने केवल छह महीनों में 80 प्रतिशत की तेजी दिखाई, जबकि निफ्टी 50 ने 64 प्रतिशत की। इसी तरह, 2014 के चुनाव परिणामों के बाद, एनएफएस ने छह महीनों में 37 प्रतिशत के रिटर्न दिए, जबकि निफ्टी50 ने 23 प्रतिशत का रिटर्न दिया।

कोविड-19 के बाद 2021 में रिबाउंड ने इस ताकत को और उजागर किया, जिसमें एनएफएस ने एक वर्ष में 66 प्रतिशत की वृद्धि की, जबकि निफ्टी50 ने 55 प्रतिशत की। यहां तक कि 2024 के बाजार के पीक पर रहने के दौरान भी एनएफएस ने व्यापक बाजार रिटर्न के मामले में थोड़ा बेहतर प्रदर्शन दिया, यह 19 प्रतिशत के मुकाबले 21 प्रतिशत बढ़ा।

### केंद्रीय मंत्री गुर्जर ने नगला एन्क्लेव में 13 करोड़ 20 लाख की विकास परियोजना के निर्माण कार्यों किया शुभारंभ

# जनकल्याण और बुनियादी ढांचे का सीधे तौर पर फरीदाबाद को मिल रहा लाभ: कृष्ण पाल गुर्जर

**खास बातें**

- बुजुर्गों द्वारा नारियल फोड़कर परंपरागत तरीके से शिलान्यास किया गया
- फरीदाबाद को मिली बड़ी सौगात
- भाजपा सरकार के नेतृत्व में सैकड़ों किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क का विस्तार किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने रविवार को नगला एन्क्लेव पार्ट-2, वार्ड नंबर-7 एनआईटी फरीदाबाद में 13 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से सीवर लाइन, पानी की लाइन, नाले और आरएमसी रोड निर्माण कार्य का उद्घाटन किया तथा 1.17 करोड़ का शिलान्यास किया। शिलान्यास विधिवत तरीके से बुजुर्गों द्वारा नारियल फोड़कर परंपरागत तरीके से किया गया। इस अवसर पर विधायक सतीश फागना भी मौजूद रहे। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है और नगला एन्क्लेव में यह कार्य उसी प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से फरीदाबाद वासियों के लिए एक और बड़ी सौगात की घोषणा की गई है। केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय के अनुसार दिल्ली एयरपोर्ट को गुरुग्राम, फरीदाबाद और जेवर एयरपोर्ट से जोड़ने वाली नई रेपिड मेट्रो परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना का कार्य वर्ष 2026 में प्रारंभ किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत मेट्रो लाइन फरीदाबाद होते हुए नोएडा तक और आगे सीधे जेवर एयरपोर्ट तक जाएगी जबकि दूसरी दिशा में गुरुग्राम से होते हुए दिल्ली एयरपोर्ट को जोड़ेगी।



केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने नंगला एन्क्लेव में 13 करोड़ 20 लाख की विकास परियोजना के निर्माण कार्यों का शुभांरभ करते हुए। इस अवसर पर विधायक सतीश फागना भी उपस्थित रहें।

यह कनेक्टिविटी न केवल दिल्ली, एनसीआर क्षेत्र के नागरिकों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी, बल्कि फरीदाबाद को राष्ट्रीय परिवहन नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। फरीदाबाद के लिए बहुत बड़ी सौगात है, क्योंकि इस परियोजना से शहर को हाईवे, रेलवे और मेट्रो तीनों माध्यमों से सुदृढ़ परिवहन संपर्क प्राप्त होगा। इसके साथ ही, बल्लभगढ़ से पलवल तक नई मेट्रो विस्तार परियोजना भी तेजी से आगे बढ़ रही है, जिससे दक्षिण हरियाणा का विकास और तेज होगा। राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व विकास गति प्राप्त की है और यह नई मेट्रो परियोजना उस निरंतर प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की सरकार के 10 वर्षों में मात्र 10 किलोमीटर मेट्रो का विस्तार हुआ था, जबकि भाजपा सरकार के नेतृत्व में अब सैकड़ों किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है जो दिल्लीए गुड़गांव फरीदाबाद और जेवर एयरपोर्ट तक विस्तृत होगा। उन्होंने कहा कि पासपोर्ट ऑफिस के लिए दिल्ली जाने की बजाय अब पासपोर्ट ऑफिस फरीदाबाद में ही उपलब्ध है।

खबर संक्षेप

### यूपी में 23 एडिशनल एसपी के तबादले

**लखनऊ।** यूपी में रविवार को 23 एडिशनल एसपी के तबादले कर दिए गए। तबादले की सूची जारी कर दी गई है।




बीएस वी कुमार को उपसेनानायक, 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद, वहीं सच्चिनानंद को अपर पुलिस अधीक्षक एसएसएफ मुख्यालय लखनऊ में तैनाती दी गई है। इसी तरह डॉ. संजय कुमार को उपसेनानायक, 27वीं वाहिनी, पीएसी, सीतापुर में तैनात किया गया है।

### बच्ची की हत्या कर कुएं में फेंक दिया शव

**पलामू।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के कोशियारा गांव में 10 साल की बच्ची की हत्या कर दी गई।




घटना से पूरा क्षेत्र सदमे में है। कोशियारा गांव के रहने वाले एक शख्स की बेटी दो दिन पहले रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई थी। रविवार सुबह में उसका शव गांव के कुएं से बरामद किया गया। परिजनों की आशंका है कि आपराधिक तत्वों ने बच्ची की बेरहमी से हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया।

### ट्रांसपोर्टर पर गिरा बिजली का खंभा, मौत

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श कॉलोनी में स्कूटर पर जा रहे ट्रांसपोर्टर सुनील



कुमार के सिर पर बिजली का खंभा गिर गया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। परिजनों ने हंगामा कर शव नहीं उठाने दिया। सड़क पर खून ही खून बिखरा पड़ा था। परिजनों ने विभाग विद्युत विभाग अधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए हंगामा किया ।

## गोशालाओं के पशुओं के लिए तैयार होगी खुराक

# मथुरा में 300 एकड़ जमीन पर उगेगी नेपियर घास

मथुरा में 300 एकड़ जमीन पर नेपियर घास उगाई जाएगी। यह घास गोशालाओं के पशुओं के लिए पौष्टिक आहार के रूप में इस्तेमाल होगी, जिससे चारे की समस्या दूर होगी। इस पहल से पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर होगा और दूध उत्पादन में वृद्धि होगी।

एजेंसी ▶▶ मथुरा

ब्रज क्षेत्र गोवंशी पशुपालकों के घरों से लेकर संतों के आश्रम एवं विभिन्न गोशालाओं में बड़ी संख्या में गोवंशी संरक्षित किए जा रहे हैं। इनमें से कई गोशालाओं में पर्याप्त चारे की किल्लत रहती है, जिसकी आपूर्ति के लिए नेपियर घास की पैदावार शुरू कर दी गई है। इसके लिए जिला प्रशासन की पहल पर 300 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है, जिस पर नेपियर घास उगाई जा रही है।

जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह के आदेश पर उमा कल्याण ट्रस्ट द्वारा गोशालाओं से जुड़ी हुए गोचर भूमि में लगभग 200 एकड़ उगाई जाने की



कार्ययोजना तैयार हुई थी। इसके लिए गांव धमसिंगा, बसई शेरगढ़, श्रीकृष्ण गोशाला राल, कमई, कुंजेरा एवं जावली में जगह चिन्हित की गई है। उत्पादन से पहले चिन्हित की गई भूमि का संबंधित ग्राम पंचायत के साथ एमओयू की विधिक कार्रवाई हुई, इसके बाद नेपियर घास उत्पादन हुआ।

इस कार्य में विशेषज्ञों की टीम भी लगाई गई, जिसने देखा कि कैसे कम से कम लागत में अधिक से अधिक उत्पादन हुआ, जिससे अधिक से अधिक गोवंशी को पूरे वर्ष हरा चारा उपलब्ध कराया जा सका। पहले चरण में नेपियर घास लगाने के बाद उसके उत्पादन में आए खर्चे व मात्रा की समीक्षा कर आगे भी अन्य जगहों पर भी इस कार्ययोजना को लागू किया जाएगा, ताकि जिले के सभी जरूरतमंद गोशाला में नियमित हरा चारा उपलब्ध करवाया जा सके।

### एक बीज में नौ वर्ष फसल, एक वर्ष में चार बार कटाई

नेपियर घास की फसल एक बार बीज डालने के बाद नौ साल तक चलती है। एक बार बीज डालने के बाद यदि सही तरीके से सिंचाई आदि हो तो एक वर्ष में चार बार फसल ली जा सकती है। एक एकड़ में कम से कम 200 टन की घास का उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इससे गोवंशी के लिए हरे चारे की नियमित उपलब्धता की जा सकेगी और एक लंबी परियोजना पर काम होगा।

## पुलिस के भी उड़े होश

# प्रतापगढ़ में ड्रग्स तस्कर के घर छापा नोट गिनते-गिनते परेशान हो गए अधिकारी

पुलिस को ड्रग्स माफिया के घर से 6 किलो गांजा, 577 ग्राम स्मैक (हीरोइन) और 2 करोड़ 1 लाख 55 हज़ार 345 रुपए कैश मिले। मामले का खुलासा पुलिस लाइन में एसपी दीपक भुकुर ने किया। वहीं इस मामले में कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

एजेंसी ▶▶ प्रतापगढ़

प्रतापगढ़ में पुलिस और नारकोटिक्स विभाग ने मादक पदार्थों के तस्कर के घर छापेमारी कर मादक पदार्थों की खेप के साथ ही दो करोड़ रुपए से ज्यादा कैश बरामद किया है। बताया जाता है कि प्रतापगढ़ जेल में बंद माफिया इस तस्करी गैंग को चला रहा था। इस माफिया का नाम राजेश मिश्रा है। एसपी ने इस मामले का खुलासा किया।

- ड्रग्स माफिया के घर से 6 किलो गांजा
- 577 ग्राम स्मैक (हीरोइन) और 2 करोड़ 1 लाख 55 हज़ार कैश

### पत्नी और बेटे को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार



### अभी तक 5 लोगों की गिरफ्तारी

जानकारी के मुताबिक प्रतापगढ़ के मानिकपुर थाना क्षेत्र के मुंदीपुर गांव में रहने वाले मादक पदार्थ तस्कर के घर राजेश मिश्रा के घर नारकोटिक्स विभाग और प्रतापगढ़ पुलिस ने शनिवार को छापा मारा। पुलिस को ड्रग्स माफिया के घर से 6 किलो गांजा, 577 ग्राम स्मैक (हीरोइन) और 2 करोड़ 1 लाख 55 हज़ार 345 रुपए कैश मिले। मामले का खुलासा पुलिस लाइन में एसपी दीपक भुकुर ने किया। वहीं इस मामले में कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इस पूरे मामले में राजेश की पत्नी रीना मिश्रा, बेटा विनायक मिश्रा, बेटी कोमल मिश्रा ,पड़ोसी यश मिश्र और अजीत मिश्रा को गिरफ्तार किया गया। मामले का खुलासा एसपी दीपक भूकर ने प्रतापगढ़ के पुलिस लाइन में किया। उन्होंने बताया , मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ लगातार पुलिसिया कार्रवाई जारी है और कुछ दिन पूर्व भी राजेश मिश्रा द्वारा अवैध रूप से अर्जित करीब 3 करोड़ 6 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की गई थी।

### 25 दिन पहले जेल से छूटी थी रीना मिश्रा

उन्होंने बताया कि इस अपराध में राजेश मिश्रा की पत्नी रीना मिश्रा भी लगातार साथ दे रही थी। पुलिस ने रीना मिश्रा को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों के ऊपर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई है । गैंगेस्टर रीना मिश्रा 25 दिन पूर्व जेल से छूटकर अपने घर पहुंची थी, इसके बाद वह फिर से इस काले कारोबार में शामिल हो गई। मुखबिर की सटीक सूचना पर पहुंच कर पुलिस द्वारा छापेमारी कर नगदी और ड्रग्स बरामद किया गया ।

### खुलासा करने वाली टीम को 50 हजार इनाम

बताया जाता है कि नोटों की संख्या देखकर पुलिस अधिकारियों को होश उड़ गए। करीब 24 घंटे तक नोटों की गिनती की गई है और अब सूचना इनकम टैक्स विभाग को दी गई है मामले में विधिक कार्रवाई प्रचलित है। गैंगस्टर और तस्कर के खिलाफ अलग-अलग थानों में कुल 14 से अधिक मामले दर्ज है। पुलिस ने खुलासा करने वाली टीम को 50हजार का इनाम देने की घोषणा की है।

## राहुल के वोट चोरी के आरोपों पर बोले तेज प्रताप

# कोई फायदा नहीं होने वाला

एजेंसी ▶▶ पटना

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी और एसआईआर को लेकर लगाए गए आरोपों पर जनशक्ति जनता दल के प्रमुख और महुआ से उम्मीदवार तेज प्रताप यादव ने तीखा बयान दिया है। उन्होंने कहा,



"इन सब बातों का कोई फायदा नहीं होने वाला है। जनता सब समझ रही है।" तेज प्रताप ने राहुल के दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि इस तरह के आरोपों से न चुनावी हवा बदलने वाली है और न जनता का रुझान ही बदलेगा।

## चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ियों पर बोले अखिलेश

# भाजपा राज में फैली चुनावी धांधलियों का कूड़ा हटाना जरूरी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर लोकतंत्र को कमजोर करने और चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ियों को बढ़ावा देने का गंभीर आरोप लगाया है । कहा कि भाजपा राज में फैली चुनावी धांधली के कूड़ा को हटाना जरूरी है। सपा प्रमुख ने रविवार को सोशल



मीडिया मंच एक्स पर कहा कि 'सच्चे स्वच्छ भारत' के लिए भाजपा राज में चुनाव आयोग के कुछ अधिकारियों द्वारा फैलाए गए धांधलियों के कूड़े को हटाना भी उतना ही जरूरी है, जितना सड़कों की सफाई।

### मां ने ही मेरे पिता को मारा

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। अदालत ने पति की हत्या कर शव को कुएं में फेंकने के मामले में पत्नी और उसके दो प्रेमियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश संजय के. लाल की अदालत ने सुनाया। दरअसल, नाबालिग बेटों ने मां और उसके प्रेमी के खिलाफ गवाही दी।

- नाबालिग बेटों की गवाही से महिला और उसके दो प्रेमियों को उम्रकैद

## पेज एक का शेष....

### बिहार: चुनाव प्रचार थमा...

औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, कैमूर, नवादा और रोहतास जिलों में मतदान होगा। दूसरे चरण के मतदान में 1302 प्रत्याशी चुनावी मैदान हैं। इनमें 1165 पुरुष उम्मीदवार, 136 महिला उम्मीदवार और एक थर्ड जेंड हैं। वहीं तीन करोड़ 70 लाख मतदाता दूसरे चरण में मतदान करेंगे। एक करोड़ 95 लाख पुरुष वोटर हैं। एक करोड़ 74 लाख महिला वोटर हैं। चार लाख चार हजार दिव्यांग वोटर हैं। 63373 सर्विस वोटर हैं। 943 थर्ड जेंडर हैं। 43 एनआरआई हैं। वहीं 18 से 19 साल के मतदाताओं की संख्या सात लाख 69 हजार 356 है। बिहार डीजीपी विनय कुमार ने कहा, दूसरे चरण के चुनाव की तैयारियां पहले चरण से भी ज़्यादा कड़ी हैं। जिन ज़िलों में मतदान होगा, उनमें से कुछ अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित हैं, जैसे भारत-नेपाल सीमा से लगे सात ज़िले। अंतरराज्यीय सीमा से लगे ज़िलों में भी चुनाव हो रहे हैं। इन राज्यों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं और इन राज्यों के डीजीपी से बातचीत भी हो चुकी है। सुरक्षा इंतजामों की जानकारी देते हुए डीजीपी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा शनिवार को सील कर दी गई थी। अंतरराज्यीय सीमा आज सील कर दी जाएगी। सीमावर्ती राज्यों में चेकपोस्ट बनाए गए हैं और संयुक्त जांच होगी। इस चरण में 1,650 कंपनियां तैनात की जा रही हैं। इसके अलावा, जिन ज़िलों में चुनाव होने हैं, वहां राज्य पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सभी तैयारियां चल रही हैं। अश्वारोही दस्ता भी तैनात किया गया है।

### जरा से चूके तो बिहार में...

जंगलराज और नरसंहार को खत्म कर दिया है। शाह ने कहा, 'राहुल गांधी यहां 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' निकालने आए थे। मैं उनसे पूछता हूं कि उन्होंने किसके लिए यात्रा निकाली? बिहार की माताओं, गरीबों या युवाओं के लिए? नहीं, इनके लिए इन्हें कुछ नहीं करना है। इन्होंने घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्रा निकाली है। राहुल के लिए ये घुसपैठिए वोटबैंक हैं।' गृह मंत्री ने वादा किया, 'राहुल गांधी को बिहार से लेकर इटली तक जितनी यात्रा निकालनी है निकालें, लेकिन वो घुसपैठिए को बचा नहीं पाएंगे। हम देश और बिहार से एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर बाहर निकालने का काम करेंगे।' शाह ने कांग्रेस पर डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के नाम का केवल चुनावी इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि जब तक बाबा साहेब जीवित रहे, कांग्रेस ने उनका विरोध किया, और उनके निधन के बाद भी सम्मान में कुछ नहीं किया। उन्होंने याद दिलाया, 'बाबा साहेब को भारत रत्न तब मिला, जब कांग्रेस सत्ता से गई।' उन्होंने कहा, 'मोदी जी ने 14 अप्रैल को राष्ट्रीय समरसता दिवस और 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया। कांग्रेस के लिए बाबा साहेब का नाम सिर्फ वोट बटोरने के लिए है, जबकि हमारे लिए बाबा साहेब का नाम श्रद्धा का केंद्र है।'

### आरएसएस 'बॉडी ऑफ ...

ऑफ इंडिविजुअल्स' के रूप में वर्गीकृत हैं और एक मान्यता प्राप्त संगठन हैं। संघ प्रमुख ने बताया कि आयकर विभाग और अदालतों ने भी आरएसएस को बॉडी ऑफ इंडिविजुअल्स के रूप में मान्यता दी है, जिसके कारण संगठन को आयकर से छूट मिली हुई है। भागवत ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा हम पर तीन बार प्रतिबंध लगाया गया। अगर हम होते ही नहीं, तो सरकार ने किस पर प्रतिबंध लगाया था? उन्होंने आगे कहा कि कई चीजें हैं जो पंजीकृत नहीं होतीं। उन्होंने अपने बयान में जोड़ा कि यहां तक कि हिंदू धर्म भी पंजीकृत नहीं है। डॉ. भागवत ने कहा कि संघ हमेशा से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का सम्मान, श्रद्धांजलि और रक्षा करता आया है। उन्होंने बताया कि 1933 में राष्ट्रीय ध्वज तय करने वाली समिति ने भगवा रंग की सिफारिश भी की थी, लेकिन महात्मा गांधी ने तीन रंगों वाला तिरंगा चुना। भागवत ने कहा हमारा भगवा अपना है और तिरंगा हमारा राष्ट्रीय प्रतीक दोनों में कोई टकराव नहीं है। गौर हो कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उनके बेटे तथा कर्नाटक के मंत्री प्रियंक ने हाल ही में आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। संघ प्रमुख बेंगलुरु में 'संघ यात्रा के 100 साल: नए क्षितिज' नाम की दो दिन की व्याखानमाला को संबोधित करते रहे थे।

### नौकरी बदलते ही नए...

के डेटा के अनुसार, हर साल लाखों क्लेम लंबे समय तक पेंडिंग रहते थे, जिससे कर्मचारियों को ब्याज का नुकसान झेलना पड़ता था।

कर्मचारियों को मिलेंगे ये फायदे

1- समय की बचत होगी, क्योंकि अब ट्रांसफर अपने आप कुछ ही दिनों में पूरा हो जाएगा

2- किसी भी डॉक्यूमेंट को अपलोड करने की जरूरत नहीं पड़ेगी

3- इंटरेस्ट लगातार मिलता रहेगा, यानी पैसा चाहे ट्रांसफर में हो या किसी प्रोसेस में, ब्याज का नुकसान नहीं होगा

4- रिटायरमेंट के समय पूरी रकम एक ही जगह मिलेगी जिससे फाइनेंशियल मैनेजमेंट आसान होगा

5- खासकर प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों के लिए जॉब स्विचिंग अब आसान और सुरक्षित बन जाएगी

**फ्राड की संभावनाएं होंगी खत्म** : नए ऑटोमैटिक ट्रांसफर सिस्टम से अब यह परेशानी पूरी तरह खत्म हो जाएगी। ईपीएफओ का कहना है कि इससे 10 करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों को फायदा होगा। एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि यह सिस्टम पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस होगा। इससे न केवल प्रक्रिया तेज होगी बल्कि यूएएन के आधार पर ट्रांसफर होने से फ्रॉड की संभावनाएं भी कम होंगी।

### कपिल के कैफे पर...

की स्थापना इस वर्ष के प्रारंभ में प्रांत में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध समूहों के विरुद्ध खुफिया जानकारी और प्रवर्तन प्रयासों के समन्वय के लिए की गई थी।

**नेटवर्क में शामिल कई पंजाबी मूल के** : हालांकि अधिकारियों ने निर्वासित व्यक्तियों की पहचान, राष्ट्रीयता या गंतव्य का सार्वजनिक रूप से खुलासा नहीं किया है। इस नेटवर्क में शामिल कई पीड़ित और अपराधी पंजाबी मूल के हैं। सीबीएसए ने आगे की जानकारी न देने के कारणों के रूप में परिचालन सुरक्षा संबंधी चिंताओं और आव्रजन का हवाला दिया।

**लॉरेंस बिश्नोई गैंग की टूटी कमर** : कनाडा सरकार की कार्रवाई सीधे तौर पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ी मानी जा रही है, जो कनाडा में दक्षिण एशियाई मूल के कारोबारियों से वसूली और फायरिंग की घटनाओं में शामिल बताया गया है। कनाडा बॉर्डर सिक्योरिटी एजेंसी ने पुष्टि की है कि अब तक 78 अन्य विदेशी नागरिकों की भी पहचान की गई है, जो ऐसे ही उगाही गिरोहों से जुड़े हो सकते हैं। ये सभी जांच के दायरे में हैं। हाल के महीनों में ब्रिटिश कोलंबिया और ओंटारियो में बिजनेसमैन और रेस्टोरेंट मालिकों के घरों पर फायरिंग और धमकी की घटनाएं बढ़ी थीं। इनमें कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफ रेस्टोरेंट पर हुई गोलीबारी भी शामिल है।

### सीजेआई बोले-कानूनी...

प्रत्येक दौरा और किया गया प्रत्येक हस्तक्षेप वास्तव में किसी जरूरतमंद व्यक्ति का उत्थान करे। न्यायमूर्ति गवई ने विधिक सेवा प्राधिकरणों के लिए दीर्घकालिक संस्थागत दृष्टिकोण के साथ अपने प्रयासों की संकल्पना और क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, प्राथमिकताएं अक्सर व्यक्तिगत कार्यकारी अध्यक्षों के कार्यकाल से निर्धारित होती हैं, जिनमें से प्रत्येक के पास योजनाओं को लागू करने के लिए सीमित समय होता है। इस कार्यक्रम में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और शीर्ष न्यायालय और उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीश भी शामिल हुए।

**नालसा की 30वीं वर्षगांठ** : सीजेआई गवई ने नालसा (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण) द्वारा उसकी 30वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि इससे विचारों में विविधता आती है, लेकिन इससे निरंतरता और सतत कार्यान्वयन भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, इससे निपटने के लिए, मैं क्रमशः नालसा और एसएलएसए में एक सलाहकार समिति के गठन का सुझाव देता हूं, जिसमें वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष और दो या तीन भावी कार्यकारी अध्यक्ष शामिल हों। यह समिति दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य वाली परियोजनाओं पर चर्चा करने और नजर रखने के लिए तिमाही या हर छह महीने में बैठक कर सकती है।

### हरियाणा में शिमला जैसी...

संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, इस साल एक और दो नवंबर को हुई बारिश और पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ी है। तापमान में लगातार गिरावट आएगी। वहीं, छत्तीसगढ़ के पेंड्रा अमरकंटक में कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है। पेंड्रा में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से गिरकर 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग की अगर मानें तो अगले 2 दिनों में पूरे प्रदेश में न्यूनतम तापमान 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। उत्तर छत्तीसगढ़ की एक-दो जगहों पर शीतलहर चलने की चेतावनी भी दी गई है। राजस्थान से लेकर मध्य प्रदेश के कई शहरों में तापमान गिर गया है तो दक्षिण में लौटते मानसून की बारिश के चलते ऊटी में भी ठंड का असर दिखने लगा है। यहां पर गाडियों की विंड स्क्रीन और पेड़ पौधों पर पड़ी ओस बूंदे जम गईं। बर्फीली हवा की वजह से राजस्थान के अलवर, उदयपुर और झुंझनू में पारा गिर गया है। इन शहरों में शनिवार को सीजन की सबसे ठंडी रात रही। बारां और करौली में पहली बार तामपान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। इसके अलावा 12 जिलों में तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा।

### जो जिलाध्यक्ष बैठक...

तौर पर राहुल गांधी ने दस पुशअप लगवाए। ट्रेनिंग के दौरान सचिन राव ने कहा देरी से आने पर हमारे यहां यही सजा है। रविवार सुबह राहुल गांधी पचमढ़ी के गांधी चौक पहुंचे, जहां उन्होंने अपने पिता राजीव गांधी द्वारा 1989 में अनावरण की गई गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### गिरोगे, लेकिन फिर ....

सत्र की खास बात यह रही कि राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों के साथ मार्शल आर्ट की पोशाक पहनकर फिटनेस और फोकस पर आधारित 30 मिनट का अभ्यास कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजनीति भी मार्शल आर्ट की तरह है। गिरोगे, लेकिन फिर उठकर लड़ना ही जीत की कुंजी है। भाजपा की विचारधारा से मुकाबला मोहब्बत और धैर्य से करना है। राहुल ने समझाया कि नकारात्मकता का जवाब सकारात्मकता से देना है और मोहब्बत की दुकान का संदेश संगठन के हर स्तर पर पहुंचना चाहिए।

## कार गायब, परिजन बोले- गला काटकर मार डाला

# विप्रो के इंजीनियर का शव गुफा मंदिर के पास मिला

एजेंसी ▶▶ बागपत

दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर गुफा मंदिर के सामने नौरोजपुर गुर्जर गांव के इंजीनियर अनुज कुमार नैन (35) का शव पड़ा हुआ मिला। देर रात शव मिलने पर पुलिस ने अनुज के परिवार वालों को जानकारी देकर बुलाया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

नौरोजपुर गुर्जर गांव निवासी अनुज कुमार नैन दिल्ली की विप्रो कंपनी में इंजीनियर पद पर तैनात थे। बताया कि शनिवार को कंपनी में ड्यूटी करने के बाद अनुज कुमार अपनी गाड़ी से वापस लौट रहे थे, लेकिन रात में घर नहीं आए।

देर रात पुलिसकर्मियों ने फोन कर गुफा मंदिर के पास अनुज का शव पड़ा मिलने की जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे और अनुज की हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की। अनुज की कार भी मौके पर नहीं मिली। अनुज के



पिता देवेंद्र कुमार नैन का कहना था कि गले पर धारदार हथियार के निशान हैं। गला रेतकर उनके बेटे की हत्या की गई है। कार और नगदी भी लूट ली। पुलिस घटना को हादसा मानकर जांच कर रही है। अनुज की गाड़ी गांव के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में देखी गई। उधर पुलिस ने अनुज की गाड़ी का पता लगाने का भी प्रयास किया। पुलिस का कहना है कि अनुज के शरीर पर मिली चोट को देखकर हादसा लग रहा है।

## बागपत में राकेश टिकैत बोले-

# ये वोट चोरी कर रहे तो जीतेगा कौन?

एजेंसी ▶▶ बागपत

भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत ने भाजपा का नाम लिए बिना कहा कि बिहार विधानसभा के चुनाव में खुला बेईमाना हुआ। नदी पार बूथ बनवाया और नाव बंद करा दी लोग वोट डालने से वंचित हुए। ये तो वोटों की चोरी कर रहे तो जीतेंगे कौन...।



शनिवार में मवीकलां गांव में एक विवाह समारोह में भाग लेने के उपरांत चौ. राकेश टिकैत ने पत्रकारों से कहा कि सरकार यूपी विधानसभा चुनाव वर्ष 2027 से पहले 50 रुपये और बढ़ाकर अपना वादा पूरे करें। 50 रुपए बढाने पर कह देंगे कि सरकार ठीक है। चीनी मिलों से गन्ना भुगतान कराएं। भविष्य में राजनीति में आने के प्रश्न पर बोले, राजनीति की तरफ पैर करके भी नहीं सोना चाहिए,खराब चीज। राजनीति से दूर रहकर सामाजिक काम करते रहना चाहिए।

## जीरो ऑलरेंस नीति के तहत योगी सरकार का एक्शन

# समाज कल्याण विभाग ने 4 अधिकारी बर्खास्त

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में समाज कल्याण विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने भ्रष्टाचार के गंभीर मामलों में फंसे चार अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। तीन सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन से स्थायी कटौती का आदेश जारी कर दिया गया है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण की निगरानी में हुई जांच के बाद आरोपी अधिकारियों पर कार्यवाही हुई है। विभागीय मंत्री ने सभी मामलों में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

- 3 सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन से कटौती का आदेश
- मंत्री असीम अरुण की निगरानी में हुई जांच के बाद कार्यवाही

दरअसल इनमें से भ्रष्टाचार के कुछ मामले पिछले डेढ़ दशक से भी अधिक समय से लंबित पड़े थे। आरोपी अधिकारियों में से तीन सेवानिवृत्त हो गए हैं। इनसे सरकारी रकम की वसूली के साथ पेंशन से स्थायी कटौती करने का निर्देश दिया गया है।



श्रावस्ती जिले की तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी मीना श्रीवास्तव को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। मार्च 2008 से अप्रैल 2012 तक श्रावस्ती में तैनाती के दौरान इन्होंने मुख्यमंत्री महामाया गरीब आर्थिक मदद योजना और शादी-बीमारी योजना के अंतर्गत मिले आवेदनों में गंभीर अनियमितताएं की। बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के डाटा फीडिंग कराई गई और लाभार्थियों के खातों में हेरफेर कर धनराशि का गबन कर दिया गया। साथ ही छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं में भी व्यपहरण के सबूत मिले थे।

### मान्यताविहीन संस्थानों को भुगतान

मथुरा के तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी करुणेश त्रिपाठी को भी बर्खास्त करने के आदेश जारी हो गये हैं। तैनाती के दौरान करूणेश त्रिपाठी ने निजी आईटीआई संस्थानों को छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति में भारी वित्तीय अनियमितताएं की थी। 11 मान्यताविहीन संस्थानों को 2.53 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था। फर्जी छात्रों के नाम पर धनराशि जारी की गई थी। 2 वर्ष से लेकर 51 वर्ष तक की उम्र के लोगों को आईटीआई कोर्स में दाखिला दिखाया गया था। इनकी बर्खास्तगी और 19.25 करोड़ रुपए की वसूली का आदेश दिया गया है।

### मंत्री असीम अरुण ने दी सख्त चेतावनी

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर कार्यवाही जारी रहेगी। ऐसे और मामले जो दबे हुए थे, उनमें भी शीघ्र कार्यवाही होगी और एफआईआर भी दर्ज होगी।




# 5 दिसंबर को रिलीज होगी स्पाई थ्रिलर एक्शन फिल्म धुरंधर

**मुंबई।** रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म धुरंधर इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक और पोस्टर जारी किया है। । 'धुरंधर'5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म की कहानी को लेकर अभी ज्यादा कुछ तो सामने नहीं आया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि यह एक स्पाई-थ्रिलर एक्शन फिल्म होगी। मेकर्स ने फिल्म से अर्जुन रामपाल के फर्स्ट लुक के बाद अब आर माधवन का लुक भी जारी कर दिया है। इस फर्स्ट लुक में आर माधवन को कर्म के सारथी के रूप में दिखाया गया है।

लाइफ Style

# शेफाली

## वर्दी पहनते ही एकदम बदल जाती है चाल



जानी-मानी अदाकारा शेफाली शाह ने यूं तो अपने कॅरियर की शुरुआत टीवी से की। फिर सत्या, मॉनसून वेडिंग, दिल धड़कने दो और वक्त जैसी फिल्मों के लिए चर्चा में रहीं, लेकिन उनकी एक्टिंग का असली दमखम दिखा ओटीटी पर।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जब वह एमी अवॉर्ड विनिंग सीरीज 'दिल्ली क्राइम' में मैडम सर यानी एसीपी वर्तिका चतुर्वेदी के रूप में नजर आईं। इसके बाद तो वह ह्यूमन, डार्लिंग्स, जलसा और थ्री ऑफ अस जैसी हर फिल्म, हर सीरीज से दर्शकों के दिल में अपनी छाप मजबूत करती गईं। 'दिल्ली क्राइम 2' के लिए प्रतिष्ठित एमी अवॉर्ड जीतने वाली शेफाली अब इसके तीसरे सीजन में लौटी हैं। जाहिर है यह शो उनके लिए बेहद स्पेशल है। वह कहती हैं कि उन्हें इस शो और किरदार से बेहद प्यार है। शेफाली बताती हैं, 'मेरा एक्साइटमेंट तभी शुरू होता है, जब मुझे पता चलता है कि इस शो का नया सीजन आ रहा है। मुझे इस शो और मैडम सर से प्यार है। हालांकि, जब सेट पर जाने का वक्त आता है तो मेरा टेंशन, स्ट्रेस सब बढ़ जाता है। ऐसा लगता है कि मुझे कुछ नहीं आता, लेकिन जब मैं उसके जूते में पैर रखती हूं, मेरी चाल बदल जाती है। वह यूनिफॉर्म पहनते ही मुझमें अचानक एक चौड़ आ जाती है। वैसे, यह इमोशनली आपको सुखा देने वाला शो है। बहुत इंटेंस शो है। मैंने तीन सीजन कर लिए, मगर कभी भी ऐसा नहीं लगा कि सबकुछ आसान है। मैं सब आसानी से कर रही हूं, क्योंकि हर बार अलग केस है तो उनका रिएक्शन अलग होगा।

## हॉलीवुड मसाला



# सबसे अधिक नौ नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी अवॉर्ड्स 2026 के नॉमिनेशंस का ऐलान हो गया है। इसमें रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नॉमिनेशन मिले हैं। लिस्ट में लेडी गागा से लेकर जस्टिन बीबर तक का नाम है, लेकिन टेलर स्विफ्ट को एक भी नॉमिनेशन नहीं मिला है। अगले साल 1 फरवरी, 2026 को लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो.कॉम एरिना में यह पुरस्कार दिए जाएंगे। शुक्रवार को ऐलान हुए ग्रैमी नॉमिनेशन में रैपर केंड्रिक लैमर को सबसे अधिक 9 नामांकन मिले हैं।



# फिर से करेंगी वकील बनने की तैयारी...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल किम कार्दशियन इन दिनों वकील बनने की तैयारी कर रही हैं। किम कार्दशियन ने हाल ही में अपनी कैलिफोर्निया बार परीक्षा के परिणाम के बारे में बताया, जिसमें वो असफल हो गई हैं। हालांकि इस हार से वो परेशान नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि वह पढ़ाई करेंगी और इस परीक्षा को दोबारा देंगी। किम कार्दशियन ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखा है। उन्होंने कहा, 'मैं अभी वकील नहीं हूं, बस टीवी पर अच्छे कपड़े पहनकर वकील का किरदार निभाती हूं। इस वकालत के सफर में छह साल हो गए हैं, जब तक मैं बार की परीक्षा पास नहीं कर लेती, मैं पूरी तरह से इसमें लगी हुई हूं। कोई शॉर्टकट नहीं, कोई हार नहीं बस और ज्यादा पढ़ाई और और भी ज्यादा दृढ़ संकल्प की जरूरत है।'



# जूडी हॉप्स के किरदार को हिंदी में दी आवाज


**मुंबई।** श्रद्धा कपूर हॉलीवुड फिल्म 'जूटोपिया 2' के कारण चर्चा में हैं। वो इस फिल्म के सबसे प्यारे किरदार जूडी हॉप्स की आवाज बनेंगी। इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है और फैंस को खूब पसंद भी आ रहा है। ये फिल्म इसी महीने थिएटर्स में रिलीज होने के लिए एकदम तैयार है। 'जूटोपिया 2' के ट्रेलर से पता चलता है कि जूडी और निक की कहानी एक बार फिर रोमांचक, मजेदार और दिल को छू लेने वाली होगी। जूटोपिया की इस रंगीन दुनिया में इस बार नए चैलेंज, समझदारी भरा ह्यूमर और वही खास इमोशनल गहराई है, जिसने पहली फिल्म को दुनिया भर में हिट बनाया था। फिल्म में हिंदी में श्रद्धा कपूर ने जूडो को आवाज दी है। फैंस ने कहा कि एक्ट्रेस की आवाज जूडी हॉप्स के किरदार में बिल्कुल सही बैठती है।




# बीएसएफ की जम्मू मैराथन में हुए शामिल...

**मुंबई।** बीएसएफ की जम्मू मैराथन में प्रतियोगियों का हौसला बढ़ाने के लिए अभिनेता सुनील शेट्टी भी पहुंचे हैं। वह मैराथन इवेंट को लेकर उत्साहित दिखे। साथ ही अभिनेता ने बताया कश्मीर में आने वाले दिनों में फिल्मों की शूटिंग हो सकती है। सुनील ने पीटीआई से बातचीत में कहा, 'लोग मुझे फिल्म 'बॉर्डर' में निभाए भैरों सिंह (आर्मी ऑफिसर) के किरदार की वजह से पहचानते हैं। यह जम्मू में मेरी पहली मैराथन है। उम्मीद है कि आगे भी कई मैराथन होंगी। मेरी कोशिश हर बार आने की रहेगी।' अभिनेता ने बीएसएफ के साहस, देश की सीमाओं की रक्षा में उनके योगदान को भी सराहा। आगे सुनील शेट्टी कहते हैं, 'कश्मीर में हुई मैराथन में भी मैं गया हूं। जल्द ही विक्रम राजदान, शब्बीर बॉक्सवाला और एक दोस्त बिनॉय गांधी हैं, जो इसी साल कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग शुरू करेंगे।

## टीवी मसाला



# सलमान ने दिखाया मृदुल का असली चेहरा, सुनते ही उड़ गए होश

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में फरहाना भट्ट बुरी तरह टूट चुकी हैं। वीकेंड का वार में सलमान खान ने उनकी कही हर बात से उनका सामना कराया। साथ ही फरहाना ने शो पर माफी भी मांग कि उन्होंने जो कहा उसके लिए वह पछता रही हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने ये भी कहा कि क्या मैं इतनी बुरी हूं। लेकिन, मृदुल की तो सलमान खान ने खूब क्लास लगाई। जैसे-जैसे फिनाले करीब आ रहा हैं।शो में सभी लोगों का अलग रूप देखने को मिल रहा हैं। जहां गौरव खन्ना का फरहाना पर गुस्सा फूटा वहीं, मृदुल का भी एक अलग रूप घर में अब नजर आने लगा हैं। मृदुल को तो सलमान ने चेतावनी तक दे डाली हैं। वीकेंड के वॉर में सलमान ने बताया कि कैप्टेंसी टास्क के दौरान मृदुल ने फरहाना को ऐसा धक्का मारा कि वह अनबैलेंड हो गईं। इसके बाद तो कुछ ऐसा हुआ कि वह शो में दिखाया ही नहीं गया। वो सीन महिलाओं के खिलाफ हिंसा की कैटेगरी में आता था। सलमान ने उसी बात को याद करते हुए, 'टास्क के दौरान मृदुल ने एक लड़की को इस तरह धकेला कि वह और कोहनी मारी कि हम वो वीडियो एपिसोड में डाल ही नहीं पाए। क्योंकि, यह महिलाओं के खिलाफ हिंसा मानी जाती हैं।'सलमान खान ने अपनी बातचीत में मृदुल से कहा कि ने उन्होंने फरहाना को धमकी भी दी थी अगर दोबारा तुमने मुझे धक्का मारा तो मैं तुम्हें खींचकर मारूंगा। इसके बाद सलमान ने उन्हें चेतावनी भी दी कि 'अगली बार ऐसा कुछ करना, करके देख लेना मृदुल। एक बार आप ऐसा करके देखों फिर देखों क्या होता है। अगर जो दिख रहा है वो तुम हो तो शो के शुरुआत में जो मासूम दिख रखा था, वो क्या था?

## 'तारक मेहता' में 8 साल बाद होगी टप्पू की वापसी!

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे लोकप्रिय और लंबे समय से चल रहा शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा का विषय एक्टर भव्य गांधी हैं। उनके किरदार टप्पू की आज भी बात होती है और उनके शो में वापस आने की खबरें जोरों पर बैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में भव्य ने शो में अपनी वापसी को लेकर एक अहम बयान दिया, जिससे फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है। भव्य गांधी ने 2008 में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में टप्पू के किरदार से एंट्री की थी। अपनी मासूमियत और एक्टिंग से उन्होंने दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। वह लगभग 7 साल तक शो का हिस्सा रहे और 2017 में शो को अलविदा कह दिया। उनके जाने से दर्शक काफी निराश हुए, क्योंकि टप्पू का किरदार शो की जान माना जाता था। भव्या के जाने के बाद पहले यह रोल राज अनादकट ने निभाया था और अब नितेश भुलानी निभा रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शो में वापसी करना चाहेंगे, तो भव्य ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां, क्यों नहीं? मैं जरूर शो में वापसी करना चाहूंगा। अगर मैं वापस लौटता हूं, तो यह मेरी लाइफ का क्लोजर होगा।'



# अनुष्का की 'चकदा एक्सप्रेस' से 7 साल बाद पर्दे पर वापसी

**मुंबई।** साल 2018 में आई 'जीरो' के बाद बड़े पर्दे से दूर रहीं अनुष्का की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' एक बार फिर चर्चा में आ गई है। दरअसल, खबर है कि निर्माताओं ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत के बाद नेटफ्लिक्स के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की गुजारिश की है। उनका कहना है कि झूलन गोस्वामी जैसी महान खिलाड़ी पर बनी ये बायोपिक दर्शकों तक पहुंचनी चाहिए और किसी विवाद या अड़चन से ऊपर उठकर फिल्म को रिलीज किया जाना चाहिए। बॉलीवुड की वो खूबसूरत अदाकारा जिसकी पहली ही फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। एक्ट्रेस ने शाहरुख खान के साथ फिल्मी पर्दे पर कदम रखा था। इस हसीना के कॅरियर की पहली ही फिल्म यशराज बैनर्स तले बनी थी जो बड़ी-बड़ी एक्ट्रेसेस का ख्वाब होता हैं। एक्टिंग के बाद उन्होंने प्रोडक्शन में किस्मत आजमाई और वहां भी खूब सफलता हासिल की, लेकिन कॅरियर के पीक पर हसीना ने शादी कर फिल्मों से लंबा ब्रेक ले लिया और अब 7 साल बाद उनके कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ये खूबसूरत अदाकारा जिसकी आज बात कर रहे हैं वो अनुष्का शर्मा हैं।



***सलमान , शाहरुख और आमिर के साथ दीं फिल्में :*** साल 2010 में एक्ट्रेस रजनीश शर्मा की फिल्म बैंड बाजा बारात में रणवीर सिंह के साथ नजर आई थीं। अनुष्का और रणवीर की केमिस्ट्री को फिल्म में काफी पसंद किया गया और दूसरी ही फिल्म सेउनके कॅरियर ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी। एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अनुष्का ने कुछ ही समय में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बड़े-बड़े स्टार सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान के साथ फिल्में दीं। एनएच 10, सुल्तान, पीके, संजू, सुई धागा, परी जैसी फिल्मों की सफलता से अनुष्का शर्मा ने दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट जैसी एक्ट्रेसेस को टक्कर देकर टॉप हीरोइनों की बीच अपनी जगह बनाई।

***शादी के बाद फिल्मी पर्दे से चलीं गईं दूर :*** विराट कोहली के साथ परिणय सूत्र में बंधते ही अनुष्का फिल्मी पर्दे से धीरे-धीरे दूर होती चलीं गईं। उन्होंने फिल्मों में काम करना कम कर दिया। कपल ने साल 2021 में अपनी पहली बेटी वामिका का स्वागत किया और पिछले साल दोनों ने अपने दूसरे बच्चे अकाय का स्वागत किया। अब 7 साल पर्दे से दूर रहने के बाद एक बार फिर अनुष्का शर्मा के कमबैक को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# महेश बाबू और राजामौली की साथ में पहली फिल्म

**मुंबई।** महेश बाबू और राजामौली की साथ में एसएसएमबी 29 पहली फिल्म है और इसी वजह से फैंस का उत्साह चरम पर है। एस एस राजामौली बाहुबली और आरआरआर जैसी फिल्मों से भारतीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिला चुके हैं। वहीं, महेश बाबू साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े स्टार्स में से एक माने जाते हैं। दोनों का साथ आना फैंस के लिए किसी बड़े सिनेमाई त्योहार से कम नहीं है। इस फिल्म की पहली झलक 15 नवंबर को होने वाले ग्लोब ट्रॉटर इवेंट में दिखाई जाएगी। इस मेगा इवेंट के आयोजन की तैयारी जोरों पर है और फैंस के बीच काउंटडाउन शुरू हो चुका है। यह खास इवेंट हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में आयोजित किया जाएगा, जहां देश-विदेश से मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री के बड़े चेहरे मौजूद रहेंगे। 'ग्लोब ट्रॉटर' को भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े लॉन्च इवेंट्स में से एक बताया जा रहा है। फिल्म की टीम ने सोशल मीडिया पर इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा है कि सिर्फ सात दिन में शुरू होगा- भारत का सबसे ऐतिहासिक ग्लोबल लॉन्च इवेंट'। वहीं, सुपरस्टार महेश बाबू ने भी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए



लिखा- 15 नवंबर के लिए गिनती शुरू हो चुकी है, मिलते हैं एक ऐतिहासिक पल के साथ।' फिल्म एसएसएमबी 29 की स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें महेश बाबू लीड रोल में नजर आएंगे, जबकि उनके साथ प्रियंका चोपड़ा फीमेल लीड के रूप में शामिल हैं। विलेन के रूप में पृथ्वीराज सुकुमारन का अहम किरदार रहेगा।

## 1999 में मिला गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड

# कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर कमाए थे 30 रुपए, अब उनके नाम हैं 5 नेशनल अवॉर्ड

### पिता थे मशहूर कवि

हम जिस अभिनेत्री की बात कर रहे हैं वह शबाना आजमी हैं। 18 सितंबर 1950 को हैदराबाद में जन्मी शबाना आजमी के पिता कैफी आजमी एक मशहूर कवि और गीतकार थे। उनकी मां शौकत आजमी रंगमंच अभिनेत्री थीं। ऐसे रचनात्मक माहौल में पली-बढ़ीं शबाना अभिनय की ओर आकर्षित हुईं। समय के साथ, वह भारत की सबसे सम्मानित अभिनेत्रियों में से एक बन गईं। शबाना आजमी भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की पूर्व छात्रा हैं। अपने संघर्ष के दिनों में, उन्होंने एक बार अपने अभिनय संस्थान की तरफ से आयोजित एक चैरिटी अभियान में भाग लिया। यहां उन्होंने एक पेट्रोल पंप पर कॉफी बेची और अपनी पहली तनख्वाह के रूप में 30 रुपए कमाए।

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो भारत की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में शामिल हैं। आज वह लगभग 200 करोड़ रुपए की संपत्ति की मालकिन हैं। उनका ताल्लुक रचनात्मक घराने से रहा है। अपने संघर्ष के दिनों में उन्होंने कभी पेट्रोल पंप पर कॉफी बेचकर 30 रुपए कमाए थे।*



### अंकुर से की कॅरियर की शुरुआत

आजमी ने 1974 में श्याम बेनेगल की फिल्म 'अंकुर' से अपने कॅरियर की शुरुआत की। पहली ही फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। उन्होंने अर्थ, खंडहर और पार में अपने अभिनय के लिए लगातार तीन वर्षों, 1982 से 1984 तक सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीतकर इतिहास रच दिया। 1999 में, उन्हें गॉडमदर के लिए पांचवां नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला।

### 150 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

पांच दशकों से भी ज्यादा के करियर में, शबाना आजमी ने कई भाषाओं और शैलियों की 150 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है। अभिनय के अलावा, वह महिला अधिकारों की एक प्रमुख आवाज हैं। उनका वकालत का काम अक्सर उनकी कला से जुड़ा होता है। वह अपने मंच का उपयोग बदलाव लाने के लिए करती हैं।

### 200 करोड़ रुपए की संपत्ति

1984 में, शबाना ने दिग्गज गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर से शादी की। पहले जावेद की शादी अभिनेत्री और लेखिका हनी ईरानी से हुई थी। जावेद और हनी के दो बच्चे हैं, फरहान अख्तर और जोया अख्तर। इस जोड़े ने बच्चे न होने का फैसला किया। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शबाना आजमी की कुल संपत्ति लगभग 200 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह भारतीय सिनेमा में उनके प्रभाव और सफलता को दर्शाती है।

## राज्य सेवा परीक्षा 2023 का फाइनल रिजल्ट जारी डीएसपी में 13 महिलाएं, टॉप- 5 में सभी पुरुष

दूसरे स्थान पर भुवनेश चौहान, तीसरे नंबर पर सागर के यशपाल स्वर्णकार, चौथे नंबर पर अभिषेक जैन रहे भोपाल टॉप 10 से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




शनिवार को मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने 2023 राज्य सेवा परीक्षा के फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू में प्राप्तांक के आधार पर प्रदेश में पन्ना के ईडबल्यूएस कैटेगरी के अजीत कुमार मिश्रा ने टॉप किया है। कुल 229 पदों में से 13 महिलाओं ने पुलिस विभाग में डीएसपी पद के लिए सफलता पाई है। रिजल्ट के अनुसार टॉप 10 में 3 महिलाएं शामिल हैं। हालांकि टॉप 5 में सभी पुरुष उम्मीदवार हैं। एमपीपीएससी ने राज्य सेवा परीक्षा 2023 का अंतिम रिजल्ट जारी कर दिया। राज्य सेवा परीक्षा 2023 में 229 पदों के लिए हुई थी। इसमें कुल 19 पदों से में केवल 6 पद महिलाओं के लिए आरक्षित थे, लेकिन परीक्षा में 13 पदों पर चयन हुआ है। दूसरे स्थान पर भुवनेश चौहान को 941.75 अंक प्राप्त किए। तीसरे नंबर पर सागर के यशपाल स्वर्णकार रहे। इन्होंने कुल 909 अंक प्राप्त किए है। चौथे नंबर पर अभिषेक जैन को 889.25 अंक प्राप्त किए। पांचवें स्थान पर अनुराग गुर्जर रहे। उन्होंने कुल 888.25 अंक प्राप्त किए।

### पन्ना के टॉपर अजीत मिश्रा के पिता किसान एवं माता गृहणी

पन्ना के अजीत मिश्रा ने पीएससी 2023 में टॉप किया है। उनके पिता किसान हैं और मां गृहणी हैं। वह साल 2022 में पहले नायब तहसीलदार चयनित होकर अभी मैहर में पदस्थ हैं। साल 2024 में वह असिस्टेंट डायरेक्टर फायनेंस के पद पर चयनित हो चुके हैं। यह उनका चौथा प्रयास था। अजीत मिश्रा ने इंदौर होलकर कॉलेज से बीएससी की परीक्षा पास की है। इन्होंने कुल 1575 में से 966 अंक प्राप्त किए। इसमें मुख्य परीक्षा में 821 और इंटरव्यू में 145 अंक प्राप्त किए।

### डिप्टी कलेक्टर बने जैन

दमोह के अभिषेक जैन चौथे नंबर पर रहे हैं। वे डिप्टी कलेक्टर बने हैं, इसके पहले 2024 में डीएसपी पर चयनित हो चुके हैं। सागर के यशपाल स्वर्णकार अभी ऑडिट सेवा में है। साल 2021 में वह इसमें चयनित हुए थे, फिर वह 2022 में जीएसटी इंस्पेक्टर पर चयनित हुए। यह उनका तीसरा चयन है।


### जबलपुर हाईकोर्ट में फाइनल सुनवाई हुई

एमपीपीएससी 2023की प्री परीक्षा दिसंबर 2023 में हुई थी। इसके बाद मेंस 11 से 16 मार्च 2024 में हुई थी। इसमें प्री के दो सवालों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी। इसके बाद उम्मीदवारों के हक में फैसला आया और इस पर मई 2024 में आयोग ने रिट अपील दायर की और स्टे लिया। जुलाई 2025 में जबलपुर हाईकोर्ट में अंतिम सुनवाई हुई और एक सितंबर को ऑर्डर रिजर्व रखा गया। इस पर अंतिम फैसला 7 नवंबर को आया। इसके बाद आयोग ने यह रिजल्ट 8 नवंबर को जारी कर दिया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आरोपों पर दी प्रतिक्रिया

## कांग्रेस के शासनकाल में भी होता था एसआईआर, भाजपा किसी भी व्यक्ति के अधिकार छीनने के खिलाफः खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


फाइल फोटो

भारतीय जतना पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक बार फिर जनता के बीच झूठ और भ्रम फैलने में लगे हैं।

दिग्विजय सिंह सहित अन्य कांग्रेस नेताओं द्वारा मतदाता के एसआईआर और नागरिकता को लेकर जो बयान दिए जा रहे हैं या आरोप लगाए जा रहे हैं, वह पूरी तरह से तथ्यहीन और निराधार हैं। कांगेस नेता वोट बैंक की राजनीति के चलते पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी किसी भी व्यक्ति के अधिकार छीनने के पूरी तरह से खिलाफ है। चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर की यह प्रक्रिया देश में पहली बार नहीं की जा रही है। कांग्रेस के शासनकाल में भी चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया अपनाई जाती रही है, तब कांग्रेस पार्टी ने इस प्रक्रिया का कभी विरोध नहीं किया। अब कांग्रेस जनता को भ्रमित करने और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए निराधार आरोप लगा रही है।

### मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य हो रहा

खंडेलवाल ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए यह आवश्यक है कि मतदाता सूची से मृत, डुप्लीकेट या फर्जी नाम हटाया जाना चाहिए। चुनाव आयोग द्वारा पारदर्शी चुनाव कराने के लिए नियमों के तहत एसआईआर की प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से चलाई जा रही है। एसआईआर के तहत मृत, डुप्लीकेट या फर्जी नामों को हटाता है ताकि लोकतंत्र मजबूत बने। हर नागरिक को अपने नाम के जोड़ने या आपत्ति दर्ज कराने का पूरा अधिकार है। इसमें न तो भाजपा का कोई हस्तक्षेप है, न ही सरकार की कोई भूमिका। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह का यह कहना कि 99 प्रतिशत भारतीयों के पास नागरिकता प्रमाण-पत्र नहीं है, यह आरोप पूरी तरह गलत और भ्रामक है। भारत में मतदान के लिए किसी नागरिकता प्रमाण-पत्र की आवश्यकता नहीं होती। चुनाव आयोग पहले की तरह ही जन्म प्रमाणपत्र, स्कूल सर्टिफिकेट, राशन कार्ड या आधार दस्तावेज स्वीकार करता है। कांग्रेस जनता को भ्रमित करने की राजनीति कर रही है।

तकनीकी दिक्कतों में उलझा एसआईआर का काम, इधर बीएलओ एप में पिता-दादा ही मैच, बाकी अनमैच

# अधूरा एसआईआर, हजार बीएलओ अनट्रेंड नहीं मिली ट्रेनिंग, पुराने वर्जन मोबाइल हैंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पांच दिन पहले शुरु हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में अब तक पांच लाख से अधिक गणना पत्रक बांटने का दावा किया जा रहा है। हालांकि पोर्टल पर अब तक बीस फीसद भी काम नहीं किया गया है। इसकी सबसे बड़ी वजह बीएलओ एप में चाचा और ताऊ का रिलेशन स्वीकार्य नहीं करना सामने आया है। इधर जिले के 2029 पोलिंग बूथों पर तैनात बीएलओ में से एक हजार से अधिक बीएलओ अनट्रेंड हैं, जिसकी वजह से वह भी बीएलओ एप को चलाने में दिक्कत महसूस कर रहे हैं। दरअसल इन लोगों ने एसआईआर का ट्रेनिंग ही नहीं की है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि निर्वाचन आयोग ने आधी-अधूरी तैयारी के साथ एसआईआर का काम शुरु किया है।

जिले की सात विस के 21 लाख 25 हजार 683 मतदाताओं को गणना पत्रक देकर उनकी जानकारी बीएलओ एप पर अपलोड की जानी है। जिसके आधार पर ही वोटर का नाम नई वोटर लिस्ट में रहेगा या नहीं यह तय किया जाएगा। जिसको लेकर राजधानी के बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में गणना पत्रक बांटने के साथ बीएलओ एप पर भी जानकारी अपलोड कर रहे हैं। अब तक बीस लाख गणना पत्रक छपकर आ गए हैं, लेकिन नरेला और गोविंदपुरा विस क्षेत्र के सौ से अधिक बीएलओ को फार्म नहीं मिले हैं, जिसकी वजह से इनके क्षेत्रों में पांच दिन गुजर जाने के बाद भी एसआईआर का काम ही शुरु नहीं हुआ है। इधर पहले दिन जिला निर्वाचन कार्यालय पांच दिन में पूरे गणना पत्रक बांटने का दावा कर रहा था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर दस दिन कर दिया है। एसआईआर के काम में सबसे पीछे गोविंदपुरा विस का काम चल रहा है।

» अब तक पांच लाख से अधिक गणना पत्रक बांटने का दावा

» पोर्टल पर अब तक बीस फीसद भी काम नहीं हुआ

एसआईआर के काम में सबसे पीछे गोविंदपुरा विधानसभा का कार्य


बूथ नंबर 39 में मतदाता को गणना पत्रक वितरित करते बीएलओ

### बीएलओ के पोलिंग बूथ बदलने से दिक्कत

एसआईआर का ऐलान होने के साथ ही जिला निर्वाचन कार्यालय ने एसडीएम स्तर पर कई बीएलओ के क्षेत्र बदल दिए थे, जबकि भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर दूसरे बीएलओ का नाम दर्ज था। जिसकी वजह से गणना पत्रकों में भी पुराने बीएलओ के नाम प्रिंट हो गए हैं। जिसको देखते हुए अब स्टांप सील बनवाकर गणना पत्रक पर दर्ज की जा रही है।

### ओल्ड वर्जन मोबाइल में भी दिक्कत

भारत निर्वाचन आयोग ने गणना पत्रक को भरकर लेने के साथ बीएलओ एप में भी जानकारी अपलोड करने की हिदायत बीएलओ को दी है। जिसको लेकर कई बीएलओ के पास ओल्ड वर्जन वाले पुराने मोबाइल फोन हैं, ऐसे में उन्हें इस एप पर काम करने में मोबाइल दिक्कत दे रहा है। कई बीएलओ जब एप पर जानकारी अपलोड कर रहे हैं, तो मोबाइल बार-बार हैंग हो रहे हैं।

### ड्यूटी नहीं करने की फिराक में ट्रेनिंग छूटी

एसआईआर का ऐलान होने के साथ ही कलेक्टोरेट और तहसील दफ्तरों में बीएलओ की ड्यूटी नहीं करने को लेकर कर्मचारियों की भीड़ जमा होने लगी थी। ऐसे में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की सख्ती के बाद सभी बीएलओ को काम शुरु करना पड़ा। जिसकी वजह से कई बीएलओ एसआईआर के काम की ट्रेनिंग नहीं ले पाए। अब इन लोगों को फील्ड में काम करने में दिक्कत आ रही है।

### पोलिंग बूथ पर आईटी टीम होगी तैनात

बीएलओ के घर-घर गणना पत्रक बांटने के दौरान पोलिंग बूथों पर भी आईटी टीम को तैनात किया जा रहा है। सोमवार से यह टीम काम करना शुरु कर देगी। हालांकि इस टीम को शुरुआत में ही तैनात किया जाना था, जिससे वोटर्स को मदद मिलती। इस टीम के साथ एनसीसी और एनएसएस के वॉलेंटियर्स को भी लगाया जा रहा है, जिससे एसआईआर के काम को आसानी से निपटाया जा सके।

### एसआईआर की रोजाना मॉनिटरिंग

सभी पोलिंग बूथों पर बीएलओ तेजी से काम कर रहे हैं। जिसके लिए विधानसभा स्तर पर रोजाना मॉनीटरिंग की जा रही है। बीएलओ को जहां भी दिक्कत आ रही है, उसके लिए सुपरवाईजर भी तैनात किए गए हैं। बीएलओ ने पचास फीसद से अधिक मैपिंग भी कर ली है।

**कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर**

### घर में कुत्ता होने से किया इंकार


कुत्ते के हमले से घायल बीएलओ

### गणना पत्रक बांटने गए बीएलओ पर कुत्ते ने किया हमला

दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र 63 के बीएलओ कैलाश केदार छह नवंबर को मतगणना पत्रक लेकर वैशाली नगर कोटरा सुल्तानाबाद में मकान नंबर पांच पर गए थे, जहां उन्होंने पूछा कि आपके यहां कोई श्वान तो नहीं है तो उनसे इंकार कर दिया। इससे वह अंदर चले गए गणना पत्रक लेकर इससे वहां मौजूद श्वान ने उन पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गए। यह मकान अधिवक्ता का बताया जा रहा है। जिसकी जानकारी एसडीएम टीटी नगर डॉ. अर्चना शर्मा को दी गई तो उन्होंने आला अधिकारियों को जानकारी दी ओर उनका उपचार करवाया गया। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि मतदाता बीएलओ का सहयोग करें व सूची में आप लोगों के ही नाम का सत्यापन कर रहे हैं।

## एचईपीएल रिन्यूएबल एनर्जी के साथ 100 मेगावाट सौर मॉड्यूल आपूर्ति करेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री कुसुम योजना (कंपोनेंट-ए) के तहत मप्र के विभिन्न जिलों में सौर विद्युत संयंत्रों की स्थापना की जा रही है। इसके तहत कई सौर ऊर्जा कंपनियों ने समझौता किया है। यह समझौता गांवों, खेतों और किसानों के जीवन में उजाला लेकर आएगी। इससे प्रदेश के सौर ऊर्जा परिदृश्य में एक कदम और जुड़ेगा।

इसी के तहत गौतम सोलर प्राइवेट लिमिटेड और एचईएलपी रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड 2025 'एक्सपो' के दौरान 150 करोड़ मूल्य का 100 मेगावाट सौर मॉड्यूल आपूर्ति समझौता किया, जो अब तक का सबसे बड़ा एकल-खरीदकर्ता करार माना जा रहा है। यह समझौता भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में न केवल व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ठोस कदम भी है।

इस कंपनी ने गौतम सोलर के निदेशक गौतम मोहनका और एचईएलपी रिन्यूएबल एनर्जी के निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड-2025 के मंच ने भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्रांति में दर्ज किया। इस करार के तहत गौतम सोलर अपने उच्च दक्षता वाले मेड इन इंडिया मॉड्यूल (550डब्ल्यूपी से 640 डब्ल्यूपी तक) की आपूर्ति करेगा, जो तकनीकी रूप से सशक्त और टिकाऊ हैं।

## सूने मकान में चोरी के आरोपी दो बांग्लादेशी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

पुलिस ने दो बांग्लादेशी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है, जिनके द्वारा फेरी वाला बनकर सुने मकानों की रेकी करने के बाद रात में चोरी की घटना को आसानी से अंजाम देते थे, इन चोरों के पास से फर्जी वोटर आईडी कार्ड भी बरामद किया गया है, वहीं पुलिस ने इन आरोपियों के पास से एक मोटरसाइकिल व सोने चांदी के आभूषण के साथ ही नगदी रकम भी बरामद की है। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने बताया कि बांग्लादेशी युवक आरोपी आबुर शेख उर्फ बाबू शेख उर्फ शेख समीर निवासी बांग्लादेश हाल निवास सासाहांडी कोरापुट उड़ीसा व बबलू चंद्र दास निवासी बांग्लादेश वर्तमान पता पतिराम दिनाजपुर पश्चिम बंगाल हाल पता सासाहांडी कोरापुट उड़ीसा के द्वारा फर्जी वोटर आईडी कार्ड बनाने के बाद ओडिसा के सासाहांडी में किराए के मकान में रह रहे थे।

इन आरोपियों के द्वारा बस्तर जिले के सनसिटी, धरमपुरा, महावीर नगर, धरमपुरा, कंगोली, नाईकगुड़ा बस्तर, बोथघाट थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। ये दोनों आरोपी मोटरसाइकिल से मोहल्ले-मोहल्ले घूम घूम कर पहले रेकी करते थे। उसके बाद रात को चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे, इन आरोपियों में आबुर शेख उर्फ बाबू शेख उर्फ शेख समीर पहले भी इसी तरह कांकेर जिले में चोरी के मामले में जेल में रह चुका है, आरोपी के द्वारा पकड़े जाने के बाद अपना मूलतः पता बांग्लादेश बताया, इन आरोपियों ने बताया कि ओडिसा से रात को जगदलपुर आने के बाद सूने मकानों में इन घटनाओं को अंजाम देने के बाद वापस ओडिसा में जाकर छिप जाते थे, लेकिन पुलिस ने अपने सायबर अधिकारी से लेकर मुखबिर व फोन को ट्रेस किया गया।

अस्पताल में भर्ती, पुलिस कर रही मामले की जांच

## संदिग्ध हालात में लहूलुहान मिला युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला पेंड्रा मरवाही

सड़क किनारे खून से लथपथ अवस्था में युवक के मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। गंभीर हालत में युवक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार, घायल युवक की पहचान अभय मरावी पिता पान सिंह मरावी, निवासी पसान थाना क्षेत्र, जिला कोरबा के रूप में हुई है।


बताया जा रहा है कि अभय कल शाम अपने घर से निकला था, लेकिन रातभर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने जब उसकी तलाश शुरू की तो कहीं कोई सुराग नहीं मिला।इसी दौरान सूचना मिली कि पेंड्रा मुख्य मार्ग स्थित मातिन दाई चौरा के पास सड़क किनारे एक युवक लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ है। परिजन मौके पर पहुंचे और देखा कि वह अभय ही था। उसके सिर पर गंभीर चोटें पाई गईं, जिसके बाद तत्काल उसे जीपीएम जिला अस्पताल लाया गया। फिलहाल अभय की हालत गंभीर बताई जा रही है। परिजन अब तक यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि यह मामला सड़क हादसे का है या किसी अन्य घटना का परिणाम। युवक अभी बदहवास स्थिति में है, इसलिए उसके होश में आने के बाद ही पूरी घटना की सच्चाई सामने आ सकेगी। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना संबंधित थाना पुलिस को भेज दी है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।



सर्च ऑपरेशन पर निकले थे जवान, पैर में गंभीर चोट

## आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



जिले के फूलबगडी थाना क्षेत्र के गोगुंडा जंगल-पहाड़ी इलाके में शनिवार दोपहर एरिया डॉमिनेशन ड्यूटी के दौरान आईईडी ब्लास्ट की घटना हुई है। इस विस्फोट में 74वीं बटालियन सीआरपीएफ का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि ब्लास्ट के वक्त जवान इलाके में सर्च ऑपरेशन पर निकले थे। घटना में जवान के पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

मौके पर मौजूद जवानों ने तत्काल प्राथमिक उपचार देने के बाद घायल को सुरक्षित निकाला। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जवान को हेलीकॉप्टर से रायपुर एयरलिफ्ट किया गया, जहां उसे बेहतर इलाज के लिए भेजा गया है। ब्लास्ट की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है और संभावित माओवादी गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए आसपास के क्षेत्रों में सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के संबंध में माओवादियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल क्षेत्र में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है, जबकि घटना की विस्तृत जानकारी जल्द साझा की जाएगी।

नैरोबी में मनाया गया मप्र स्थापना दिवस, मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअली संबोधित

## हमारा दूसरा घर है केन्या, गौरव और परंपरा का प्रतीक है केन्या और मध्यप्रदेश का रिश्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र और छत्तीसगढ़ मूल के सैकड़ों परिवार काफी लंबे समय से केन्या में रह रहे हैं। पिछले तीन वर्षों से इन दोनों राज्यों के मूल निवासी संगठित होकर बेहद प्रभावी तरीके से हमारी संस्कृति और हमारी परंपराओं का गौरव बढ़ा रहे हैं। वहां अपनी मेहनत, ईमानदारी और कर्मठता एवं जीवटता के बल पर केन्या की प्रगति और विकास के भागीदार बने हुए हैं। केन्या के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन में सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को केन्या की राजधानी नैरोबी में आयोजित मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर भारतीय समुदाय के सदस्यों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और मध्यप्रदेश की समृद्ध परम्परा व संस्कृति का उत्सव मनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्या हमारा दूसरे घर जैसा है। गर्व की बात है कि हमारे लोग विदेश की धरती पर भी अपनी पहचान और संस्कृति को दृढ़ता से जीवित रखे हुए हैं। एकता की शक्ति इस कार्यक्रम में भी नजर आ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नैरोबी जैसे अन्तर्राष्ट्रीय शहर में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाया जाना अपने आप में गौरव की बात है



नैरोबी में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम को वीसी से संबोधित करते सीएम

### मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ भाई-भाई हैं, अपना जन्मदिन साथ ही मनाते हैं। उन्होंने सभी को मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नैरोबी में हुए कार्यक्रम में उपस्थित केन्या में भारत के उच्चायुक्त आदर्श स्वाइका, डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान और केन्या हिंदू काउंसिल की अध्यक्ष श्रीमती सुजाता कोतमराजु, डॉ. महेन्द्र का आभार व्यक्त किया।

### सीएम ने कहा- आप सच्चे अर्थों में मध्यप्रदेश के ब्रांड एम्बेसडर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पर्व और त्यौहार परिवार के साथ मनाएं तो उत्साह दोगुना हो जाता है। हम राज्योत्सव मना रहे हैं। एक से तीन नवम्बर तक तीन दिन का भव्य राज्योत्सव आयोजन प्रदेश में किया गया है। आज उसी उत्साह और ऊर्जा का आपके बीच भी अनुभव हो रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रवासी भारतीयों से कहा कि आप सात समंदर पार होकर भी हमारे मन में बसते हैं। देश से दूर होकर भी हमारी संस्कृति और परंपराओं का प्रसार कर रहे हैं। आप सच्चे अर्थों में मध्यप्रदेश के ब्रांड एम्बेसडर हैं। आपको स्थापना दिवस मनाते देख बेहद प्रसन्नता हो रही है।

### विभिन्न स्थानों से रथ यात्राएं निकालेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार विकसित मध्यप्रदेश-समृद्ध भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है और प्रवासी भारतीयों की भागीदारी इस यात्रा को और सशक्त बनाएगी। और यह हर प्रदेशवासी के लिए गर्व और सुखद अनुभूति का विषय है। उन्होंने विदेश में बसे मध्यप्रदेश के लोगों से राज्य की प्रगति और पहचान को वैश्विक स्तर पर फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अभिजीत गुप्ता, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एसोसिएशन ऑफ केन्या के अध्यक्ष किंशुक चौकसे और सचिव विकास नामदेव सहित बड़ी संख्या में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के प्रवासी भारतीय मौजूद थे।

## चिंतन

# पाक को समझाने की सही रणनीति अपना रहा भारत

पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हिन्दुओं की हत्या कर पूरे भारत में आक्रोश फैला दिया था, नतीजतन भारत ने पाक को सबक सिखाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर लांच किया। भारतीय सैन्य बल ने ऐसा कौशल दिखाया कि चंद मिनटों में ही पाक स्थित आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूत कर दिया। भारतीय कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने कश्मीर में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया। भारत पर एक के बाद एक हमले शुरू कर दिए, लेकिन हमारे सुरक्षा कवच के सामने उसके सारे प्रयास बौने सबित हुए। इसके बाद शुरू हुई भारतीय सेना की कड़ी कार्रवाई को पिद्दी सा पाकिस्तान चार दिन भी नहीं झेल पाया और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गुहार लगाने लगा। पाक हुकूमरान संयुक्त राष्ट्र संघ और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समक्ष भारत से बचाने फरियाद लगाने पहुंच गए। भारत संघर्ष विराम पर सहमत तो हुआ किन्तु यह भी स्पष्ट कर दिया कि यदि पाकिस्तान ने फिर किसी आतंकवादी वारदात को अंजाम दिया तो भारत इसे युद्ध मानेगा और पाकिस्तान को इसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा। इसी के साथ भारत ने यह भी साफ कर दिया कि जब तक पाक नहीं सुधरता सिंधु जल समझौता निलंबित ही रहेगा। इतना सब होने के बाद भी पाकिस्तान है कि सुधरने का नाम ही नहीं ले रहा। वो रह रहकर ऐसे हरकतें करता रहता कि किसी भी तरह से भारत की शांति को प्रभावित किया जा सके। 1947 में पाकिस्तान गठन के बाद से उसके हुकूमरानों की हर कोशिश रही है कि किसी भी तरह से भारत को परेशान रखा जाए। यही कारण रहा कि आजादी के चंद दिनों बाद ही उसने कश्मीर पर धावा बोल दिया। ऐसा ही प्रयास उसने 1971 में भी किया, लेकिन उसकी इस नापाक हरकत का परिणाम यह निकला कि पाक के दो टुकड़े हो गए। उसके 90000 सैनिकों को बंदी बना लिया गया। इसके बावजूद पाकिस्तान नहीं सुधरा। वो कहावत है कि कुत्ते की दुम चाहे 20 साल तक भी नली में डालकर रखी जाए तब भी वह सीधी नहीं होती। ऐसा ही हाल पाक का भी है। उसके बाद उसने कारगिल पर उस समय कब्जे का प्रयास किया, जब भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी दोस्ती का पैगाम लेकर पाकिस्तान गए हुए थे। उसकी इस हरकत का भारतीय सैनिकों ने ऐसा जवाब दिया कि पाक ने शहीद हुए अपने सैनिकों को ही अपनाने से इनकार कर दिया। इसके बाद भी रह रहकर पाकिस्तान आतंकवाद के सहारे भारत की शांति को भंग करने का प्रयास करता रहा। अब 2014 के बाद से हालात बदल चुके हैं। अब उसकी इन हरकतों का मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। अब आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत ने भी यही कहा है कि दिल्ली को उसी भाषा में बात करनी चाहिए जो वे समझते हैं। हमें उनकी बार-बार की कोशिशों के लिए तैयार रहना होगा। हमें उन्हें मुंहतोड़ जवाब देना होगा, उन्हें हमेशा हराना होगा, हर बार उन्हें ऐसा नुकसान पहुंचाना होगा कि उन्हें पछतावा हो। ऐसे लगातार जवाब आखिरकार पाकिस्तान को अपना रवैया बदलने पर मजबूर कर देंगे। जब यह चलता रहेगा तो एक दिन पाकिस्तान समझ जाएगा। हम चाहते हैं कि वे यह समझें और फिर शांतिपूर्ण पड़ोसी बन जाएं। हमारी तरक्की के साथ हम उन्हें भी तरक्की करवाएंगे। आरएसएस प्रमुख ने बिलकुल सही कहा है। भारत भी अब इसी रणनीति पर चल रहा है।

# लोकतंत्र में मतदाता की बढ़ी भागीदारी



चुनाव
प्रमोद भार्गव

**मतदान में बढ़ी रुचि को सामान्यत: एंटी-इन्कंबेंसी का संकेत, मसलन मौजूदा सरकार के विपरीत चली लहर माना जाता है। इसे प्रमाणित करने के लिए 1971,1977 और 1980-2014 के आम चुनाव में हुए ज्यादा मतदान के उदाहरण दिए जाते हैं, लेकिन यह धारणा कुछ चुनावों में बदली है। 2010 के चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिषत बढ़कर 52 हो गया था, लेकिन नीतीश कुमार की ही वापसी हुई। जबकि पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक मतदान 84 फीसदी हुआ और मतदाताओं ने 34 साल पुरानी माकपा सरकार को परास्त कर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को जीत दिलाई। गोया लगता है मतदाता पारंपरिक जड़ता और प्रचलित समीकरण तोड़ने पर आमदा हैं।**

इस बार बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में जिस बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान किया, वह पहली बार देखने में आया है। 64.66 प्रतिशत हुए इस मतदान में लोगों की सजगता तो दिखी ही, जंगलराज के लिए बदनाम रहे बिहार में निर्भीक मतदान कराने में निर्वाचन आयोग की भी अहम भूमिका रही है। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को कितने प्रतिशत वोट मिलते हैं, यह तो परिणाम के बाद ही तय होगा, लेकिन उन्होंने पूरे बिहार में स्वच्छ व निडर मतदान के लिए जो अभियान चलाया, उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। प्रवासी मतदाताओं के मुद्दे को न केवल प्रशांत ने उठाया, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के उपाय भी बताए। इस कारण प्रवासी मतदाताओं ने देशभर से बिहार आकर चुनाव में बढ़-चढ़कर भागीदारी की। इसीलिए यह मतदान राज्य में हुए अब तक के चुनावों में एक कीर्तिमान माना जा रहा है। पहले चरण में राज्य के 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ है। शेष सीटों पर दूसरे चरण में 11 नवंबर को मतदान होगा। अब संभावना है कि वोट का प्रतिशत 65 से भी ऊपर जा सकता है ?

अंदाजा लगाया जा रहा है कि इतनी भारी संख्या में मतदान के लिए लोगों का निकलना सत्ता विरोधी रुझान का संकेत है। कांग्रेस और राजद इसे बदलाव के रूप में देख रही हैं। वहीं, दूसरी तरफ राजग गठबंधन का दावा है कि मत प्रतिशत बढ़ने से राजग की सीटों में इजाफा होगा। पारंपरिक नजरिये से मतदान में बढ़ी रुचि को सामान्यतः एंटी-इन्कंबेंसी का संकेत, मसलन मौजूदा सरकार के विपरीत चली लहर माना जाता है। इसे प्रमाणित करने के लिए 1971,1977 और 1980-2014 के आम चुनाव में हुए ज्यादा मतदान के उदाहरण दिए जाते हैं, लेकिन यह धारणा कुछ चुनावों में बदली है। 2010 के चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिशत बढ़कर 52 हो गया था, लेकिन नीतीश कुमार की ही वापसी हुई। जबकि पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक मतदान 84 फीसदी हुआ और मतदाताओं ने 34 साल पुरानी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की बुद्धदेव भट्टाचार्य की सरकार को परास्त कर, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को जीत दिलाई। गोया लगता है मतदाता पारंपरिक जड़ता और प्रचालित समीकरण तोड़ने पर आमदा हैं।

बावजूद मत प्रतिशत का सबसे अहम, सुखद व सकारात्मक पहलू है कि यह अनिवार्य मतदान की जरूरत की पूर्ति कर रहा है। हालांकि फिलहाल हमारे देश में अनिवार्य मतदान की संवैधानिक बाध्यता नहीं है। मेरी सोच के मुताबिक ज्यादा मतदान की जो बड़ी खूबी है, वह है कि अब अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारगी से छुटकारा मिल रहा है। इससे कालातंर में राजनीतिक दलों को भी तुष्टिकरण की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। क्योंकि जब मतदान प्रतिशत 75 से 85 होने लगता है तो किसी धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र विशेष से जुड़े मतदाताओं की अहमियत कम हो जाती है। नतीजतन उनका संख्याबल जीत या हार की गारंटी नहीं रह जाता। लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति नगण्य हो जाती है। क्योंकि कोई प्रत्याशी छोटे मतदाता समूहों को तो लालच का चुग्गा डालकर बरगला सकता है, लेकिन संख्यात्मक दृष्टि से बड़े समूहों को लुभाना मुश्किल होगा ? लेकिन



2023 में मध्यप्रदेश विधानसभा के चुनाव में तब के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहना सम्मान निधि योजना को अमल में लाकर महिलाओं को रिझाकर अपनी जीत पक्की कर ली थी। इसी तर्ज पर बिहार में भी बड़ी संख्या में महिलाओं को एक मुश्त 10 हजार रुपये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देकर भाजपा-जदयू की जीत की ओर कदम बढ़ा दिया है। अत एव यह कहना उचित नहीं लगता कि मतदान का बढ़ा प्रतिशत सत्ताविरोधी रूझान है।

इस बढ़े प्रतिशत का कारण मतदान के लिए बनाई गईं वे अनुकूल स्थितियां भी हैं, जिन्हें चुनाव आयोग ने अंजाम तक पहुंचाने का काम किया है। चुनाव से पहले मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की कार्रवाई हुई। इसके चलते बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों पर शिकंजा कसा और बड़ी संख्या में मतदाता बाहर हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान बिहार का प्रमुख छठ पर्व पड़ा, जिसके कारण बिहार के जो लोग दूसरे राज्यों में काम कर रहे थे, वे त्योहार के बहाने बिहार पहुंचे और मतदान भी किया। दूसरे चरण के मतदान के लिए भी प्रवासी रुके हुए हैं। इंडिया गठबंधन ने भी महिलाओं के लिए माई-बहन योजना और प्रत्येक परिवार में से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने का वादा करके जो बड़ा दांव चला है, वह भी वोट-प्रतिशत बढ़ने का एक कारण रहा है। मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया ने सबसे ज्यादा मुस्लिम मतदाताओं को प्रभावित किया है। इस कारण एक समय जो वोट प्रशांत किशोर की सुराज पार्टी की तरफ झुकता दिखाई दे रहा था, वह राजग के विरुद्ध ध्रुवीकृत हुआ और उसने शत-प्रतिशत मतदान में भागीदारी की। राजद अपनी जीत का आधार यादव और मुस्लिम वोटों के बने समीकरण को मानकर चल रहा है।

इधर, बड़े मतदान में रेलवे ने दावा किया है कि 13 हजार से अधिक रेलें चलाकर 3 करोड़ से भी ज्यादा मतदाताओं को बिहार की धरती पर पहुंचाकर उसने मतदान में बड़ी भागीदारी कराई है। बिहार आने-जाने वाले लोगों को बीस प्रतिशत किराए में छूट भी दी गई है। दूसरी तरफ बिहार राज्य परिवहन निगम की बसों में भी बीस से तीस प्रतिशत तक की छूट के साथ दिल्ली, उप्र, पंजाब, हरियाणा एवं अन्य राज्यों के लिए विशेष बसें चलाई गई हैं। साफ है, डबल इंजन की सरकार का यह फार्मूला क्या परिणाम देता है, यह तो वोटों की गिनती के बाद ही पता चलेगा, किंतु मतदान प्रतिशत बढ़ाने का काम इस प्रक्रिया ने फिलहाल कर दिया है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए आदर्श स्थिति यही है कि हरेक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इस नाते 2005 में भाजपा के एक सांसद लोकसभा में 'अनिवार्य मतदान' संबंधी विधेयक लाए भी थे, लेकिन बहुमत नहीं मिलने के कारण विधेयक पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस व अन्य दलों ने इस विधेयक के विरोध का कारण बताया था कि दबाव डालकर मतदान कराना संविधान की अवहेलना है। क्योंकि भारतीय संविधान में अब तक मतदान करना मतदाता का स्वैच्छिक अधिकार तो है, लेकिन वह इस कर्तव्य-पालन के लिए बाध्यकारी नहीं है। लिहाजा वह इस राष्ट्रीय दायित्व को गंभीरता से न लेते हुए, उदासीनता बरतता है। हमारे यहां आर्थिक रूप से संपन्न सुविधा भोगी जो तबका है, वह अनिवार्य मतदान को संविधान में दी निजी स्वतंत्रता में बाधा मानते हुए इसका मखौल उड़ाता है। बिहार के मतदाता के समक्ष चुनावी प्रलोभनों की कसौटी जरूर है, लेकिन मतदाता अपने दायित्व के प्रति भी सजग हुआ है। इस कारण भी मत-प्रतिशत बढ़ा है।

*( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व विज्ञान दिवस

प्रो . आरके जैन "अरिजीत"



# जहां सवाल होते हैं, वहीं जन्म लेता है विज्ञान


एक अंधेरी रात में, सदियों पहले, कोई इंसान आकाश की ओर देखता है और मन में सवाल उठता है - "ये तारे क्यों टिमटिमाते हैं? ये ग्रह क्यों घूमते हैं?" यही सवाल गैलीलियो को दूरबीन थामने के लिए प्रेरित करता है, न्यूटन को सेब गिरते देखने के लिए मजबूर करता है और आज हम मंगल पर मानव बस्तियां बसाने का सपना देख रहे हैं। विज्ञान केवल किताबों या डिग्रियों तक सीमित नहीं है- यह वह अंतहीन जिज्ञासा है, जो इंसान को इंसान बनाती है। हर साल 10 नवंबर को जब हम विश्व विज्ञान दिवस मनाते हैं, हम उस अविचलित जिज्ञासा को नमन करते हैं, जो अज्ञानता के अंधकार से प्रकाश की ओर हमारी राह खोलती है और हमारी सोच की सीमाओं को पीछे छोड़ देती है। यूनेस्को ने इस दिवस की शुरुआत 2001 में की थी और इसका नाम रखा था - "शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस।" इस नाम में ही एक संदेश छिपा है : विज्ञान न किसी देश का गुलाम है, न किसी धर्म का विरोधी। जब दुनिया परमाणु बम की धमकियों से कांप रही थी, उसी समय विज्ञान ने इंसुलिन खोजकर मधुमेह से पीड़ित लोगों को जीवन दिया, पोलियो को जड़ से उखाड़ फेंका और इंटरनेट जैसी क्रांति से ज्ञान की सीमाओं को तोड़ा। विज्ञान ने हमेशा यह साबित किया है कि उसके हाथों में शक्ति है- विनाश की भी, रचना की भी। दिशा तय करना हमारा काम है। आज जलवायु संकट, वैश्विक महामारी या अंतरिक्ष में नई दुनिया की खोज- हर चुनौती में विज्ञान सबसे आगे खड़ा है, हमारा मार्गदर्शन करता है और मानवता को उज्ज्वलता की ओर ले जाता है।



भारत की मिट्टी में विज्ञान की जड़ें गहरी हैं। हजारों साल पहले, जब आर्यभट्ट ने पृथ्वी के घूमने की बात कही, लोग हंसे। आज, हम चंद्रयान-3 के जरिए चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पानी की खोज कर रहे हैं। कोविड के सबसे कठिन दिनों में, जब पूरी दुनिया वैक्सीन के लिए तरस रही थी, भारत ने कोविशील्ड और कोवैक्सीन विकसित कर एक अरब से ज्यादा डोज दुनिया को दीं। इसरो का बजट तो किसी हॉलीवुड फिल्म से भी कम है, फिर भी उसने 104 सैटेलाइट्स एक साथ लॉन्च कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। यह कमाल पैसों का नहीं, जुनून का है। और यही जुनून आज के छोटे वैज्ञानिकों में भी दिखता है - राजस्थान की एक लड़की जो सौर ऊर्जा से पानी शुद्ध करती है, बिहार का एक लड़का जो पुराने फोन से वेंटिलेटर बनाता है। ये बच्चे कल के वैज्ञानिक नहीं, आज के हीरो हैं। लेकिन रास्ते में कांटे भी हैं। अंधविश्वास आज भी सिर ऊंचा किए घूम रहा है। वैक्सीन को लेकर फैल रही अफवाहें, जलवायु परिवर्तन को झुठलाने वाले, ज्योतिष को विज्ञान बताने वाले - ये सभी विज्ञान के असली विरोधी हैं। विज्ञान सवाल करता है, जवाब मांगता है। और जो सवाल से डरते हैं, वे विज्ञान से डरते हैं। हमें चाहिए : स्कूलों में प्रयोगशालाएं, गांवों में इंटरनेट और सबसे ज्यादा- ऐसा माहौल जहां सवाल पूछने पर डांट न हो, बल्कि तारीफ हो। सपना देखिए : दस साल बाद का भारत। हर गांव में सौर ऊर्जा, हर खेत में ड्रोन, हर बच्चे के हाथ में टैबलेट और दिमाग में सवाल। कैंसर का इलाज सस्ता और सुलभ हो, हवा साफ हो, समुद्र का पानी पीने लायक हो। अंतरिक्ष में हमारा अपना भारतीय स्टेशन हो, जहां तिरंगा गर्व से लहराता हो। यह सपना कोई कविता नहीं, यह विज्ञान का वादा है। बस जरूरत है- नीति की, निवेश की, और सबसे बड़ी बात : विश्वास की। विश्व विज्ञान दिवस कोई केवल त्योहार नहीं है, यह एक पुकार है। पुकार है उस बच्चे की, जो पहली बार दूरबीन से चांद देखता है और उसकी आंखें विस्मय से चौड़ी हो जाती हैं। पुकार है उस मां की, जो वैक्सीन लगवाकर अपने बच्चे की सुरक्षा महसूस करती है। पुकार है उस किसान की, जो मौसम की सटीक जानकारी से अपनी फसल बचा लेता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारा सबसे बड़ा दुश्मन अज्ञान है और सबसे बड़ा साथी विज्ञान। एक किताब उठाइए, एक सवाल पूछिए, एक प्रयोग कीजिए। क्योंकि जिस दिन हम सवाल पूछना बंद कर देंगे, उसी दिन हम इंसान होना भी बंद कर देंगे। विज्ञान कोई मंजिल नहीं, यह एक यात्रा है - और यह यात्रा अभी शुरू ही हुई है। चलिए, साथ चलें, सवालों के साथ, खोज के साथ, और उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाते हुए।

*( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## समत्वं योग उच्यते



संकलित
**दर्शन**

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

## भगवान जी आप अपना ध्यान रखना



संकलित
**प्रेरणा**

एक बच्चा रोज अपने दादा जी को सायंकालीन पूजा करते देखता था। बच्चा भी उनकी इस पूजा को देखकर अंदर से स्वयं इस अनुष्ठान को पूर्ण करने की इच्छा रखता था, किन्तु दादा जी की उपस्थिति उसे अवसर नही देती थी।एक दिन दादा जी को शाम को आने में विलंब हुआ, इस अवसर का लाभ लेते हुए बच्चे ने समय पर पूजा प्रारम्भ कर दी। जब दादा जी आये, तो दीवार के पीछे से बच्चे की पूजा देख रहे थे। बच्चा बहुत सारी अगरबत्ती एवं अन्य सभी सामग्री का अनुष्ठान में यथाविधि प्रयोग करता है और फिर अपनी प्रार्थना में कहता है। भगवान जी प्रणाम ! आप मेरे दादा जी को स्वस्थ रखना और दादी के घुटनो के दर्द को ठीक कर देना, क्योंकि दादा-दादी को कुछ हो गया, तो मुझे चॉकलेट कौन देगा। फिर आगे कहता है, भगवान जी मेरे सभी दोस्तों को अच्छा रखना, वरना मेरे साथ कौन खेलेगा। फिर मेरे पापा और मम्मी को ठीक रखना, घर के कुत्ते को भी ठीक रखना, क्योंकि उसे कुछ हो गया, तो घर को चोरों से कौन बचाएगा। लेकिन भगवान यदि आप बुरा न मानो तो एक बात कहू, सबका ध्यान रखना, लेकिन उससे पहले आप अपना ध्यान रखना, क्योंकि आपको कुछ हो गया, तो हम सबका क्या होगा। इस सहज प्रार्थना को सुनकर दादा की आंखों में भी आंसू आ गए, क्योंकि ऐसी प्रार्थना उन्होंने कभी नहीं की थी। हमें उन परमपिता का हमेशा आभारी होना चाहिए जिन्होनें हमें बिना माँगे सब कुछ दिया है।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### उचित जीवनशैली बचाएगी कैंसर से

पहली बार कैंसर दिवस वर्ष 2014 में मनाया गया था। कहा जाता है कि यह नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैरी क्यूरी के जन्मदिन के दिन मनाया जाता है। मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में भी नोबेल पुरस्कार दिया गया था, यह रेडियो एक्टिविटी की खोज करने के कारण भी प्रसिद्ध थी। इस दिवस के मनाए जाने का मुख्य कारण लोगों को कैंसर से बचने के तौर तरीकों के प्रति जागरूक करना भी है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। यह ऐसी बीमारी है जिसके बारे में लोगों को तब पता चलता है जब यह व्यक्ति को मौत के करीब ले आती है। बहरहाल, उचित जीवनशैली को अपनाकर हम कैंसर से बच सकते हैं।

*- सतीश जायसवाल, सरायपाली*

## ट्रेंड

### सराहनीय पहल



सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 80,000 से अधिक निर्णयों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने की पहल वास्तव में सराहनीय है। मुझे विश्वास है कि इस उल्लेखनीय प्रयास को उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों द्वारा भी आगे बढ़ाया जाएगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### गुमराह कर रहे



कांग्रेस 'वोट चोरी' का भ्रम फैलाकर बिहार की जनता को गुमराह कर रही है। राहुल गांधी जहां भी जाते हैं, चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हैं। सच यह है कि कांग्रेस के पास मुद्दा नहीं बचा, इसलिए झूठ फैलाना ही राजनीति का नया तरीका बन गया है।

**- राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री**

### अचानक ट्रेन क्यों



रेल मंत्री को जवाब देना चाहिए कि मतदान से ठीक पहले 3 नवंबर 2025 को हरियाणा से बिहार के लिए विशेष ट्रेनें क्यों चलाई गईं। अचानक इसकी क्या जरूरत हो गई थी। जबकि बिहार को त्यौहार तो छट पूजा तो इससे पहले ही पहले ही पूर्ण हो चुका था, फिर अचानक ट्रेन क्यों।

**- कपिल सिब्बल, कांग्रेस नेता**

### मां की डांट



दिवाली गिफ्ट और मां की डांट। मां ने टीशर्ट्स दी, मैंने कपड़े और कुछ कैश दिया जिसे मां ने दिखाने से साफ़ मना कर दिया। नज़र न लग जाए। वैसे निक्कर वाले भाई साब फुल पैंट पहनने लगे है।

**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# पाकिस्तान के सिंध प्रांत में 16 लाख से अधिक बाल मजदूर



पाकिस्तान के सिंध प्रांत में 16 लाख से अधिक बच्चे बालश्रम में लगे हुए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल के एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए रविवार को यह जानकारी दी। सिंध के श्रम महानिदेशक सैयद मुहम्मद मुर्तजा अली शाह ने बताया कि पांच से 17 वर्ष तक के बच्चों की सुरक्षा के लिए कानूनों को अद्यतन करने और लागू करने के सरकार के प्रयासों के बावजूद बाल श्रम देश में एक बड़ी समस्या बनी हुई है। जुलाई-अगस्त में यूनिसेफ और सांख्यिकी ब्यूरो की तकनीकी सहायता से उनके विभाग द्वारा किए गए सर्वेक्षण से पता चला कि प्रांत में 16 लाख से अधिक (5-17 वर्ष की आयु के 10 .3 प्रतिशत) बच्चे बाल श्रम में लगे हुए हैं। शाह ने कहा, 'अन्य प्रांत भी अब बाल श्रम पर नए सर्वेक्षण कर रहे हैं लेकिन सिंध में हमने पाया कि लगभग आठ लाख बच्चे (10-17 वर्ष की आयु के 50 .4 प्रतिशत) खतरनाक और शोषणकारी परिस्थितियों में काम कर रहे हैं।' सर्वेक्षण से यह भी पता चला कि केवल 40 .6 प्रतिशत कामकाजी बच्चे ही स्कूल जाते हैं, जबकि गैर-कामकाजी बच्चों में यह प्रतिशत 70 .5 है। कंबर शाहदादकोट जिले में सबसे ज्यादा 30 .8 प्रतिशत बाल श्रम है, उसके बाद थारपारकर में 29 प्रतिशत, टांडो मुहम्मद खान में 20 .3 प्रतिशत और शिकारपुर में 20 .2 प्रतिशत है।

## ऑफ बीट

# क्या उपवास आपकी मानसिक सेहत पर असर डालता है?




उपवास का चलन सिर्फ आज नहीं है, बल्कि सैकड़ों हजारों सदियों से विकसित परंपरा है, जो मनुष्यों को अभाव से निपटने में मदद करता है। जब हम नियमित रूप से खाते रहते हैं तो हमारा मस्तिष्क अधिकतर ग्लूकोज पर चलता है, जो शरीर में ग्लाइकोजन के रूप में जमा होता है। लेकिन लगभग 12 घंटे बिना भोजन के रहने के बाद ये ग्लाइकोजन भंडार कम हो जाते हैं। उस समय शरीर एक चयापचय प्रक्रिया शुरू कर देता है, जिसमें यह वसा को कीटोन बॉडीज (उदाहरण के लिए, एसीटोएसीटेट और बीटा-हाइड्रॉक्सीब्यूटिरेट) में तोड़ना शुरू कर देता है, जो एक वैकल्पिक ईंधन स्रोत प्रदान करते हैं। इस तरह का 'मेटाबॉलिज्म' कभी हमारे पूर्वजों के अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण था, जो अब कई स्वास्थ्य लाभों से जुड़ा हुआ है। यह इंसुलिन संवेदनशीलता में भी सुधार करता है जिससे शरीर रक्त शर्करा को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर पाता है और टाइप दो मधुमेह जैसी स्थितियों का जोखिम कम हो जाता है। इन शारीरिक लाभों ने उपवास को लेकर लोगों में आकर्षण बढ़ाया है। लेकिन कई लोग इसे अपनाने से हिचकिचाते हैं, क्योंकि उन्हें आशंका रहती है कि कहीं भोजन की निरंतर आपूर्ति नहीं होने से उनका मानसिक प्रदर्शन न गिर जाए।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।






# यह चुनाव गुंडों को ठिकाने लगाने और विकास का नया अध्याय लिखने का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बिहार के ढाका विधानसभा क्षेत्र में रोड-शो कर पूर्वी चंपारण जिले की चिरैया सहित नरकटिया एवं मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव गुंडों को ठिकाने लगाने और सज्जनों की शक्ति बढ़ाने के संकल्प का चुनाव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चुनाव धर्म और अधर्म के बीच है। कंस और श्री कृष्ण एक ही कुलवंश के थे, लेकिन बिहार की जनता जानती है किसे चुनना है। परिवारवादी पार्टियों को यदि मौका मिला तो वह अपने परिवार के अलावा किसी का विकास नहीं होने देती हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनसभाओं के मंच से अपार जनसमूह के बीच पहुंचकर हाथ जोड़कर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एनडीए की सरकार गरीब से गरीब आदमी के जीवन में बदलाव लाने के लिए काम कर रही है, क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री भी गरीब परिवार से आते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी साधारण परिवार से आते हैं और उनके नेतृत्व में बिहार लगातार विकास कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माहौल बता रहा है मोतिहारी की चमक कमल की तरह और तेजी से बढ़ने वाली है। देश और बिहार की जनता प्रधानमंत्री मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके कामों के लिए जानती है। एक तरफ मोदी देश बदल रहे हैं, तो दूसरी तरफ नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में बड़े बदलाव आए हैं।




सीएम डॉ. यादव ने रोड शो कर कई सभाएं लीं

### अब अपराधी पाकिस्तान में भी सुरक्षित नहीं हैं

डॉ. यादव ने कहा कि 2004 से 2014 के बीच यूपीए की सरकार थी। उस समय पाकिस्तानी आतंकी हमारे निर्दोष नागरिकों का खून बहाते थे। आज हमारे सैनिक आतंकियों को देखते ही उन पर गोली चला देते हैं, उन्हें दिल्ली से पूछने की जरूरत भी नहीं पड़ती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपराधी पाकिस्तान में भी सुरक्षित नहीं हैं तो यहां कहां से सुरक्षित रहेंगे?



चिराग का 'इंडी' पर निशाना

### उसमें एकता नहीं, वे दोस्ताना लड़ाई लड़ रहे

राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए चिराग ने कहा कि



मुझे समझ नहीं आता कि उनकी जोड़ी को मजबूत क्यों कहा जा रहा है। राहुल गांधी एक बार बिहार आए और फिर नजर नहीं आए। उनके गठबंधन में एकता नहीं है, वे दोस्ताना लड़ाई लड़ रहे हैं।

### वे 2030 में होंगे सीएम का चेहरा

2030 के विधानसभा चुनाव को लेकर चिराग ने कहा कि वे मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनकर आऊंगा या नहीं, यह मैं 2029 में तय करूंगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे उपमुख्यमंत्री पद के दावेदार नहीं हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर काम करते रहेंगे।

## बिहार की जनता ने वोट चोरी रोक दी तो यहां शत प्रतिशत महागठबंधन की सरकार बन रही: राहुल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोरी के मुद्दे पर प्रहार तेज करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्य चुनाव



आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने हिंदुस्तान में 'वोट चोरी' की है, चोर आखिर में पकड़ा जाता है और एक दिन ये भी जरूर पकड़े जाएंगे।

बिहार विधानसभा के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन किशनगंज में विशाल जनसभा में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरी कर देश की जनता को ठगा जा रहा है और यह संविधान पर आक्रमण है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा करना और वोट चोरी रोकना सबकी जिम्मेदारी है। बिहार की जनता से पोलिंग बूथ पर सावधान रहने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अगर वोट चोरी रोक दी गई तो शत प्रतिशत महागठबंधन की सरकार बन रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से हरियाणा विधानसभा चुनाव में 25 लाख फर्जी वोट बनाए गए, यह साफ हो गया है कि भाजपा वोट चोरी करके चुनाव जीतती है।

बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए राहुल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार और प्रधानमंत्री मोदी ने देश में रोजगार खत्म करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में विश्वविद्यालय, कॉलेज बेचे जा रहे हैं या बंद हो रहे हैं। बिहार के युवाओं को रोजगार की तलाश में दूसरे प्रदेशों में जाकर मजदूरी करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि बिहार में अनानास, आम, मक्का और मखाना जैसी कई चीजें उगाई जाती हैं, लेकिन नीतीश सरकार ने पिछले 20 सालों में एक भी फूड प्रोसेसिंग प्लांट चालू नहीं किया। अमेरिका में मखाना हजारों रुपए में बिकता है, मगर उसे उगाने में मेहनत करने वाले बिहार के लोगों को उसकी बिक्री से कोई फायदा नहीं मिलता। उसका लाभ बिचौलियों को या फिर बड़ी-बड़ी कंपनियों को मिलता है।

एनडीए सरकार पर चंद उद्योगपतियों के लिए काम करने का आरोप लगाते हुए राहुल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर भी एक बार फिर हमला किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि बिहार में उद्योग लगाने के लिए जमीन नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य में जमीन की कोई कमी नहीं है, अडानी को एक एकड़ जमीन एक रुपये के दाम में दी गई है। मगर युवाओं को रोजगार देने वाले उद्योग लगाने के लिए जमीन की कमी बताई जा रही है।

नालंदा विश्वविद्यालय का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने याद दिलाया कि एक समय था जब बिहार के इस विश्वविद्यालय में शिक्षा लेने दुनिया के कोने-कोने से लोग आते थे। उन्होंने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर दुनिया का सबसे बेहतरीन विश्वविद्यालय बिहार में खोलने और राज्य को दोबारा शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनाने का वायदा किया।

जनसभा में उमड़ी भारी भीड़ के बीच राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान में दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है। एक तरफ आरएसएस-भाजपा देश को जाति, धर्म, प्रदेश और भाषा के आधार पर बांटना चाहते हैं। जबकि दूसरी तरफ कांग्रेस और महागठबंधन हर धर्म और हर जाति को एक साथ लेकर चलते हुए देश को जोड़ना चाहते हैं। उन्होंने अपनी भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि यात्रा का एकमात्र संदेश था कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा नफरत फैलाकर ध्यान भटकाती है, हम मोहब्बत की राजनीति करते हैं।

## सीएम योगी की हुंकार | कांग्रेस-राजद वाले आकर विकास को पंक्चर कर देंगे

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को नरपतगंज हाई स्कूल स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों कांग्रेस, राजद और सपा पर सीधा प्रहार किया। अररिया जनपद में खुलकर कहा कि बिहार में फिर से 'जंगलराज' लाने की कोशिश करने वालों को रोकना जरूरी है। पंक्चर बनाने वाले यहां आकर विकास को पंक्चर करने का काम करना चाहते हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेताया कि नरपतगंज को किसी भी तरह से 'घुसपैठियों का लॉन्चिंग पैड' नहीं बनने देना है।




### महागठबंधन ने बिहार को बीमारू बनाया

योगी ने कहा कि जिस बिहार ने दुनिया को नालंदा विश्वविद्यालय और ज्ञान की रोशनी दी, उसी बिहार को कांग्रेस और राजद की जोड़ी ने निरक्षरता और अराजकता की तरफ धकेल दिया। कांग्रेस-राजद ने इस पवित्र भूमि को जातीय विभाजन और माफियागीरी से कलंकित किया। कांग्रेस और राजद ने समाज को जाति के नाम पर बांटा, सरकारी खजानों की लूट मचाई और बिहार के नौजवानों को बेरोजगार बनाया। इनकी करनी से बिहार बीमारू बन गया।

### जिनका इतिहास कलंकित उन पर भरोसा न करें

जिन लोगों ने बिहार के नौजवानों के भविष्य पर सवाल खड़ा किया, वे बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर रहे हैं और जनता को लालच देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिनका अतीत कलंकित और काला है, उन पर विश्वास करने की जरूरत नहीं है।

## खबर संक्षेप

### हिमंता सरकार 580 ठिकानों को तोड़ेगी

**गुवाहाटी।** असम में अतिक्रमण और घुसपैठियों के खिलाफ ताबड़तोड़ एक्शन हो रहा है और



गोलपाड़ा में जिला और वन विभाग के अधिकारियों ने वन विभाग की 1140 बीघा की जमीन पर अतिक्रमण करके रह रहे 580 परिवारों को हटाने का काम शुरू हो गया है और उनके ठिकानों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है।

### उद्धव के घर के ऊपर ड्रोन दिखने से हड़कंप

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के विधायक अनिल परब ने एक सनसनीखेज दावा किया है। उनका कहना है कि पार्टी चीफ उद्धव ठाकरे के निवास स्थान 'मातोश्री' के ऊपर ड्रोन मंडराता देखा गया है। यह एक हाई सिक्योरिटी जोन है, जहां ड्रोन की एंट्री से हड़कंप मच गया है। परब ने मामले की जांच करवाने की मांग की है।

### गहलोत के सामने धारीवाल व गुंजल समर्थक भिड़े

**जयपुर।** राजस्थान कांग्रेस में एक बार फिर आपसी मतभेद खुलकर सामने आ गए। शनिवार रात को कोटा रेलवे स्टेशन पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने ही पार्टी दो खेमों में बंटती दिखी। गहलोत जैसे ही ट्रेन से उतरे, पूर्व मंत्री शांति धारीवाल और प्रहलाद गुंजल के समर्थकों के बीच नारेबाजी, धक्कामुक्की हो गई।

## उत्तराखंड के 'सिल्वर जुबली' कार्यक्रम में पीएम मोदी ने की शिरकत

# 8,260 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी जलापूर्ति, इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन की शुरुआत




कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानमंत्री

**बच्चों और लाभार्थियों से संवाद भी किया, बच्चों ने गुलाब का फूल भेंट किया**

### बुजुर्गों और लाभार्थियों से संवाद किया

प्रधानमंत्री मोदी ने एफआरआई में एक कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बुजुर्गों और अन्य लाभार्थियों से संवाद किया। इसके बाद उन्होंने राज्य में 8,140 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ और लोकार्पण किया।



पीएम ने किया अवलोकन

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड राज्य के गठन को रविवार को 25 साल पूरे हुए। इस 'सिल्वर जुबली' के मौके पर देहरादून में खास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिरकत की। उन्होंने उत्तराखंड को 8,260 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। ऐतिहासिक एफआरआई मैदान में पीएम मोदी को सुनने के लिए वहां एक लाख से ज्यादा लोग मौजूद रहे। उत्तराखंड सरकार का अमृतकाल में 'विकसित उत्तराखंड' के विजन पर जोर है। समारोह में उन्होंने बच्चों तथा लाभार्थियों से संवाद भी किया। इन परियोजनाओं में पेयजल आपूर्ति, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास जैसे क्षेत्र शामिल हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पारंपरिक ढोल-वाद्य यंत्रों से उनका भव्य स्वागत किया।

### इन परियोजनाओं का किया शुभारंभ

प्रधानमंत्री मोदी ने देहरादून शहर के 23 जोनों में पेयजल आपूर्ति बढ़ाने के लिए अमृत योजना के तहत जलापूर्ति परियोजना शामिल है। पिथौरागढ़ जिले में इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन का भी शुभारंभ किया गया। सरकारी भवनों में सोलर पावर प्लांट की स्थापना और नैनीताल के हल्द्वानी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड का निर्माण भी इन परियोजनाओं का हिस्सा है।

### बच्चों से मिले पीएम मोदी



पीएम मोदी ने कार्यक्रम स्थल परलगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में उत्तराखंड की 25 वर्षों की यात्रा को दिखाया गया है। उन्होंने महिला उद्यमियों, विभिन्न हितधारकों से संवाद किया। पीएम मोदी यहां कुछ बच्चों

**नैनी सैनी एयरपोर्ट के अधिग्रहण पर किया ऐतिहासिक समझौता**

प्रधानमंत्री की उपस्थिति में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और उत्तराखंड सरकार के बीच पिथौरागढ़ स्थित नैनी सैनी एयरपोर्ट के अधिग्रहण के लिए समझौता ज्ञापनपर हस्ताक्षर किए गए। यह सुगम, सुरक्षित और टिकाऊ हवाई संपर्क की दिशा में अहम कदम है।

### गढ़वाली में संबोधन, पीएम ने गिनाईं 25 वर्षों की उपलब्धियां


- पीएम मोदी ने भाषण की शुरुआत गढ़वाली भाषा में जनता के अभिवादन से की। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड का मेरा भाई बंधो, भैया भूली, आप सभी को मेरा नमस्कार।
- पीएम ने कहा कि '2047 मा भारत थे विकसित देशों की लेन मा ल्याण थुणी म्यारो उत्तराखंड मेरो देवभूमि पूरी तरह से त्यार छिन।
- उन्होंने कहा कि पहले उत्तराखंड का बजट 4 हजार करोड़ था। आज ये बढ़कर एक लाख करोड़ को पार कर चुका है।
- उत्तराखंड ऊर्जा प्रदेश बना है। बिजली उत्पादन 4गुना ज्यादा हो गया है।
- यहां रोड कनेक्टिविटी पर बेहतर काम हो रहा है। सड़कों की लंबाई बढ़कर दोगुनी हो गई है।
- प्रदेश में हवाई यात्रा को बढ़ावा मिला है। अब एक दिन में 4 हजार यात्री हवाई जहाज से आते हैं।
- प्रदेश में इंजीनियरिंग कॉलेजों की संख्या बढ़ी है। आज यहां 10 मेडिकल कॉलेज हैं।
- हर गांव वैक्सीन कवरेज के दायरे में आया।
- शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल से जुड़े प्रोजेक्ट यहां विकास की यात्रा को आगे बढ़ाएंगे।
- राज्य में दो लाख से अधिक की परियोजनाओं का काम चल रहा है।
- 'जहां चाह वहां राह'। हमें पता होगा कि हमारा लक्ष्य क्या है तो निश्चित ही हम आगे बढ़ेंगे।
- यहां हर विधानसभ में योग केंद्र, होम स्टे, एक कंप्लीट पैकेज यहां बनने चाहिए।
- पहाड़ी भोजन को पर्यटकों को परोसना होगा।
- स्थानीय मेलों और पर्वों को लाने के लिए एक जिला एक मेला जैसा अभियान चलाया जा सकता है।
- डेमोग्राफिक चेंज, भूमि अतिक्रमण जैसे मुद्दों पर भी धामी सरकार ने बेहतर काम किया है।
- आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में जनता की हर संभव मदद का प्रयास किया है।

पीएम को लिखा खून से पत्र

## पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को भारत रत्न दिया जाए

एजेंसी ▶▶ मथुरा





दिनेश फलाहारी

बागेश्वर धाम सरकार के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को भारत रत्न देने की मांग की गई है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर केस के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने प्रधानमंत्री को खून से पत्र लिखकर यह मांग रखी है। वृंदावन के महामंडलेश्वर राधा नंद गिरी के आश्रम में दिनेश फलाहारी महाराज ने ये पत्र लिखा और कहा कि धीरेंद्र ने विश्वभर के सनातनियों को एक सूत्र में बांधा है। वे जाति-पाति, ऊंच-नीच से ऊपर उठकर, हर हिंदू को एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री से निवेदन किया है कि उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। उन्होंने जो कार्य किया है, वह सनातन धर्म के उत्थान और एकता के लिए अमूल्य है। फलाहारी महाराज का कहना है वे शास्त्री हनुमान जी के परम भक्त हैं। उन्होंने कठिन यात्राएं करके हिंदू समाज को जागरूक किया है और हिंदू राष्ट्र की दिशा में एक नई सोच को जन्म दिया है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **रमेश कुमार पुत्रः** महाराज सिंह **पताः** मकान नंबर–17, ब्लॉक–सी गली नंबर 1, फूल बाग, बुराड़ी, दिल्ली, ने **CC No. 3775/19 U/s 138 NI Act थानाः सब्जी मंडी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रमेश कुमार,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रमेश कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 3775/19 U/s 138 NI Act थानाः सब्जी मंडी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **रमेश कुमार,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक**11.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आरुषि परवाल
जेएमएफसी–05, कमरा नंबर 02
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15119/N/2025
(Court Matter)

## जयराम रमेश का दावा: कैग रिपोर्ट ने ये प्रूफ किया कि बिहार की 'ट्रबल इंजन' सरकार ने दबे, कुचलों की हकमारी की, फंड का दुरुपयोग हुआ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार चुनाव में इस बार जीतेगा कौन, हार का बाजीगर रहेगा कौन ये भले चुनाव के बाद सार्वजनिक हो मगर चुनाव का बेहद सकारात्मक पहलू ये है कि ठोस और बुनियादी बातें सतह पर आई। दो दशक की सरकार से हिसाब किताब तार्किक अंदाज़ मांगा जा रहा है। जाति, धर्म के चक्कर में बिहार की सियासी चाशनी में प्रमुख मुद्दे आमतौर पर विमर्श से बाहर हो जाते रहे हैं, लेकिन इस बार जातपात से ऊपर उठ कर वोटरों के बीच सुलग रहे बेरोजगारी, पलायन, शिक्षा की दुर्दशा, फटेहाल अर्थव्यवस्था और खुल्लमखुल्ला लूट जैसे विषय जवाब माँग रहे हैं। कांग्रेस पार्टी जयराम रमेश के नेतृत्व में ऐसे गंभीर विषयों पर जहाँ लगातार भाजपा जदयू सरकार को घेर रही है वहीं प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी ने बिहारी अस्मिता का अलख जला रखा है।

बिहार विधानसभा में कैग ने रिपोर्ट पटल पर रखी। उसमें 70 हज़ार करोड़ के खर्च का हिसाब, बेहिसाब पाया गया। जयराम रमेश ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा, बिहार में भाजपा-जदयू की ₹ट्रबल इंजन" सरकार लूट और लापरवाही के नए कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है।

पिछले 20 सालों से जारी इस लूट, भ्रष्टाचार, लापरवाही और उपेक्षा की कीमत बिहार की जनता चुका रही है। बिहार सरकार में हुए जातिगत सर्वे में यह सामने आया है कि बिहार के लगभग 9 करोड़ लोग रोज़ केवल 67 रुपया प्रतिदिन में गुज़ारा कर रहे हैं। सवाल उठता है कि बीते 20 वर्षों में भाजपा-जेडीयू सरकार ने बिहार के बजट और पैसों का किया क्या?

जयराम ने कहा, इसका जवाब कैग की रिपोर्ट में मिलता है -कैसे केंद्र की मोदी सरकार और बिहार की भाजपा-जेडीयू सरकार ने घोटालों और जानबूझकर की गई लापरवाही से बिहार का भविष्य लूट लिया। कैग की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, बिहार सरकार ने 70,877.61 करोड़ खर्च किए, लेकिन खर्च किए गए राशि का 49,649 उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा ही नहीं किए। यानी इतनी बड़ी राशि कहाँ और कैसे खर्च हुई इसका कोई प्रमाण नहीं है। जबकि यह राशि दलित, अति पिछड़ों, किसानों, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, शिक्षा और विकास पर खर्च होनी थी।

### जिन विभागों के खर्च का कोई प्रमाण नहीं

सहकारिता - 804.69 करोड़
स्वास्थ्य -860.33 करोड़
पिछड़ा-अति पिछड़ा कल्याण -911.08 करोड़
सामाजिक कल्याण -941.92 करोड़
एससीएसटी कल्याण -1,397.43 करोड़
कृषि -2,107.63 करोड़
ग्रामीण विकास -7,800.48 करोड़
शहरी विकास -11,065.50 करोड़
शिक्षा -12,623.67 करोड़

### पंचायती राज -28,154.10 करोड़

कुल 70,877.61 करोड़ का कोई प्रमाण ही नहीं है। कैग की रिपोर्ट स्पष्ट रूप से संकेत देती है कि यहां एक बहुत बड़ा महाघोटाला हुआ है।कैग ने 2025 की अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया कि पिछले पांच वर्षों में बिहार की भाजपा–जदयू सरकार ने बजट की घोषणाएं तो कीं, लेकिन धरातल पर उसका कार्यान्वयन बुरी तरह विफल रहा। बिहार में दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा, महिला, बच्चों और अल्पसंख्यक वर्गों के लिए आवंटित योजनाओं की राशि खर्च ही नहीं की गई।

**भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

टेली फैक्स : 07740-252273 email:bssukm1@gmail.com Contact No. - 08305143251, 09893404589, 08889088255

निविदा विज्ञप्ति क्र. - 12 दिनांक- 08/11/2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

3500 टी.सी.डी. के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा, जिला- कबीरधाम में मेन्युफैक्चरिंग पी.पी. बेग सामग्री क्रय हेतु ई-टेण्डर आमंत्रित की जाती है। ई - निविदा हेतु इच्छुक फर्मो / निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/- रू. (1000/- रू. + 311 /- रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E- Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है। निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | विवरण | निविदा प्रपत्र विक्रय / जमा तिथि एवं समय | निविदा खोलने तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा क्रमांक- 179053<br>( OEM & Authorized Dealer)<br>As Per Specification of IS 14968-2015 Textiles, Amendment No. 5, February 2025, High Density Poly Ethelene (HDPE)/Poly Propelene (PP) Woven Sacks for Packngine Sugar<br>मैन्युफैक्चरिंग सामग्री | दिनांक 10/11/2025 समय दोपहर 12:00 बजे से 14/11/2025 को समय दोपहर 01:30 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | निविदा 14/11/2025 समय दोपहर 02:00 बजे से |

निविदा की नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र एवं कारखाने के वेब साइट www.bssukm.co.in में भी अवलोकन कर सकते है।

प्रबंध संचालक
भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### कल्याण ज्वैलर्स का मुनाफा दोगुना होकर 260 करोड़



**नई दिल्ली।** कल्याण ज्वैलर्स इंडिया लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में दोगुना होकर 260.51 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से आय बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। एक साल पहले इसी तिमाही में शुद्ध मुनाफा 130.32 करोड़ रुपये था।

### बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली सोयाबीन तेल में आया सुधार



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों, मूंगफली और सोयाबीन तेल-तिलहन कीमतों में मामूली सुधार देखने को मिला। मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी का एमएसपी से नीचे दाम पर बिकना जारी है। सट्टेबाजी के कारण ऊंचे दाम वाले पाम-पामोलीन की जाड़े की मांग प्रभावित होने से पाम-पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट आई।

### मेदांता के शुद्ध मुनाफे में 21 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** मेदांता ब्रांड के तहत अस्पतालों का संचालन करने वाली ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 21 प्रतिशत बढ़कर 158 करोड़ रुपये रहा। स्वास्थ्य सेवा प्रदाता ने पिछले वित्तवर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 131 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि दूसरी तिमाही में परिचालन राजस्व बढ़कर 1,099 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 957 करोड़ रुपये था।

#### चेक कार विनिर्माता की भारत में वैश्विक ब्रांड लाने की योजना

# स्कोडा भारतीय बाजार में और मॉडल लाएगी कंपनी फिलहाल नहीं उतरेगी ईवी बाजार में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चेक कार विनिर्माता कंपनी स्कोडा भारतीय बाज़ार में अपने और वैश्विक ब्रांड लाने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि स्कोडा अपने विभिन्न प्रकार के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करना चाहती है। कंपनी, जो अभी भारत में सात लाख रुपये से लेकर 40 लाख रुपये तक की कीमत वाले उत्पाद बेचती है, की फिलहाल देश में इलेक्ट्रिक कार (ईवी) लाने की योजना नहीं है।

स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक आशीष गुप्ता ने कहा, ''अगले साल के लिए, मूल पोर्टफोलियो, यानी स्थानीय रूप से निर्मित कारें, वही रहेंगी। हालांकि, बाजार में उत्साह बढ़ाने के लिए, जैसा कि हमने इस साल ऑक्टेविया के साथ किया था, हम अगले साल भारत में कुछ और वैश्विक, प्रतिष्ठित कारें लाने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, उन्होंने उन मॉडल के नाम का खुलासा नहीं किया जिन्हें कंपनी अगले साल देश में आयात करने की योजना बना रही है।

- कंपनी विभिन्न प्रकार के ग्राहकों की जरूरतें पूरा करना चाह रही
- स्कोडा सात लाख से 40 लाख रुपए तक की कीमत के उत्पाद बेचती है
- कंपनी ने भारत में ऑक्टोविया कार के साथ प्रवेश किया था



### दो प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी बनाए रखेगी

स्कोडा वर्तमान में भारतीय बाजार में काइलैक, कुशाक और स्लाविया जैसे स्थानीय रूप से निर्मित मॉडल और ऑक्टेविया और कोडियाक जैसे आयातित मॉडल बेचती है। जनवरी से अक्टूबर, 2025 के बीच कंपनी ने 61,607 वाहन बेचे हैं। यह साल अभी तक कंपनी के लिए काफी मजबूत रहा है। कंपनी का लक्ष्य घरेलू यात्री वाहन खंड में अपनी दो प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी बनाए रखना है।

### वार्षिक बिक्री रिकॉर्ड पहले ही पार कर चुकी

कंपनी 2022 के 53,721 इकाई के अपने पिछले वार्षिक बिक्री रिकॉर्ड को पहले ही पार कर चुकी है। गुप्ता ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से शुरू हुई बिक्री की गति नवंबर और दिसंबर में भी जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा, ''(त्योहारों के मौसम के बाद) इसमें कितना बदलाव आएगा और क्या रुझान उभरेंगे? मुझे लगता है कि अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन मेरा मानना है कि यह गति जारी रहेगी।''

### भविष्य निश्चित रूप से ईवी कारों का

गुप्ता ने कहा कि भारत में प्रासंगिक बने रहने के लिए, भविष्य निश्चित रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों का ही है। उन्होंने कहा, ''दुनिया भर में हमने देखा है कि विद्युतीकरण की गति में कुछ देरी हो सकती है। लेकिन निश्चित रूप से, कोई भी विनिर्माता जो इस बाजार को लेकर गंभीर है, यह नहीं कह सकता कि हम ईवी में कदम नहीं रखेंगे। निश्चित रूप से, हम ईवी के लिए योजना बना रहे हैं।'' हालांकि, उन्होंने इसका अधिक ब्योरा नहीं दिया।

### कंपनी काइलैक श्रृंखला का विस्तार करेगी

कंपनी अगले साल और अधिक ट्रिम्स के साथ काइलैक श्रृंखला का विस्तार करने की योजना बना रही है, साथ ही कुशाक और स्लाविया को भी 'अद्यतन' रूप में पेश करेगी। कंपनी की ईवी रणनीति के बारे में पूछे जाने पर, गुप्ता ने कहा, ''दुनिया भर में हमारा ईवी पोर्टफोलियो बहुत बड़ा है। लेकिन मेरे नजरिये से, पिछले साल बाजार में बहुत सारी अनिश्चितताएं रही हैं... चाहे वह मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा हो, ईवी नीति हो या कुछ और, एक स्थिर योजना बनाना बहुत चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।''

# जेपी एसोसिएट्स खरीदने की दौड़ में अदाणी समूह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- अधिग्रहण के लिए सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी बन सकती है

अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड दिवाला प्रक्रिया के जरिये जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) का अधिग्रहण करने के लिए सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी बन सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। खनन क्षेत्र की बड़ी कंपनी वेदांता समूह ने सितंबर की शुरुआत में अदाणी समूह को पीछे छोड़ते हुए 12,505 करोड़ रुपये की सबसे बड़ी बोली लगाकर बढ़त हासिल की थी। यह नीलामी जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के लिए की गई थी, जिसका कारोबार रियल एस्टेट, सीमेंट, ऊर्जा, होटल और सड़क निर्माण जैसे क्षेत्रों में फैला हुआ है। डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड, जिंदल पावर लिमिटेड और पीएनसी इन्फ्राटेक लिमिटेड ने इस नीलामी प्रक्रिया में बोली नहीं लगाई। प्राप्ति को अधिकतम करने के लिए इन पांचों कंपनियों के साथ बातचीत की, जिसके बाद 14 अक्टूबर को इन पांच बोलीदाताओं ने सीलबंद लिफाफों में नई हस्ताक्षरित समाधान योजनाएं प्रस्तुत कीं।

### अदाणी ने दो साल के भीतर भुगतान का दिया प्रस्ताव

सूत्रों के अनुसार यह समझा जा रहा है कि डालमिया की योजनाओं में भुगतान जेएएल और विकास प्राधिकरण यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) के बीच लंबित मामले पर उच्चतम न्यायालय के फैसले पर निर्भर है। अदाणी समूह ने ऋणदाताओं को दो साल के भीतर भुगतान का प्रस्ताव दिया है, जबकि वेदांता ने पांच साल में किस्तों में भुगतान की बात कही है।

# कंपनी नतीजें व वैश्विक रुख से तय होंगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- एफपीआई बाजार के रुख को प्रभावित कर सकते हैं

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह मुद्रास्फीति के आंकड़ों, कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों और वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियां भी शेयर बाजार के रुख को प्रभावित करेंगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''यह सप्ताह महत्वपूर्ण रहेगा, क्योंकि कई प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़े जारी होने वाले हैं। घरेलू मोर्चे पर, भारत के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति और थोक मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जो महंगाई की दिशा और नीतिगत दृष्टिकोण के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। सप्ताह के दौरान ओएनजीसी, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और ऑयल इंडिया जैसी प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजों आएंगे, जिन पर सभी की निगाह रहेगी। इसके साथ रुपये-डॉलर का रुख और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। ऑनलाइन ट्रेडिंग और संपदा प्रबंधन कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''इस सप्ताह कई प्रमुख घरेलू और वैश्विक वृहद आर्थिक कारक बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगे।

## तेजस के लिए जीई एयरोस्पेस से भेल जेट विमान खरीदेगी...



नई दिल्ली। हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने जीई एयरोस्पेस के साथ 113 जेट इंजन खरीदने का एक बड़ा समझौता किया है। इन इंजनों का इस्तेमाल देश में विकसित हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) 'तेजस'' के लिए किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस खरीद समझौते के तहत एफ-404-जीई-आईएन20 इंजनों की आपूर्ति 2027 से शुरू होकर 2032 तक पूरी की जाएगी। एचएएल ने कहा कि उसने जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी के साथ इन इंजनों और सहयोगी पैकेज की खरीद के लिए समझौता किया है, जिससे भारतीय वायुसेना के 97 एलसीए एमके-1ए विमान कार्यक्रम को अंजाम दिया जा सकेगा। रक्षा मंत्रालय ने सितंबर महीने में एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपये का सौदा किया था। इस समझौते के तहत भारतीय वायुसेना के लिए 97 तेजस एमके-1ए विमानों की खरीद की जाएगी।

# टीवीएस मोटर की यूरोपीय बाजारों में उतरने की योजना

एजेंसी ▶▶| मिलान (इटली)

- कंपनी के चेयरमैन सुदर्शन ने दी जानकारी
- वैश्विक दोपहिया प्रदर्शनी में छह नए उत्पादों का किया अनावरण



भारतीय वाहन विनिर्माता टीवीएस मोटर कंपनी अपने वैश्विक विस्तार के तहत स्पेन और पुर्तगाल सहित यूरोप के और बाजारों में उतरने की योजना बना रही है। यह जानकारी कंपनी के चेयरमैन सुदर्शन वेणु ने दी। कंपनी ने वैश्विक दोपहिया प्रदर्शनी ईआईसीएमए-2025 में आईसीई और इलेक्ट्रिक पावरट्रेन में छह नए उत्पादों का अनावरण करते हुए अपनी शुरुआत की, का मानना है कि बढ़ते पोर्टफोलियो के साथ अब 'औद्योगिक बाजारों' का दोहन करने का समय आ गया है। वेणु ने यूरोप पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में कहा, ''मुझे लगता है कि यह औद्योगिक बाजारों की ओर टीवीएस की प्रगति की शुरुआत है। आमतौर पर, हम उभरते बाजारों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।''

# सोने की कीमतों में सुधार जारी रहेगा : विश्लेषक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों, व्यापार शुल्क को लेकर जारी अनिश्चितताओं और चीन के प्रमुख आर्थिक आंकड़ों से पहले आने वाले सप्ताह में सोने की कीमतों में सुधार जारी रहने की उम्मीद है।

विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया। उन्होंने आगे कहा कि कारोबारी मौद्रिक नीति पर स्पष्टता के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों पर भी कड़ी नजर रखेंगे। इससे निकट भविष्य में सर्राफा कीमतों की दिशा तय होने की संभावना है। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के ईबीजी - जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, ''सोने की कीमतों में स्वस्थ गिरावट या और सुधार की उम्मीद है, क्योंकि सभी का ध्यान मुद्रास्फीति के आंकड़ों, शुल्क पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई, फेड अधिकारियों के भाषणों और चीनी आंकड़ों पर रहेगा। मेर ने कहा कि सोने की कीमतें इस सप्ताह थोड़ी कम हुई, लेकिन यह धातु मोटे तौर पर एक सीमित दायरे में ही रही। मजबूत डॉलर और सुस्त भौतिक मांग के कारण इसकी बढ़त सीमित रही। खुदरा खरीदार कीमतों में और गिरावट की आशंका में बाजार से दूर हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दिसंबर डिलिवरी वाले सोने का वायदा भाव पिछले सप्ताह 165 रुपये या 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ शुक्रवार को 1,21,067 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एंजल वन के डीवीपी (शोध, गैर-कृषि जिंस एवं मुद्रा) प्रथमेश माल्या ने कहा, ''इस दौरान एमसीएक्स पर सोने का वायदा भाव 1,17,000-1,22,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में रहा।

### अमेरिकी श्रम बाजार की कमजोर रिपोर्ट आने की उम्मीद

अमेरिकी श्रम बाजार की कमजोर रिपोर्ट, सुरक्षित निवेश की मांग, अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और केंद्रीय बैंक की खरीदारी से निकट भविष्य में सोने की कीमत प्रभावित हो सकती है।'' उन्होंने आगे कहा, ''सोना 1979 के बाद से अपनी वार्षिक वृद्धि की राह पर है, और अगर मौजूदा बुनियादी कारक प्रभावी रहे तो जल्द ही सोने की कीमतों में और तेजी आ सकती है।''

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### श्नाइडर इलेक्ट्रिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का लाभ 3.5 प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली।** श्नाइडर इलेक्ट्रिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 3.54 प्रतिशत घटकर 52.32 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 54.27 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ था। 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में श्नाइडर इलेक्ट्रिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का कुल व्यय बढ़कर 584.61 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 544.12 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय भी बढ़कर 654.58 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 608.64 करोड़ रुपये थी।

# अगले कुछ सालों में भारत करेगा स्कॉच व्हिस्की बाजार पर कब्जा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत अगले कुछ साल में प्रतिस्पर्धी तीव्रता, प्रीमियमीकरण और आर्थिक वृद्धि के बल पर मूल्य और मात्रा के लिहाज से सबसे बड़ा वैश्विक स्कॉच व्हिस्की बाजार बनने के लिए तैयार है। स्कॉच व्हिस्की एसोसिएशन के सीईओ मार्क केंट सीएमजी ने यह बात कही है। मार्क केंट ने सिंगल माल्ट व्हिस्की बाजार में भारत के उभरने की सराहना करते हुए कहा कि स्कॉच व्हिस्की एसोसिएशन न केवल ब्रिटेन के बाजार में निर्यात के लिए, बल्कि अन्य वैश्विक बाजारों में भी साथ मिलकर संभावनाएं तलाश रहा है। भारतीय सिंगल माल्ट श्रेणी के उभरने का उल्लेख करते हुए, जिनमें से कुछ ने हाल ही में कई प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं, उन्होंने कहा कि वह भारतीय माल्ट व्हिस्की एसोसिएशन के साथ बात करने जा रहे हैं, क्योंकि वे विनिर्माण और साथ मिलकर काम करने में गुणवत्ता के महत्व पर समान विचार रखते हैं। यह भारतीय और स्कॉटिश दोनों उद्योगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। भारतीय कंपनियों के लिए ब्रिटेन को भारतीय सिंगल माल्ट के निर्यात को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजारों के लिए साझेदारी बनाने का अवसर है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **बलबीर सिंह उर्फ बंटी** पुत्र मोहन सिंह, निवासी- सी-624, सी-ब्लॉक, डीडीए कॉलोनी, ख्याला, नई दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 000183/2018 धारा 379/411 भा.द.स, थाना तिलक नगर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलबीर सिंह उर्फ बंटी** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **बलबीर सिंह उर्फ बंटी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **बलबीर सिंह उर्फ बंटी, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 000183/2018 धारा 379/411 भा.द.स, थाना तिलक नगर, नई दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.12.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**डॉ. अनीज़ा बिश्नोई**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-07 (पश्चिम)
द्वितीय तल
तीस हज़ारी न्यायालय, दिल्ली

DP/15087/WD/2025

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

## शब्द पहेली - 6043




**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

### शब्द पहेली- 6042 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | वे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | रा | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |





# रायबाकिना का तूफानी फॉर्म, बनीं डब्ल्यूटीए फाइनल्स चैंपियन

## एलेना को खिताब जीतने पर मिली 52.3 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि

एजेंसी ▶▶| रियाद

छठी वरीयता प्राप्त और 2022 विम्बलडन चैंपियन एलेना रायबाकिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 6-3, 7-6 (0) से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीत लिया। रायबाकिना ने रियाद के इनडोर हार्डकोर्ट पर हुए मुकाबले में आठ ऐस लगाए और मैच का एकमात्र ब्रेक भी हासिल किया। रायबाकिना ने अपने खिताबी अभियान में दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक, अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला पर जीत दर्ज की।

### रायबाकिना ने जीती सबसे बड़ी राशि

*रायबाकिना ने फाइनल्स जीतने के बाद कहा, 'यह सप्ताह अविश्वसनीय रहा। मुझे किसी नतीजे की उम्मीद नहीं थी और यहां तक सफर तय करना अविश्वसनीय रहा।' चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका के लिए यह सत्र के अंतिम टूर्नामेंट के फाइनल में दूसरी हार थी। इससे पहले वह 2022 के खिताबी मुकाबले में कैरोलिन गार्सिया से हार गई थीं। रायबाकिना लगातार तीसरे डब्ल्यूटीए फाइनल्स में अपना पहला खिताबी मुकाबला खेल रही थीं। शीर्ष आठ महिलाओं वाले इस टूर्नामेंट जीत हासिल करने से उन्हें 52.3 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि हासिल की। डब्ल्यूटीए ने कहा कि यह महिला खेलों के इतिहास में सबसे बड़ी राशि है। सबालेंका ने उपविजेता के रूप में 27 लाख अमेरिकी डॉलर कमाए।*

## हेलेनिक चैंपियनशिप जीतने के बाद जोकोविच ने एटीपी फाइनल्स से नाम लिया वापस


**एथेंस।** चौबीस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने लगातार दूसरे साल एटीपी फाइनल्स से हटने का फैसला किया। जोकोविच ने लगभग तीन घंटे चले फाइनल में लोरेंजो मुसेटी को हराकर हेलेनिक चैंपियनशिप जीतने के कुछ देर बाद ही यह फैसला किया। इस सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि कंधे की चोट के कारण वह इटली के तूरिन में शुरू होने वाले शीर्ष आठ पुरुष खिलाड़ियों के सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। जोकोविच ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि मुझे अपनी चोट के कारण टूर्नामेंट से हटना पड़ रहा है।' इस फैसले का मतलब है कि मुसेटी उनकी जगह लेंगे।

### जोकोविच ने जीता कॅरियर का 101वां खिताब

जोकोविच सात बार एटीपी फाइनल्स जीत चुके हैं लेकिन पिछले साल भी चोट के कारण इस टूर्नामेंट से बाहर रहे थे। उन्होंने मुसेटी को 4-6, 6-3, 7-5 से हराकर अपने करियर का 101वां खिताब जीता। 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने हार्ड कोर्ट पर अपना 72वां खिताब जीतकर पुरुषों का रिकॉर्ड भी बनाया, जो रोजर फेडरर से एक अधिक है। मैच के बाद जोकोविच ने कहा, 'एक अविश्वसनीय मुकाबला। तीन घंटे का मैच शारीरिक रूप से मुश्किल। मुझे इस मैच को जीतने पर खुद पर गर्व है।



## खबर संक्षेप



### रथिका ने शाहीन को दी कड़ी टक्कर, एनएसडब्ल्यू ओपन में रहीं दूसरी पोजिशन पर

**सिडनी।** रथिका सुथांथीरा सीलन एनएसडब्ल्यू ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के पांच गेम तक चले कड़े मुकाबले में कनाडा की शीर्ष वरीयता प्राप्त इमान शाहीन से हार गईं। दूसरी वरीयता प्राप्त और दुनिया की 180वें नंबर की खिलाड़ी 24 वर्षीय रथिका ने अपने चौथे पीएसए फाइनल में तीसरा और चौथा गेम जीतकर चैलेंजर टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले को बेहद रोमांचक बना दिया। हालांकि कनाडा की खिलाड़ी ने निर्णायक गेम में वापसी करते हुए 61 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 11-8, 11-3, 4-11, 10-12, 12-10 से जीत हासिल की। इससे पहले शनिवार को रथिका ने न्यूजीलैंड की छठी वरीयता प्राप्त एम्मा मर्सन को सीधे गेम में हराकर अपने चौथे पीएसए फाइनल में प्रवेश किया था।

### 16 नवंबर से 'ऑल इंडिया गवर्नर्स गोल्ड कप



**गंगटोक।** सिक्किम फुटबॉल संघ (एसएफए) ने घोषणा की कि 'ऑल इंडिया गवर्नर्स गोल्ड कप' टूर्नामेंट 16 से 29 नवंबर तक पलजोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और सिक्किम ओलंपिक संघ (एसओए) से मान्यता प्राप्त इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी। प्री-क्वालीफाइंग दौर 16 नवंबर से शुरू होगा जबकि प्री-क्वार्टर फाइनल 18 नवंबर से खेले जाएंगे। क्वार्टर फाइनल 22 नवंबर से 25 नवंबर तक होंगे जबकि सेमीफाइनल 26 और 27 नवंबर को होंगे। फाइनल 29 नवंबर को खेला जाएगा। सभी मैच एआईएफएफ के नियमों के अनुसार कृत्रिम टर्फ पर खेले जाएंगे और एसएफए के पास जरूरत पड़ने पर मैचों को पुनर्निर्धारित करने का अधिकार होगा।

### पाकिस्तानी टीम से बाहर हुए नवाज



**लाहौर।** पाकिस्तान के उभरते बल्लेबाज हसन नवाज को खराब फॉर्म के कारण श्रीलंका के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला और टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला की टीम से बाहर कर दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि हसन नवाज को कायदे आजम ट्रॉफी प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट में खेलने के लिए कहा गया है। पीसीबी ने कहा कि सलामी बल्लेबाज फखर जमां 17 नवंबर से श्रीलंका और जिम्बाब्वे के साथ होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए टी20 टीम में हसन की जगह लेंगे। श्रीलंका के खिलाफ 11 नवंबर से रावलपिंडी में होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए हसन की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को नहीं चुना गया है।

## त्रिपुरा ने पहली पारी में असम के खिलाफ बनाए 600 रन

# टीम इंडिया से बाहर चल रहे हनुमा विहारी ने ठोका बैक-टू-बैक शतक, मचाया तूफान

*हनुमा विहारी ने पहले बंगाल और अब असम के खिलाफ बैक टू बैक शतक ठोक दिया। इस बैटर के कमाल से त्रिपुरा ने पहली पारी में 600 से ज्यादा रन बनाए।*

एजेंसी ▶▶| अगरतला

टीम इंडिया से बाहर चल रहे स्टार बैटर हनुमा विहारी ने रणजी में कमाल का प्रदर्शन किया है और अपने प्रदर्शन से सेलेक्टर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। त्रिपुरा के लिए रणजी में खेलते हुए इस बैटर ने असम के खिलाफ शतक ठोक दिया। अगरतला के महाराजा बीर बिक्रम कॉलेज स्टेडियम में उन्होंने ये कमाल किया। हनुमा विहारी ने इससे पहले बंगाल के खिलाफ पहली पारी में 141 रन ठोके थे। ऐसे में विहारी ने एक और शतक लगाया और इस बार उन्होंने असम के खिलाफ कमाल किया। विहारी ने इस दौरान अहम स्ट्रोक्स खेले। इस बैटर ने 215 गेंदों पर 143 रन बनाए। इसमें उन्होंने 17 चौके और एक छक्का लगाया। इसका नतीजा ये रहा कि स्टम्प्स तक टीम का स्कोर 4 विकेट पर 316 रन था।

### त्रिपुरा ने 602 रन पर घोषित की पारी

इस तरह त्रिपुरा ने 7 विकेट गंवा 602 रन ठोके। असम की टीम के 4 विकेट 66 रन पर ही गिर गए। असम की टीम मुश्किल में नजर आ रही है। बता दें कि विहारी टीम इंडिया में वापसी करना चाहते हैं। इस बैटर ने भारत के लिए कुल 16 टेस्ट खेले हैं, जहां उन्होंने 839 रन ठोके हैं। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2020-21 के दौरान विहारी ने आर अश्विन के साथ मिलकर 40 ओवरों तक बल्लेबाजी की थी और सिडनी टेस्ट ड्रॉ कराया था। इस ड्रॉप की बदौलत सीरीज 1-1 पर आ गई थी और अंत में भारत ने गाबा टेस्ट जीत सीरीज अपने नाम कर ली थी।



### पृथ्वी शॉ ने जन्मदिन पर ठोकी फिफ्टी

*नासिक। टीम इंडिया से बाहर चल रहे युवा बैटर पृथ्वी शॉ रणजी में लगातार रन बना रहे हैं। इस बैटर ने कर्नाटक के खिलाफ नासिक के मैदान पर खेले जा रहे मुकाबले में अर्धशतक ठोका। शॉ ने इसके आगे भी शानदार बैटिंग की लेकिन वो महाराष्ट्र के लिए 71 रन बनाकर आउट हो गए। ये पारी उनके लिए इसलिए भी खास थी क्योंकि उन्होंने 9 नवंबर को अपने 26वें जन्मदिन पर ये कमाल किया। कर्नाटक ने पहली पारी में 313 रन ठोके। इसके जवाब में पृथ्वी शॉ ने शानदार शुरुआत की। ओपनिंग में उनका साथ देने अर्शीन कुलकर्णी थे। इस बैटर ने 34 रन ठोके। इस तरह दोनों ने पहले विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी की।*

### मुशीर-सिद्धेश ने लगाया शतक, मुंबई ने पहली पारी में बनाए 446 रन

**मुंबई।** रणजी ट्रॉफी के चौथे मुकाबले में शार्दुल ठाकुर की कप्तानी में मुंबई की टीम ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 446 रन बनाए। पहली पारी में मुंबई के लिए आयुष महात्रे, अजिंक्य रहाणे, सरफराज खान जैसे बैटर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए तो वहीं टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में मुशीर खान और सिद्धेश लाड की शतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा। यशस्वी जायसवाल के नहीं होने पर मुंबई के लिए पारी की शुरुआत मुशीर खान के साथ आयुष महात्रे ने की और एक तरफ जहां मुशीर ने शतक लगाया तो वहीं आयुष का बल्ला पहली पारी में नहीं चला। आयुष ने 8 गेंदों पर 9 रन की पारी खेली और आउट हो गए जबकि मुशीर खान ने 162 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 112 रन की शानदार पारी खेली। छठे नंबर पर बैटिंग करते हुए सिद्धेश लाड ने एक छक्के और 18 चौकों के साथ 127 रन की पारी खेली तो वहीं टीम के विकेटकीपर आकाश आनंद ने 34 रन बनाए।

क्रिकेट

## ऑस्ट्रेलिया में 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' के खिताब से नवाजे गए सुंदर



**ब्रिसबेन।** वाशिंगटन सुंदर को ऑस्ट्रेलिया में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में टीम की 2-1 की जीत के बाद 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला। बीसीसीआई) ने रविवार को पोस्ट किए 'ड्रेसिंग रूम बीटीएस' शीर्षक वाले वीडियो में जब टीम परिचालन प्रबंधक (सीओओ) राहिल खाजा ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया तो सुंदर मुस्कुराते हुए नजर आए। छब्बीस साल के सुंदर ने श्रृंखला के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, 'यहां आना और ऑस्ट्रेलिया में खेलने का मौका मिलना अद्भुत है। टीम की जीत में योगदान देकर मुझे बहुत खुशी हुई।'


### श्रृंखला के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी सुंदर

*भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में जीत के दौरान सुंदर के प्रदर्शन ने टीम के लिए उनकी उपयोगिता साबित की। होबार्ट में तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हालांकि सुंदर को गेंदबाज के रूप में इस्तेमाल नहीं किया गया था और उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा गया। इसमें उन्होंने 23 गेंद में चार छक्कों और तीन चौकों की मदद से 49 रन बनाकर मैच विजयी पारी खेली और भारत को पांच विकेट से जीत दिलाई, जिससे श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई। फिर चौथे मैच में उन्हें अंतिम ओवरों तक गेंद नहीं दी गई, लेकिन उन्होंने दो ओवरों में पांच गेंदों पर तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को ढेर कर दिया, जिससे भारत 48 रन से जीत गया। इस जीत ने आखिर में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम को श्रृंखला 2-1 से जीतने में मदद की क्योंकि शनिवार को गाबा में पांचवां मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।*

## डब्ल्यूबीबीएल में नहीं चला जेमिमा का बल्ला, हारी टीम

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

जेमिमा रोड्रिग्स की विश्व कप जीत के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी निराशाजनक रही क्योंकि यह भारतीय बल्लेबाज महिला बिग बैश लीग (बीबीएल) में मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ अपनी टीम ब्रिस्बेन हीट की सात विकेट से हार में केवल छह रन ही योगदान दे पाई। पिछले सप्ताह भारत की एकदिवसीय विश्व कप में ऐतिहासिक जीत के बाद अपना पहला मैच खेल रही जेमिमा प्रभाव छोड़ने के लिए बेताब दिखीं लेकिन नौ गेंद खेलने के बाद एलिस कैप्सी की गेंद पर बैकवर्ड पॉइंट पर डिएंड्रा डॉटिन के हाथों कैच आउट हो गई। रोड्रिग्स की इस वापसी ने उनके बढ़ते प्रशंसकों को निराश किया लेकिन उनकी मौजूदगी ने मुकाबले में 'स्टार वैल्यू' का तड़का लगाया।



### रेनेगेड्स के स्पिनरों का दबदबा

जेमिमा ने कहा, 'मैं यहां ब्रिस्बेन में हूं, क्या आप यकीन कर सकते हैं, आज के लिए बहुत उत्साहित हूं, चलो शुरू करते हैं।' हीट के लिए नादिन डी क्लार्क (38 गेंदों पर 40) और चिनेल हेनरी (22 गेंदों पर 29) ने डटकर सामना किया लेकिन रेनेगेड्स के स्पिनरों ने मैच पर दबदबा बनाए रखा और टीम की पारी 20 ओवर में 133 रन पर ही सिमट गई। रेनेगेड्स की कप्तान जॉर्जिया वेयरहैम (12 रन पर तीन विकेट) और कैप्सी (22 रन पर तीन विकेट) ने बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया जबकि टेस फ्लिंटॉफ (30 रन पर तीन विकेट) आखिरी ओवरों में हीट को वापसी का मौका नहीं दिया।

## शहीदों के परिजनों का सम्मान करते हुए गौरवान्वित हूं : आर्यवीर

- जबलपुर में गोल्फ महोत्स्व का शानदार समापन

अनुरोध पटेरिया ▶▶| जबलपुर

गोल्फ महोत्सव जबलपुर के समापन कार्यक्रम में गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेकेट्री आर्यवीर आर्य ने कहा कि वे शहीदो के परिजनों का सम्मान करते हुए खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। लेफ्टिनेंट जनरल शेखावत जी ने जिस उद्देश्य को लेकर मुझे जबलपुर बुलाया था वो पूरा हो गया है। गोल्फ महोत्सव के साथ ग्रीन खेल के युग की शुरुआत जबलपुर में हो चुकी है। इस महोत्सव में गोल्फ प्लेयर के साथ सेना के जवानों के जब्बे ने नई गति दी है। आज गोल्फ टूर्नामेंट में अभिनेता रणदीप हुड्डा ने भी गोल्फ खेल कर ग्रीन खेल को प्रताड़ित किया। 8 और 9 नवंबर को आर्मी क्षेत्र में गए गोल्फ महोत्सव में देश सहित जबलपुर के गोल्फ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। समापन कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयोजन हुए। वही फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा ने शहीदो के परिजनों सहित एंटी ओबेसिटी रन व गोल्फ टूर्नामेंट के विजेताओं और उप विजेताओं को पुरस्कृत किया। साथ ही सैन्य क्षेत्र में संचालित आशा स्कूल के दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए भी उन्हें पुरस्कृत किया गया। स्कूल के और बेहतर संचालन हेतु डेढ़ लाख की राशि भी गोल्फ फेडरेशन इंडिया द्वारा प्रदान की गई। श्री आर्या ने कहा कि अपने व्यक्तित्व का निर्माण करिए देश का निर्माण तभी होगा। पूरी दुनिया भारतीय संस्कृति से जुड़ने को लालायित है अतः हम अपनी गौरवमयी विरासत को सहेजे। संस्कृति अपनाने से हमारे अंदर संस्कार के भाव आएंगे और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। लेफ्टिनेंट जनरल शेखावत ने पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी से वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। साथ ही स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए खुद स्वस्थ रहना आवश्यक है। गोल्फ महोत्सव के सफल आयोजन के लिए मध्य क्षेत्र की ओर से आर्यवीर आर्य का सम्मानित किया गया। वही गोल्फ फेडरेशन की ओर से आर्यवीर आर्य द्वारा लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत एवं राजलक्ष्मी शेखावत का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नागपुर विधायक एवं महाराष्ट्र गोल्फ एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष देशमुख व जबलपुर महापौर जगत बहादुर सिंह भी मौजूद थे।





## तीसरे टी20 में जैमीसन ने की अंतिम ओवर में शानदार गेंदबाजी

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को हराया, श्रृंखला में 2-1 की बढ़त

एजेंसी ▶▶| नेलसन

न्यूजीलैंड ने काइल जैमीसन की अंतिम ओवर में शानदार गेंदबाजी से तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को नौ रन से हरा दिया। न्यूजीलैंड ने इस तरह पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली है। जैमीसन ने गुरुवार को दूसरे मैच में भी आखिरी ओवर फेंका था, जिसे न्यूजीलैंड ने तीन रन से जीत लिया था। वेस्टइंडीज ने पहला मैच सात रन से जीता था। तीनों मैचों का फैसला अंतिम ओवर में हुआ है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 177 रन का स्कोर खड़ा किया। फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने 13वें ओवर में 88 रन पर आठ विकेट गंवा दिए थे, जिससे लग रहा था कि न्यूजीलैंड आसानी से जीत जाएगा। लेकिन रोमारियो शेफर्ड ने 34 गेंद में 49 और शमर स्प्रिंगर ने 20 गेंद में 39 रन बना दिए। इससे वेस्टइंडीज को अंतिम ओवर में जीत के लिए 14 रन की दरकार थी।



### पुछल्ले बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज की पारी को संभाला

एक बार फिर शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद पुछल्ले बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज की पारी को संभाला। मेहमान टीम ने पारी के दूसरे ओवर में जैकब डफी की गेंदों पर दो विकेट गंवा दिए। इससे पावरप्ले की में टीम का स्कोर दो विकेट पर 47 रन था। और फिर बीच के ओवरों में टीम ने 35 रन पर छह विकेट गंवा दिए। स्पिनर ईश सोढ़ी ने 34 रन देकर तीन विकेट लिए और 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे।

### न्यूजीलैंड ने पांच ओवर में गंवाए छह विकेट

इससे पहले डेवोन कॉनवे ने 34 गेंद में 56 रन बनाकर न्यूजीलैंड की पारी की शुरुआत की। हालांकि टीम ने पांच ओवरों में 31 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे। वेस्टइंडीज के शानदार क्षेत्ररक्षण से तीन खिलाड़ी रन आउट हुए। जेसन होल्डर और मैट फोर्ड ने बेहतरीन गेंदबाजी की। फोर्ड ने 20 रन देकर दो और होल्डर ने 31 रन देकर दो विकेट झटकर न्यूजीलैंड को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। टिम रॉबिन्सन (23) और रचिन रविंद्र (26) दोनों अच्छी शुरुआत के बावजूद बड़ी पारी नहीं खेल सके।

## भारतीय फुटबॉल टीम के शिविर में शामिल हुए विलियम्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता को छोड़कर भारतीय नागरिकता लेने वाले फॉरवर्ड रेयान विलियम्स मुख्य कोच खालिद जमील की देखरेख में बेंगलुरु में चल रही राष्ट्रीय टीम के शिविर में शामिल हो गए। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने यह जानकारी दी। पर्थ में जन्में 32 वर्षीय इस खिलाड़ी ने डिफेंडर जय गुप्ता के साथ शिविर में प्रवेश किया। एआईएफएफ ने एक्स पर लिखा, 'फॉरवर्ड रेयान विलियम्स और डिफेंडर जय गुप्ता बेंगलुरु में सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के शिविर में शामिल हो गए हैं।' भारतीय फुटबॉल के लिए इस नई पहल के तहत एआईएफएफ ने इस हफ्ते की शुरुआत में दो विदेशी खिलाड़ियों (विलियम्स और अबनीत भारती) को 18 नवंबर को ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिए शामिल किया। यह कदम मुश्किल दौर से गुजर रही महासंघ के दृष्टिकोण में एक साहसिक बदलाव को दर्शाता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




### हाफिज सईद का सहयोगी कर रहा जिहादी बनने की अपील

# लश्कर कमांडर सैफुल्लाह की नई धमकी बांग्लादेश के रास्ते भारत पर करेगा हमला

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

लश्कर-ए-तैय्यबा का चीफ हाफिज सईद फिर भारत पर हमले की साजिश रच रहा है। इस बार वह बांग्लादेश के रास्ते भारत पर हमले का षड्यंत्र रच रहा है। इस काम को अंजाम देने के लिए हाफिज ने अपने एक सहयोगी को बांग्लादेश भेज दिया है, जहां उसने भारत पर हमले के लिए कमांडरों और हिजादियों को भर्ती कर उन्हें ट्रेनिंग देने का काम शुरू कर दिया है। यह ऐलान पाकिस्तान के लश्कर कमांडर और हाफिज सईद के करीबी सैफुल्लाह सैफ ने की है। पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत द्वारा किए गए हमलों से आतंकी बौखलाए हुए हैं।

लश्कर कमांडर ने एक रैली में भीड़ को जिहादी बनने के लिए खुलेआम ललकार रहा है और भारत पर हमले की बात कर रहा है। वह यह भी बता रहा है कि हाफिज सईद चुप नहीं बैठा है और वह बांग्लादेश के रास्ते भारत पर हमले की योजना को आकार दे रहा है। सैफुल्लाह सैफ ने यह दावा 30 अक्टूबर को एक रैली में किया। लश्कर कमांडर सैफुल्लाह सैफ ने कहा कि हाफिज सईद का एक शीर्ष सहयोगी पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) में सक्रिय है और वह भारत के हमले का मुंहतोड़ जवाब देने का प्लान बना रहा है। उसने यह बात पाकिस्तान के बस्ती अली दी गोथ, खैरपुर तमीवाली में रक्षा साथियों और वहलिबात सम्मेलन में एक उग्र भाषण के दौरान कही। उसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें सैफुल्लाह को भीड़ को जिहाद में शामिल होने के लिए उकसाते हुए और भारत के खिलाफ आतंकवाद का खुलेआम आह्वान करते हुए देखा जा सकता है।

**भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बिलबिला रही आतंकवादियों की फौज**

**30 अक्टूबर की रैली में सैफुल्लाह ने हांकी डींगें, वीडियो वायरल**


वीडियो में गीदड़ धमकी देता दिखा आतंकी सैफुल्लाह

### गुजरात में 3 आतंकी गिरफ्तार, 2 यूपी और 1 हैदराबाद का रहने वाला

*गुजरात एटीएस ने एक बड़ी आतंकी साजिश का पर्दाफाश करते हुए तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आतंकियों में दो उत्तर प्रदेश के निवासी हैं जबकि एक हैदराबाद से ताल्लुक रखता है। सूत्रों के मुताबिक, ये तीनों आतंकी हथियारों की अदला-बदली के लिए गुजरात पहुंचे थे और देशभर में आतंकी हमलों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। गुजरात एटीएस की टीम पिछले एक साल से इन आतंकियों पर नजर रख रही थी। पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ है कि ये आतंकी आईएसआईएस से जुड़े हुए हैं और देश में बड़े पैमाने पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की तैयारी में थे। फिलहाल तीनों आतंकियों से पूछताछ जारी है और एटीएस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी हुई है। इधर जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद के खिलाफ केंद्रीय और राज्य पुलिस की संयुक्त कार्रवाई तेज हो गई है। अभियान के दौरान पुलिस को हथियारों के पार्ट्स और कई डिजिटल डिवाइस जैसे मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है।*


आरोपियों की तस्वीर आई सामने

### ऑपरेशन सिंदूर की मार से तड़प रहे आतंकी

*पाकिस्तान के आतंकवादी 6-7 मई की रात और उसके बाद 9-10 मई की रात पाकिस्तान पर किए गए बड़े हमले से बौखलाए हुए हैं। लश्कर कमांडर सैफुल्लाह अपने भाषण में पाकिस्तानी फौज की झूठी बहादुरी की डींगे भी हांक रहा है। वह कह रहा है कि पहले भारत पाकिस्तान पर चढ़ा रहता था...और अमेरिका भी उसके साथ खड़ा रहता था, लेकिन 10 मई की रात पाकिस्तान ने जब भारत पर हमला किया तो पूरी दुनिया ने उसका दमखम देखा। आप लोगों ने पूरी दुनिया को बता दिया कि हममें कितनी ताकत है। लश्कर आतंकी ने अपनी पीठ थपथपाते कहा कि 10 मई को पाकिस्तान की बहादुरी ने परिदृश्य बदल दिया है...अब पाकिस्तान नई ताकत बनकर उभरा है। लिहाजा अमेरिका भी अब हमारे साथ है और बांग्लादेश भी अब पाकिस्तान की ओर खिंचा आया है, जिसे भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अलग कर दिया था। लश्कर आतंकी ने आगे कहा कि हमारे संगठन पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) में भी सक्रिय हैं। आप लोग भी जिहाद में शामिल होइये। ताकि भारत को जवाब दिया जा सके।*

**कठुआ में आतंकियों मददगारों पर गाज, 2 एसपीओ बर्खास्त**

*जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकवादियों से संबंधों के आरोप में दो विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं, सोपोर में लगातार दूसरे दिन ओवरग्राउंड वर्कर्स और आतंकी सहयोगियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया।*




### अमेरिका और रूस में परमाणु हथियारों की शुरू हो गई नई रेस!



**मॉस्को।** दुनिया में एक बार फिर परमाणु परीक्षणों की रेस शुरू होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद अब रूस ने कहा है कि परमाणु परीक्षणों को लेकर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निर्देश पर काम किया जा रहा है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने की व्यवहार्यता का अध्ययन करने के बारे में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नवीनतम निर्देशों पर काम किया जा रहा है। पांच नवंबर को सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान, जिसमें लावरोव अनुपस्थित थे, पुतिन ने विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, खुफिया सेवाओं और नागरिक एजेंसियों को निर्देश दिया था कि यदि अमेरिका 'व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि' (सीटीबीटी) के तहत परमाणु परीक्षणों पर रोक का पालन नहीं करता है, तो रूस द्वारा परमाणु हथियार परीक्षणों की तैयारी की संभावना पर प्रस्ताव सौंपे।

### मलेशिया के तट पर डूबा,10 लोगों की बची जान, 290 लापता

**कुआलालंपुर।** म्यांमार से लगभग 300 प्रवासियों को ले जा रही एक नाव थाईलैंड और मलेशिया की सीमा के पास हिंद महासागर में पलट गई। इससे हाहाकार मच गया। इस घटना में सिर्फ 10 लोगों को बचाया जा सका है। जबकि रेस्क्यू टीम ने एक व्यक्ति का शव समुद्र में तैरता हुआ बरामद किया है। अन्य सभी लोग अभी लापता हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही टीम को नाव डूबने की घटना की जानकारी तत्काल नहीं मिल सकी। इस वजह से सैकड़ों लोग लापता हैं। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि नाव के डूबने का समय और सटीक स्थान का तत्काल पता नहीं चल सका। इसलिए अधिकांश लोग लापता हो गए।

